@Qpatrika | @qaumipatrika hindi | instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

बुधवार, 23 अप्रैल 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 162 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## सरकार ने हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाने के आदेश पर लगाई रोक

मुंबई, 22 अप्रैल। महाराष्ट्र सरकार ने कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य बनाने के अपने आदेश पर रोक लगा दी है। इस मामले में एक नया सरकारी आदेश (जीओ) जारी किया जाएगा। राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह फैसला उस समय वापस लिया गया है, जब कुछ ही दिन पहले महाराष्ट्र सरकार की भाषा सलाहकार समिति ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस निर्णय को वापस लेने की सिफारिश की थी। सरकार ने बीते गुरुवार को फैसला किया था कि राज्यभर के मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ना अनिवार्य होगा। यह दो भाषाओं के अध्ययन की प्रथा से अलग है। वहीं राज्य की राजनीतिक पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने सरकार के इस फैसले की निंदा की थी। मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने कहा था कि उनकी पार्टी इस फैसले का कड़ा विरोध करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि इसे लागू न किया जाए। कक्षा 1 से 5 के लिए तीन-भाषा फॉर्मूला राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत नए पाठ्यक्रम कार्यान्वयन का एक हिस्सा है। राज्य स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूली शिक्षा के लिए एनईपी 2020 की सिफारिशों के अनुसार तैयार किए गए नए पाठ्यक्रम ढांचे के चरणबद्ध कार्यान्वयन की योजना घोषित की है। राज ठाकरे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि मनसे इस फैसले को बर्दाश्त नहीं करेगी। हम केंद्र सरकार के हर चीज को हिंदीकृत करने के मौजूदा प्रयासों को इस राज्य में सफल नहीं होने देंगे। हिंदी कोई राष्ट्रीय भाषा नहीं है। यह देश की अन्य भाषाओं की तरह एक राज्य की भाषा है। इसे महाराष्ट्र में शुरू से ही क्यों पढ़ाया जाना चाहिए? उन्होंने आगे कहा, आपका त्रिभाषी फॉर्मूला जो भी हो, उसे सरकारी मामलों तक सीमित रखें, इसे शिक्षा में न लाएं। मनसे प्रमुख ने कहा, आपने महाराष्ट्र पर दूसरे क्षेत्र की भाषा क्यों थोपना शुरू कर दिया है? भाषाई क्षेत्रीयकरण के मूल सिद्धांत को कमजोर किया जा रहा है।

# नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा: पीएम मोदी

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 22 अप्रैल। दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटक स्थल पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादी हमले में कई लोगों मौत हो गई और कम से कम 20 लोग घायल हो गए। पीएम मोदी ने हमले की निंदा करते हुए दुख जताया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा- मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। पीएम मोदी ने आगे लिखा- इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा...उन्हें बख्शा नहीं जाएगा! उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस हमले पर दुख जताया है। राष्ट्रपति भवन की तरफ से किए गए पोस्ट में लिखा गया- जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकवादी हमला चौंकाने वाला और दर्दनाक है। यह एक नृशंस और अमानवीय कृत्य है जिसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। निर्दोष नागरिकों, इस मामले में पर्यटकों पर हमला करना बेहद भयावह और अक्षम्य है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। इससे पहले पीएम मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जानकारी ली थी। इसके साथ ही पीएम मोदी ने गृह मंत्री को जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर का दौरा करने का निर्देश दिया था। वहीं पीएम मोदी से बातचीत के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी, जिसमें जम्मू-कश्मीर के कई वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े थे। जानकारी के मुताबिक, इस बैठक के बाद गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर के लिए रवाना हो गए हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर पीएम मोदी के साथ-साथ गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा, जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला, पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती समेत देश भर के तमाम नेताओं ने दुख जताया है। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में एक बेहद ही दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है। वीडियो इतना भयावह है कि हम आपको दिखा नहीं सकते लेकिन जो बात वीडियो में कही गई है वो बता रहे हैं। एक महिला रोती हुई मदद मांग रही है वह वहां मौजूद किसी स्थानीय व्यक्ति से कह रही है कि आतंकी धर्म पूछ-पूछकर लोगों को गोली मार रहे थे। मैं और मेरे पति यहां पर बैठकर भेल खा रहे थे। इस बीच आतंकी आते हैं और कहते हैं ये मुस्लिम नहीं लग रहे, इन्हें मार दो और मेरे पति को गोली मार दी। वहीं एक अन्य महिला कहती हुई नजर आ रही है कि मेरे पति को बचा लो...वो वहां पर पड़े हैं। वहीं एक अन्य महिला अपने पति को कुर्सी पर बैठाए हुए है और कहती हुई नजर आ रही है कि प्लीज मेरी मदद करो। इन्हें गोली लगी है। वीडियो में एक अन्य महिला कहती हुई नजर आ रही है कि कोई मेरे बेटे को बचाए। इस पर स्थानीय व्यक्ति पूछता है कि कहां है आपका बेटा। महिला घास के मैदान की तरफ इशारा करके बताती है कि वहां है। इस पर स्थानीय कहता है कि आप चिंता मत करो हम हैं आपकी मदद के लिए।



## न्यायिक नियुक्तियों को लेकर दुबे का कांग्रेस पर हमला

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 22 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस के शासनकाल में उच्च न्यायपालिका में नियुक्तियों पर सवाल उठाए। इस पर विपक्षी पार्टी ने पलटवार किया और कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), जनसंघय और भाजपा द्वारा न्यायिक प्रक्रिया, अदालतों और न्यायधीशों का शर्मनाक राजनीतिक इस्तेमाल इतिहास में दर्ज है। दुबे ने उच्च न्यायपालिका में नियुक्तियों को लेकर कांग्रेस पर हमला करने के लिए पूर्व राज्यसभा सदस्य और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बहरुल इस्लाम का उदाहरण दिया। भाजपा सांसद ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस की संविधान बचाओ की एक मजेदार कहानी। असम में बहरुल इस्लाम साहब ने 1951 में कांग्रेस की सदस्यता ली,तुष्टिकरण के नाम पर



कांग्रेस ने उन्हें 1962 में राज्यसभा का सदस्य बना दिया। सेवाभाव के लिए छह साल बाद उन्हें दोबारा 1968 में राज्य सभा का सदस्य बनाया। इनसे बड़ा चमचा कांग्रेस को नजर नहीं आया। राज्यसभा से इस्तीफा दिलाए बिना 1972 में हाईकोर्ट का जज बना दिया। फिर 1979 में असम हाई कोर्ट का कार्यवाहक चीफ जस्टिस बना दिया। दुबे ने आगे लिखा, बेचारे 1980 में सेवानिवृत्त हो गए। लेकिन यह तो कांग्रेस है। जनवरी 1980 में सेवानिवृत्त जज को दिसंबर 1980 में सीधे सुप्रीम कोर्ट का जज बना दिया। 1977 में इंदिरा गांधी के ऊपर लगे सभी भ्रष्टाचार के मामले इन्होंने तन्मयता से खत्म किए। फिर खुश होकर कांग्रेस ने इन्हें 1983 में सुप्रीम कोर्ट से सेवानिवृत्त कर कांग्रेस से तीसरी बार राज्यसभा का सदस्य 1983 में ही बना दिया। मैं कुछ नहीं बोलूंगा? इससे पहले एक अन्य पोस्ट में भाजपा सांसद ने लिखा, क्या आपको पता है कि 1967-68 में भारत के मुख्य न्यायाधीश कैलाशनाथ वांचू ने कानून की कोई पढ़ाई नहीं की थी। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने भाजपा सांसद पर पलटवार करते हुए कहा कि दुबे ने शायद गुमान मल लोढ़ा का नाम सुना ही नहीं होगा और अगर सुना भी होगा, तो उसका जिक्र नहीं करेंगे। खेड़ा ने कहा, वो (लोढ़ा) 1969 से 1971 तक जनसंघ राजस्थान के अध्यक्ष थे। 1972 से 1977 तक वे राजस्थान विधानसभा के सदस्य रहे और कई समितियों के प्रमुख भी रहे। इसके बाद, जनसंघ की कृपा से जनता पार्टी सरकार में वे 1978 में राजस्थान हाई कोर्ट के जज बने। मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। 1988 में, गुमान मल को गुवाहाटी हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बना दिया गया। जब वे गए, तो उन्हें जनसंघ और भाजपा के टिकट पर तीन बार सांसद बनाया गया।

## ताजमहल की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली, 22 अप्रैल। ताजमहल की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल ताजमहल पर प्रदूषण और औद्योगिक इकाइयों के प्रभाव को लेकर शीर्ष अदालत ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (ह्वश्वश्वक्त्रढ्ढ) को कांच उद्योग के ताजमहल पर प्रभाव का आकलन करने के लिए कहा है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने एनईईआरआई (ह्वश्वश्वक्त्रढ्ढ) को मूल्यांकन पूरा करने की समयसीमा बताते हुए एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित सभी सरकारी एजेंसियों को इस काम में नीरी की सहायता करनी चाहिए। पीठ ने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि इन उद्योगों से कितना प्रदूषण हो रहा है। अगर हमें पता चलता है कि ये उद्योग प्रदूषण फैला रहे हैं तो हम इन इकाइयों को स्थानांतरित करने का आदेश देने में संकोच नहीं करेंगे। प्रदूषण की सीमा के बारे में जांच की आवश्यकता है। इसके बाद कोर्ट ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को एक टीम गठित करने का निर्देश दिया। यह टीम राज्य की ओर से दाखिल हलफनामे में उल्लिखित उद्योगों का दौरा करेगी और इन उद्योगों से होने वाले प्रदूषण के पहलू की जांच करेगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि पांच उद्योगों का अध्ययन पूरा करने के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा ताकि उचित निर्देश जारी किए जा सकें। इससे पहले शीर्ष अदालत ने ताजमहल और उसके आसपास पर्यावरण संरक्षण के लिए ताज ट्रेपेज़ियम ज़ोन (टीटीजेड) प्राधिकरण की निंदा करते हुए पूछा था कि क्या इस प्रतिष्ठित स्मारक का संरक्षण एक तमाशा है या मजाक।

# जनता के मुद्दों पर चर्चा करने में बुराई नहीं: शरद पवार

**सौरभ शर्मा**

पुणे, 22 अप्रैल। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को अपने भतीजे और उप मुख्यमंत्री अजित पवार से हाल की मुलाकातों के बाद फिर से एक साथ होने की अटकलों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रतिनिधियों से जनता से जुड़े मुद्दों पर बात करने में कुछ भी गलत नहीं है। बारामती में पत्रकारों से बात करते हुए शरद पवार ने राज्य में बढ़ते जल संकट पर चिंता जताई और आने वाले कुछ महीनों तक पानी का समझदारी से उपयोग करने की सलाह दी। पिछले पंद्रह दिनों में शरद पवार ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार से तीन बार मुलाकात की है। सोमवार को पुणे में कृषि और चीनी उद्योग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर चर्चा के लिए दोनों एक साथ मंच पर नजर आए, जिसके बाद सियासी गलियारों में उनके फिर से एक होने की अटकलें तेज हो गईं। शरद पवार ने कहा कि सोमवार की बैठक चीनी उत्पादन में एआई के उपयोग पर चर्चा के लिए थी। उन्होंने कहा, हम कई वर्षों से गन्ने के उत्पादन को बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। अलग-अलग काम करने से बात नहीं बनेगी, क्योंकि सरकार की भूमिका भी उतनी ही जरूरी है। आम जनता से जुड़े मुद्दों पर राज्य सरकार के प्रतिनिधियों से बात करने में कोई बुराई नहीं है। शरद पवार ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे के बीच सुलह की अटकलों पर टिप्पणी करने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि यह पारिवारिक मामला है और उनके पास इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बारामती स्थित विद्या प्रतिष्ठान में एक बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में अजित पवार की पत्नी और राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार और उनके भतीजे युगेंद्र पवार भी मौजूद थे। युगेंद्र पवार को अपने जन्मदिन के मौके पर सुनेत्रा पवार के पैर छूते हुए आशीर्वाद लेते देखा गया। जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, राजनीतिक मतभेदों के बावजूद मेरे चाचा (अजित पवार) और चाची के प्रति मेरा स्नेह और सम्मान कभी कम नहीं हुआ है। शरद पवार और अजित पवार के बीच रिश्ते जुलाई 2023 में तब बिगड़ गए, जब अजित पवार राकांपा में विभाजन कर महायुति सरकार में शामिल हो गए। राकांपा के कई विधायक अजित पवार के खेमे में चले गए, जिससे शरद पवार को अपने सियासी जीवन के सबसे बड़े संकट का सामना करना पड़ा।



## हेराल्ड मामले से ध्यान भटकाने के लिए कर रहे हैं निर्वाचन आयोग पर हमला

नई दिल्ली, 22 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता नलिन कोहली ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुनाव आयोग पर की गई टिप्पणी की कड़ी आलोचना की है। नलिन कोहली ने राहुल गांदी पर नेशनल हेराल्ड मामले से ध्यान हटाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता नलिन कोहली ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में गांधी परिवार पर इस मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप भी लगाया। कोहली ने कहा, गांधी परिवार ने नेशनल हेराल्ड मामले पर पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है, जबकि दूसरी ओर (पी) चिदंबरम जैसे वरिष्ठ कांग्रेस नेता बचाव में दलीलें पेश करने में जुटे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, निर्वाचन आयोग, भारत में लोकतंत्र और चुनावों के आयोजन को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी यह साबित करती है कि कांग्रेस देश की संस्थाओं पर हमला करके नेशनल हेराल्ड मामले से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। कोहली ने कहा कि चुनाव आयोग का रिकॉर्ड बेदाग है और राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा सहित कई लोग चुनाव जीते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, नेहरू-गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी अपने राजनीतिक एवं व्यक्तिगत हितों के लिए भारत की संस्थाओं पर भी निशाना साधने को तैयार हैं। राहुल ने पिछले रविवार को अमेरिका में एक कार्यक्रम में निर्वाचन आयोग पर समझौता कर लेने का आरोप लगाया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत के आंकड़ों का हवाला देते हुए निर्वाचन आयोग पर हमला किया था, जिसे लेकर सत्तारूढ़ भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए उन्हें देशद्रोही बताया था।

# सीएम रेखा ने लॉन्च किया हीट एक्शन प्लान 2025

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 22 अप्रैल। दिल्ली की मुख्यमंत्री सीएम रेखा गुप्ता ने हीट एक्शन प्लान 2025 लॉन्च किया। इस बार का एक्शन प्लान तकनीकी सहयोगियों, शैक्षणिक संस्थानों, एनजीओ, शासन, प्रशासन और जनभागीदारी का समावेश है। हीट वेब से दिल्ली के हर व्यक्ति को सुरक्षित रखना लक्ष्य है। खासकर बाहर काम करने वाले लोगों और कामगारों को सुरक्षित रखने पर फोकस है। दिल्ली सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में सीएम रेखा गुप्ता के अलावा कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, पंकज सिंह, एनडीएमए अध्यक्ष, दिल्ली सरकार के सचिव, सभी 11 जिलों के डीएम मौजूद रहे। सीएम रेखा गुप्ता ने सिविल सर्विस डे की बधाई दी। उन्होंने कहा, शासन-प्रशासन के सहयोग से विकसित दिल्ली, विकसित भारत के लिए काम कर सकते हैं। दिल्ली ऐसी है कि कोई मौसम आता है तो परेशानी भी आती है। बारिश में जलभराव, ठंड में प्रदूषण, दिल्ली का तापमान 52.9 तक गया है। इसलिए दिल्ली की तैयारियां उसी स्तर की होनी चाहिए। हीट वेब से बचाव के एक बहुत बड़ा प्लान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने दिया है। हमने कैबिनेट से इसपर चर्चा की है। हमारा जो पुराना कल्चर रहा है, उसपर काम करने की जरूरत है। छबील लगाना, प्याऊ लगाना, शरबत बांटना चालू करना होगा। इसीलिए सरकार सभी सरकारी बिल्डिंग में 3000 वाटर कूलर लगाने जा रही है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, इसमें सरकार, सीएसआर, एनजीओ मिलकर काम करेंगे। जगह-जगह पर कूलिंग शेल्टर, फुटपाथ पर शेड्स, बस स्टॉप पर शेड्स, आईएसबीटी पर, सरकारी बिल्डिंग में कूल रूफ करेंगे। लोगों को भी अपने घरों में ग्रीन रूफिंग करनी चाहिए, जहां भी जगह मिले पौधे लगाने की कोशिश करनी है। दिल्ली सरकार मौसम विभाग हीट वेब एलर्ट जारी करेंगे, बड़े अस्पतालों में हीट वेब वार्ड बनाए जाएंगे। झुग्गी बस्ती में ठंडी छांव बनाई जाएगी, कम आय के लोगों को बचाने के लिए सर्वाधिक काम किया जाएगा। इसलिए केंद्र से दिल्ली सरकार को मिले 1800 आपदा मित्र लगाए जाएंगे। बस अड्डे, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर वाटर कूलर, मिनरल वाटर डिस्पेंसर लगाए जाएंगे। हमारे लिए हर जान कीमती है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मिलकर काम करेंगे। दिल्ली हीट एक्शन प्लान की किताब बहुत मोटी बनी है, लेकिन मैं चाहता हूं कि शब्दों से ज्यादा जमीन पर काम नजर आना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली को पानी पर्याप्त मिलता है, लेकिन पानी में लीकेज है, पानी की चोरियां हो रही हैं, इसीलिए जीपीएस टैंकर सेवा शुरू किया है, सभी टैंकर में सेंसर जल्द लग जाएंगे। दिल्ली में प्याऊ घट गए हैं, इंसान के साथ पशु, पक्षियों को भी पानी मिलना चाहिए। हमें इसका भी ध्यान रखना है। पीडब्ल्यूडी रोड पर वाटर एटीएम लगाएंगे, बस स्टैंडों, दिल्ली सरकार की सभी भवन, सभी स्कूल पर पानी का प्याऊ लगा रहे हैं।




# शिक्षक काम पर लौटिए, वेतन की व्यवस्था करेंगे

**नरेश मल्होत्रा**

कोलकाता, 22 अप्रैल। पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती विवाद अब और तेज हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद लगभग 26,000 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियां रद्द कर दी गईं, जिसके बाद हजारों शिक्षक सड़क पर उतर आए हैं और वेस्ट बंगाल स्कूल सर्विस कमिशन (ड्ढक्क्स्स्ष्ट) मुख्यालय के बाहर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि आयोग यह स्पष्ट करे कि किसे मेरिट के आधार पर चुना गया और किसे घूस देकर नियुक्त किया गया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को उन शिक्षकों से काम पर लौटने की अपील की। साथ ही भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उनके वेतन की रक्षा करेगी और उनकी नौकरी भी अभी सुरक्षित है। ममता बनर्जी ने मिदनापुर में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान कहा आपको ये सोचने की जरूरत नहीं कि कौन दागी है और कौन नहीं। इसकी जिम्मेदारी अदालत और सरकार की है। ममता बनर्जी ने आगे कहा कि आप बस ये सोचिए कि आपकी नौकरी बनी हुई है और आपको समय पर वेतन मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम आपके साथ हैं। कृपया अपने स्कूल वापस जाएं और पढ़ाई फिर से शुरू करें। मैं इस मुद्दे पर लगातार बात कर रही हूं। आपकी नौकरी फिलहाल सुरक्षित है। इसके साथ ही ममता बनर्जी ने यह भी घोषणा की कि वह मई के पहले सप्ताह में मुर्शिदाबाद के अशांत क्षेत्रों का दौरा करेंगी। बढ़ते मामले को देखते हुए राज्य के शिक्षा मंत्री ने भी कहा कि योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की सूची जल्द ही जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि दो सप्ताह में यह सूची प्रकाशित कर दी जाएगी।



ब्रत्य बसु ने आगे कहा कि प्रदर्शनकारियों से कहा कि हमें ऐसे कदम उठाने के लिए मजबूर न करें जो सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर की जाने वाली समीक्षा याचिका को कमजोर कर दें। गौरतलब है कि चिलचिलाती धूप में करीब 2,000 से अधिक प्रदर्शनकारी एसएससी मुख्यालय के बाहर जमा हो गए। उन्होंने आयोग के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार को भी इमारत के अंदर रोक लिया। प्रदर्शनकारी योग्यता के आधार पर भर्ती किए गए उम्मीदवारों की सूची जारी करने की मांग कर रहे हैं, साथ ही उन आरोपों की जांच करने की भी मांग कर रहे हैं, जिनके तहत कुछ उम्मीदवारों ने कथित तौर पर रिश्वत देकर नौकरी पाई थी। कुछ शिक्षकों ने आरोप लगाया कि वे कई वर्षों से सेवा दे रहे हैं और अब उन्हें अचानक अयोग्य कहा जा रहा है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है। साथ ही विरोध कर रहे शिक्षकों का ये भी कहना है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे। प्रदर्शनकारियों में एक ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि हमें अब कुछ भी खोने को नहीं है। हमारा आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता। साथ ही एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा कि अगर हमें खुले आसमान में भूखा रहना पड़ता है, तो वे लोग जो एसी कमरों में बैठे हैं, उन्हें भी हमारी गर्मी महसूस करनी चाहिए। वहीं भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय ने भी आंदोलन का समर्थन किा। उन्होंने कहा कि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता होनी चाहिए और शिक्षकों को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए। देखा जाए तो अब सबकी नजरें सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार द्वारा दायर की जाने वाली समीक्षा याचिका और आयोग द्वारा सूची जारी किए जाने पर टिकी हैं।

## अगर ईडी मुझे बुलाएगी तो मैं भी जानें को तैयार: प्रियंका

नई दिल्ली, 22 अप्रैल। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने नेशनल हेराल्ड और पति रॉबर्ट वाड्रा को मिले ईडी के समन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मेरे पति रॉबर्ट वाड्रा ईडी के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं; अगर बुलाया गया तो मैं जाने के लिए तैयार हूं। इस दौरान प्रियंका ने कहा कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से आमंत्रण का इंतजार कर रही हैं और आश्चर्य जताया कि उन्हें अभी तक क्यों नहीं बुलाया गया। नेशनल हेराल्ड मामले और रॉबर्ट वाड्रा से ईडी की पूछताछ पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, मुझे लगता है कि पीएम के सलाहकार इन दिनों गलत सलाह दे रहे हैं। जनता सच्चाई समझती है और एजेंसियों का दुरुपयोग कैसे किया जा रहा है...मेरे पति से (ईडी द्वारा) पूछा जा रहा है कि उन्होंने 17 साल पहले अपनी मां को 4 लाख रुपये क्यों दिए। ये किस तरह के सवाल हैं? नेशनल हेराल्ड (मामले) में भी, सब कुछ लोगों के सामने है...यह सब राजनीतिक कारणों से किया जा रहा है। सभी आरोप झूठे हैं...पीएम को अपनी रणनीति में बदलाव करना चाहिए। वहीं भाजपा के इस आरोप को खारिज करते हुए कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने एनजीओ यंग इंडियन शुरू करके नेशनल हेराल्ड की 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति हड़पने की कोशिश की, इस पर उन्होंने कहा कि कोई भी इन संपत्तियों को बेच नहीं सकता है या अपने उत्तराधिकारी या किसी और को नहीं दे सकता है। उन्होंने कहा कि यह उनके नाम पर भी नहीं है। प्रियंका गांधी ने कहा, फिर इसे संपत्ति हड़पना कैसे कहा जा सकता है? उन्होंने दावा किया कि आरोप झूठ का पुलिंदा है। हरियाणा में वर्ष 2008 में भूमि सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की तरफ से अपने पति रॉबर्ट वाड्रा से की गई पूछताछ का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें बार-बार बुलाया जा रहा है और उनसे अप्रासंगिक सवाल पूछे जा रहे हैं, जैसे कि उन्होंने 17 साल पहले अपनी मां को 4 लाख रुपये क्यों दिए थे।




## अमेरिका में हवाई अड्डे पर एयरबस ए330 में लगी आग

एजेंसी
**वाशिंगटन।** अमेरिका के ऑरलैंडो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डेल्टा एयर लाइन्स एयरबस ए330 में आग लग गई, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फॉक्स35 प्रसारक ने संघीय उड्डयन प्राधिकरण (एफएए) का हवाला देते हुए बताया कि विमान में फसे 200 से अधिक लोगों को निकाला गया। एफएए के आंकड़ों के अनुसार, एयरबस ए330 282 यात्रियों, 10 फ्लाइट अटेंडेंट और दो पायलटों के साथ ऑरलैंडो से अटलांटा के लिए उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। जैसे ही विमान चलना शुरू हुआ, लोगों ने इंजन के टेलपाइप में आग की लपटें देखीं। फॉक्स35 ने बताया कि निकासी के बाद, सभी यात्रियों को वापस टर्मिनल पर ले जाया गया। प्रसारक ने घटना का एक वीडियो भी प्रकाशित किया। यात्री आपातकालीन स्लाइड के माध्यम से विमान से बाहर निकल रहे थे, तभी अग्निशमन दल वहां पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। फॉक्स35 ने बताया कि घटना में किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। घटना के कारणों की पुष्टि नहीं की गई है। फॉक्स35 ने डेल्टा एयर लाइन्स के हवाले से बताया कि रखरखाव टीमें आग के कारण का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं।

## टेक्सास वॉलमार्ट में 23 लोगों की हत्यारे शूटर को नहीं दी जायेगी मौत की सजा

**ह्यूस्टन।** अमेरिकी राज्य टेक्सास के एल पासो में वॉलमार्ट में 2019 में हिस्पैनिक प्रवासियों को निशाना बनाकर किए गए हमले में 23 लोगों की हत्या करने वाले शूटर पैट्रिक क्रूसियस को राज्य की अदालत में दोषी ठहराए जाने के बाद मौत की सजा नहीं दी जाएगी। इसके बजाय, उसे लगातार 23 आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।



एल पासो डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी जेम्स मोंटोया के कार्यालय ने पिछले महीने क्रूसियस को मौत की सजा से बचने के लिए दलील पेश की थी। श्री मोंटोया ने उस समय कहा कि उनका व्यक्तिगत रूप से मानना ??है कि क्रूसियस को मृत्युदंड दिया जाना चाहिए, लेकिन मृत्युदंड से मुकदमे में और भी देरी होगी, उन्होंने कहा कि अधिकांश पीड़ित परिवार केवल मामले को बंद करना चाहते हैं। क्रूसियस को दोषी ठहराए जाने के बाद उसके संघीय मुकदमे में 2023 में 90 आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। 2019 का अमेरिका में सबसे घातक गोलीबारी की घटनाओं में से एक है।

## नासा, स्पेसएक्स ने अंतरिक्ष स्टेशन के लिए पुनः आपूर्ति मिशन शुरू किया

**लॉस एंजिल्स।** नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) और स्पेसएक्स ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए एक नया वाणिज्यिक पुनः आपूर्ति सेवा मिशन शुरू किया। स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने दक्षिण-पूर्वी अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से पूर्वी समयानुसार सुबह 4:15 बजे उड़ान भरी। यह पूर्वी समयानुसार सुबह लगभग 8:20 बजे आईएसएस के साथ स्वायत्त रूप से डॉक करने वाला है। यह मिशन परिक्रमा करने वाली प्रयोगशाला में वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगा।नासा के अनुसार स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में दृष्टि-आधारित नेविगेशन, अंतरिक्ष यान की वायु गुणवत्ता, दवा और उत्पाद निर्माण के लिए सामग्री और प्रकाश संश्लेषण पर कम निर्भरता के साथ पौधों की वृद्धि को आगे बढ़ाने पर केंद्रित प्रयोग हैं। यह प्रक्षेपण स्पेसएक्स के साथ साझेदारी में किए गए नासा के 32वें वाणिज्यिक पुनः आपूर्ति मिशन को चिह्नित करता है।

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री यूरोपीय संघ के साथ प्रमुख व्यापार समझौते के करीब

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर यूरोपीय संघ के साथ ब्रिटिश हथियार कंपनियों को यूरोपीय सहयोगियों को अरबों पाउंड के हथियार बेचने की अनुमति देने वाले एक प्रमुख व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब हैं। द टाइम्स अखबार की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी।



प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया कि ब्रिटेन की कंपनियां यूरोपीय संघ के साथ नए संबंध बनाने के स्टारमर के इरादे के तहत 150 अरब यूरो ( 172.6 अरब डॉलर ) के नए यूरोपीय रक्षा कोष के लिए बोली लगाने में भी सक्षम होंगी। रिपोर्ट में कहा गया। इसके अलावा, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री न्यूजीलैंड की कंपनी सियोस एयरोस्पेस द्वारा बनाए गए ड्रोन के लिए 3 करोड़ पाउंड ( 4 करोड़ डॉलर ) के सौदे की घोषणा कर सकते हैं। जिसकी हैम्पशायर में एक फैक्ट्री है।

## श्रीलंका में ईस्टर संडे सीरियल बम ब्लास्ट पर राष्ट्रपति आयोग की जांच रिपोर्ट के अध्ययन के लिए समिति गठित

एजेंसी
**कोलंबो।** श्रीलंका की पुलिस ने ईस्टर संडे सीरियल बम ब्लास्ट की जांच के लिए राष्ट्रपति आयोग की अंतिम रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह रिपोर्ट लगभग 67,000 पृष्ठों की है। आयोग की अंतिम रिपोर्ट और सभी संबंधित खंड राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के सीधे निर्देशों के तहत 20 अप्रैल को औपचारिक रूप से आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को सौंपे गए थे। राजधानी कोलंबो में 21 अप्रैल, 2019 को किए गए सीरियल बम ब्लास्ट में कम से कम 200 लोग मारे गए थे। डेली मिरर के अनुसार, श्रीलंकाई पुलिस प्रवक्ता और एसएसपी बुद्धिका मनथुंगा ने कहा कि श्रीलंका पुलिस को पूरी रिपोर्ट मिल गई है और इसकी सामग्री की समीक्षा के लिए वरिष्ठ डीआईजी असंका करविता के नेतृत्व में चार





सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। समिति में सीआईडी के डीआईजी, सीआईडी ??के निदेशक और आतंकवादी जांच प्रभाग के निदेशक भी शामिल हैं। एसएसपी मनथुंगा ने कहा कि निष्कर्षों की गहन जांच के लिए कई उप समितियां भी नियुक्त की जाएंगी। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट से सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नई जांच शुरू की जाएगी। आयोग के निष्कर्षों के आधार पर जिम्मेदार पाए जाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि 21 अप्रैल, 2019 को कोलंबो में ईस्टर पर रविवार को श्रीलंका में आठ जगह बम धमाके हुए। इनमें से छह सीरियल ब्लास्ट थे। इन धमाकों में कम से कम 200 लोगों की मौत हुई थी और करीब 400 लोग घायल हुए थे। शुरुआती जांच में इन हमलों के पीछे कट्टरपंथी मुस्लिम संगठन एनटीजे का हाथ माना गया था। सीरियल ब्लास्ट से करीब 10 दिन श्रीलंका के तत्कालीन पुलिस प्रमुख पुजुत जयसुंदरा ने फिदायीन हमले को लेकर चेतावनी दी थी। जयसुंदरा ने 11 अप्रैल को चेतावनी देते हुए एक विदेशी खुफिया एजेंसी के इनपुट के हवाले से कहा था कि नेशनल थोहीथ जमात (एनटीजे) देश के प्रमुख चर्चों और कोलंबो के भारतीय उच्चायोग पर आत्मघाती हमले की साजिश रच रहा है।

## दक्षिण कोरिया में चीन के दो नागरिक अमेरिकी सैन्य सुविधा के पास फिल्म बनाते गिरफ्तार

एजेंसी
**सियोल।** दक्षिण कोरिया के ग्योंगगी प्रांत के प्योंगटेक में चीन के दो नागरिकों को एक अमेरिकी सैन्य सुविधा के पास फिल्म बनाते हुए पकड़ा गया। एक महीने पहले भी चीन के दो नागरिकों को ग्योंगगी प्रांत के सुवन में एक एयर बेस के पास विमान की तस्वीरें लेते हुए पाया गया था। द कोरिया हेराल्ड अखबार के अनुसार, प्योंगटेक राजधानी सियोल से लगभग 70 किलोमीटर दक्षिण में है। ग्योंगगी नंबू प्रांतीय पुलिस एजेंसी के सुरक्षा जांच प्रभाग ने कहा कि सैन्य सुविधा संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन करने के संदेह में दोनों को हिरासत में लेने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। इन संदिग्धों ने सोमवार सुबह करीब 9 बजे ओसान एयर बेस (इसे के-55 के नाम से भी जाना जाता है) के पास अनधिकृत तस्वीरें लीं। इस्तेमाल किए गए उपकरणों या कैप्चर की गई विशिष्ट सुविधाओं के बारे में विवरण का खुलासा नहीं किया गया। पुलिस ने कहा कि इसके बाद राष्ट्रीय खुफिया सेवा और रक्षा प्रति-खुफिया कमान के सहयोग से जांच की गई। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने भी चीन के किशोरों को डीएसएलआर कैमरों और स्मार्टफ़ोन का उपयोग करके सुवन एयर बेस के पास उड़ान भरने और उतरने वाले विमानों की तस्वीरें लेते हुए पकड़ा गया था। उन्होंने चार सैन्य सुविधाओं पर हजारों तस्वीरें ली थीं। इनमें प्योंगटेक में अमेरिकी बेस और उत्तरी चुंगचियोंग प्रांत के चेओंगजू में एक एयर बेस शामिल है। इनमें से एक किशोर का पिता चीन के सार्वजनिक सुरक्षा ब्यूरो में अधिकारी है।

## बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी नेता एटीएम अजहरुल इस्लाम ने मृत्युदंड की सजा को दी चुनौती

एजेंसी
**ढाका।** जमात-ए-इस्लामी नेता एटीएम अजहरुल इस्लाम ने मृत्युदंड की सजा के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने 1971 में देश के मुक्ति संग्राम के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराधों के लिए अपनी मृत्युदंड की सजा को चुनौती दी है। मुख्य न्यायाधीश सैयद रेफात अहमद की अध्यक्षता वाली अपीलीय खंडपीठ की चार सदस्यीय पीठ ने कहा कि इस न्यायालय की पूर्ण पीठ 6 मई को सुनवाई करेगी। द डेली स्टार अखबार के अनुसार इस्लाम की अपील को आज की वाद सूची में क्रम संख्या 28 के रूप में सुनवाई के लिए शामिल किया गया था। 27 फरवरी को सर्वोच्च न्यायालय ने अजहरुल को मृत्युदंड की सजा को चुनौती देने के लिए उच्चतम न्यायालय के समक्ष नई अपील दायर करने की अनुमति दी थी। अपील की सुनवाई के लिए आज की तारीख तय की थी। सर्वोच्च न्यायालय ने यह आदेश अपने पहले के फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई के बाद पारित किया था। डिवीजन ने भी 31 अक्टूबर, 2019 को अजहरुल की मौत की सजा को बरकरार रखा था। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश सैयद महमूद हुसैन की



अगुवाई वाली चार सदस्यीय पीठ ने बहुमत से फैसला सुनाया था। इसमें अजहरुल इस्लाम को मृत्युदंड देने के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के फैसले को बरकरार रखा गया था। अजहरुल के वकील एहसान ए सिद्दीक और मोहम्मद शिशिर मनीर ने अपीलीय डिवीजन से प्रार्थना की थी कि उनके मुवक्किल की अपील पर 22 अप्रैल को सुनवाई की जाए। अपीलीय

जमात नेता मोतिउर रहमान निज़ामी, अब्दुल क़ादर मोल्ला, मोहम्मद कमरुज्जमां, अली अहसन मोहम्मद मोजाहिद, मीर कासिम अली और बीएनपी नेता सलाउद्दीन कादर चौधरी को 1971 में मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद फांसी दी जा चुकी है।

## भारतीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल दो दिवसीय नेपाल दौरे पर काठमांडू पहुंचे

एजेंसी
**काठमांडू।** भारत के विद्युत, आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ऊर्जा मंगलवार सुबह काठमांडू पहुंचे। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नेपाल के ऊर्जा मंत्रालय के अधिकारियों और काठमांडू में भारतीय दूतावास के प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। अपने प्रवास के दौरान मंत्री मनोहर लाल भारतीय सहायता से निर्मित ऊर्जा बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल 220 केवी कोशी कॉरिडोर ट्रांसमिशन लाइन और तुमलिंगतार, बानेश्वर और बसंतपुर में सबस्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इनरुवा-बसंतपुर-बानेश्वर-टुमलिंग्टर ट्रांसमिशन लाइन और संबंधित सबस्टेशनों का निर्माण दोनों देशों के बीच बिजली व्यापार और ग्रिड स्थिरता को बढ़ाने के लिए भारत सरकार के पूर्ण आर्थिक सहयोग से किया गया है। वह अरुण 3 हाइड्रोपावर परियोजना के पावरहाउस और बांध स्थल का भी दौरा करेंगे, जो पूर्वी नेपाल में निर्माणाधीन भारत से वित्त पोषित



एक प्रमुख उद्यम है। इसके अलावा नए सीमा पार संचरण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए एक संयुक्त कंपनी की स्थापना के लिए एक समझौते के ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। भारतीय मंत्री 23 अप्रैल को मुस्तांग में मुक्तिनाथ के पवित्र तीर्थ स्थल का दौरा करेंगे। वह उसी दिन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और उपप्रधानमंत्री और शहरी विकास मंत्री प्रकाश मान सिंह से भी शिष्टाचार भेंट करेंगे। भारत के लिए रवाना होने से पहले शाम को पशुपतिनाथ मंदिर में प्रार्थना करके अपनी यात्रा समाप्त करेंगे।

## ट्रंप प्रशासन को 133 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों की कानूनी स्थिति बहाल करने का अदालती आदेश

एजेंसी
**वाशिंगटन।** संघीय न्यायाधीश विक्टोरिया एम. कैल्वर्ट ने ट्रंप प्रशासन को मंगलवार शाम पांच बजे तक 133 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों की कानूनी स्थिति बहाल करने का आदेश दिया है। इस संबंध में वादियों ने 18 अप्रैल को जॉर्जिया में यू.एस. डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में गुहार लगाते हुए अस्थायी निरोधक आदेश जारी करने का अनुरोध किया था। अगली सुनवाई गुरुवार को होगी। न्यूज के अनुसार इस मुकदमे की सुनवाई कर रहे संघीय न्यायाधीश विक्टोरिया एम. कैल्वर्ट ने विद्यार्थियों के अनुरोध पर टीआरओ (अस्थायी निरोधक आदेश) जारी किया है। वादियों ने दावा किया है कि उनकी वैधानिकता को अवैध रूप से रद्द कर दिया गया है। यह मुकदमा जॉर्जिया के उत्तरी जिले में एसीएलयू और अन्य समूहों ने दायर किया है। इन समूहों का दावा





किया कि आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन ने 'अचानक और अवैध रूप से' छात्र और विनिमय आगंतुक सूचना प्रणाली पर रिकॉर्ड समाप्त कर दिए हैं। यह डेटाबेस रिकॉर्ड है। इसका उपयोग होमलैंड सुरक्षा विभाग गैर-आप्रवासी छात्रों की निगरानी के लिए करता है। मुकदमे में दावा किया गया कि इन अभिलेखों को समाप्त करके आईसीई (आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन) विद्यार्थियों को निर्वासित कर रहा है। यह कदम छात्रों को अपनी पढ़ाई छोड़ने और स्व-निर्वासन करने के लिए मजबूर करने के लिए उठाया गया है। कई वादियों पर यातायात उल्लंघन का मामूली आरोप भी लगाया गया। हालांकि बाद में यह आरोप हटा दिए गए।इस मुकदमे की सुनवाई के दौरान सरकारी वकीलों ने तर्क दिया कि छात्रों को कोई भी राहत देने से कार्यकारी शाखा का 'आव्रजन पर नियंत्रण' प्रभावित होगा। इस तर्क से असहमत न्यायाधीश ने प्रशासन को आदेश दिया कि वह अनुपालन के बारे में अदालत को सूचित करे। कैल्वर्ट ने सरकार को यह भी आदेश दिया कि वह मुकदमे के अलावा किसी भी कारण से वादी की पहचान का उपयोग न करे।

## पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बस खाई में गिरी, 16 की मौत, 24 घायल

एजेंसी
**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। हादसे में लगभग 24 लोग घायल हो गए। सिंध प्रांत के पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह हादसा जमशोरो जिले में बोला खान पुलिस स्टेशन के पास हुआ। द न्यूज इंटरनेशनल अखबार की वेबसाइट पर आज सुबह जारी खबर में उपायुक्त गजनफर कादरी के हवाले से कहा गया है कि यह बस भील समुदाय के श्रमिकों को ले जा रही थी। यह लोग बलूचिस्तान में गेहूं की कटाई का काम पूरा करने के बाद घर लौट रहे थे। इस हादसे में 16 लोगों की जान चली गई और दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। पुलिस ने पुष्टि की है कि दुर्घटना स्थल से कम से कम 12 शव बरामद किए गए हैं। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि चार घायलों ने जामशोरो के लियाकत यूनिवर्सिटी अस्पताल में दम तोड़ दिया, जिससे मरने वालों की संख्या 16 हो गई। बचाव दल ने



बताया कि घायलों में से पांच को हैदराबाद के सिविल अस्पताल ले जाया गया। मृतकों में चार बच्चे भी शामिल हैं। बचाव अधिकारी ने बताया कि घायलों में से एक की हालत गंभीर है। उपायुक्त कादरी ने बताया कि घायलों में से पांच को बोला खान के तालुका अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## पूर्व सीनेटर बॉब मेनेंडेज की पत्नी नादिन मेनेंडेज भी संघीय रिश्वतखोरी की दोषी

एजेंसी
**वाशिंगटन।** न्यू जर्सी के पूर्व सीनेटर बॉब मेनेंडेज की पत्नी नादिन मेनेंडेज भी संघीय रिश्वतखोरी की दोषी पाई गई हैं। जूरी ने उनके पति की तरह उन्हें भी इसी तरह के अपराधों में दोषी ठहराया है। संघीय वकीलों ने तर्क दिया कि दोनों अपराध में भागीदार रहे हैं। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने राजनीतिक उपकार करने के बदले नकदी, सोने की छड़ें और एक लक्जरी कार स्वीकार की। न्यूज की खबर के अनुसार, सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि नादिन मेनेंडेज अपने पति की योजना में शामिल थीं। जूरी ने शुक्रवार दोपहर को विचार-विमर्श शुरू किया और सोमवार दोपहर अपना फैसला सुनाया। नादिन मेनेंडेज को जून में सजा सुनाई जाएगी। जून में ही उनके पति बॉब को 11 साल की सजा काटने के लिए जेल जाना होगा। नादिन मेनेंडेज ने रिश्वतखोरी की साजिश, ईमानदार



सेवाओं के लिए धोखाधड़ी की साजिश और आधिकारिक अधिकार के नाम पर जबरन वसूली की साजिश समेत 15 आरोपों में खुद को निर्दोष बताया। इनमें से कई आरोपों में अधिकतम 20 साल की जेल की सजा हो सकती है। बॉब मेनेंडेज को पिछले साल संघीय भ्रष्टाचार के मुकदमे में सभी 16 मामलों में दोषी पाए जाने के बाद जनवरी में 11 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। इसी के साथ वह विदेशी एजेंट के रूप में काम करने के लिए दोषी पाए जाने वाले कांग्रेस के पहले मौजूदा सदस्य बन गए। जूरी ने उन्हें न्यू जर्सी के तीन व्यवसायियों से सैकड़ों हजार डॉलर की रिश्वत लेने का दोषी पाया। इसमें सोना, नकदी, मर्सिडीज-बेंज कन्वर्टिबल कार, नादिन मेनेंडेज के घर के लिए भुगतान और अन्य आरोपों में दोषी ठहराया गया है इस फैसले के बाद कार्यवाहक अमेरिकी अटॉर्नी मैथ्यू पोडोल्स्की ने बयान में कहा कि नादिन मेनेंडेज और सीनेटर मेनेंडेज अपराध में बराबर के भागीदार थे। पांच वर्षों की अवधि में नादिन मेनेंडेज ने सभी प्रकार की रिश्वत स्वीकार की। संघीय अभियोजकों के अनुसार, 2018 में नादिन मेनेंडेज ने मिस्र के खुफिया और सैन्य अधिकारियों को तत्कालीन सीनेटर बॉब मेनेंडेज से मिलवाया था। उन्होंने मिस्र को लाभ पहुंचाने के लिए अपने पति के कार्यों के बदले में रिश्वत स्वीकार की।

## अमेरिका में फिलिस्तीन समर्थक खलील की पत्नी ने पहले बच्चे को जन्म दिया, नहीं मिली मिलने की इजाजत

एजेंसी
**वाशिंगटन।** फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारी महमूद खलील की पत्नी डॉ. नूर अब्दुल्ला ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया है। खलील इस समय आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन की हिरासत में है। महमूद खलील ने अपने बेटे से मिलने के लिए न्यू ऑरलियन्स आईसीई ईआरओ फील्ड ऑफिस डायरेक्टर मेलिसा बी हार्पर से अस्थायी रिहाई का अनुरोध किया। उसके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया। एबीसी न्यूज की खबर के अनुसार, महमूद खलील इस समय लुइसियाना के जेना में एक हिरासत केंद्र में बंद है। खलील के वकीलों ने ई-मेल के माध्यम से दो सप्ताह की रिहाई का अनुरोध किया था। वकीलों ने यह भी कहा था कि खलील को रिहाई अवधि में निगरानी में रखा जा सकता है। हार्पर ने अनुरोध को अस्वीकार करते हुए ई-मेल में लिखा, अनुरोध पर विचार करने और मुवक्किल के मामले की समीक्षा के बाद रिहाई के अनुरोध को अस्वीकार किया जाता है। डॉ. नूर अब्दुल्ला ने बेटे को



जन्म के बाद एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया, मेरे बेटे और मुझे महमूद के बिना धरती पर अपने पहले दिन नहीं गुजारने चाहिए। आईसीई (अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन) और ट्रंप प्रशासन ने फिलिस्तीनी स्वतंत्रता के लिए महमूद के समर्थन को चुप कराने के प्रयास में हमारे परिवार से ये अनमोल पल चुरा लिए हैं। उल्लेखनीय है कि कोलंबिया विश्वविद्यालय में छात्र के रूप में महमूद खलील ने गाजा में युद्ध का विरोध करने वाले एक समूह का हिस्सा रहे हैं। खलील ने दिसंबर में कोलंबिया में अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी की है। उन्हें मार्च में कोलंबिया में उनके आवास से आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन ने गिरफ्तार किया था।

## नाइजीरिया में संदिग्ध चरवाहों के हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 72 हुयी

**अबुजा।** नाइजीरिया के केंद्रीय राज्य बेन्यू में संदिग्ध सशस्त्र चरवाहों द्वारा हाल ही में किए गए हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 72 हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य के उकुम स्थानीय सरकारी क्षेत्र में रात के बीच समुदायों में घातक हमले हुए। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि हमलों के दौरान कम से कम 56 लोग मारे गए।

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300


**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया

**वाशिंगटन।** दुनिया के प्रमुख प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में से एक हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के खिलाफ संघीय न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। हार्वर्ड की गिनती दुनिया के सबसे धनी विश्वविद्यालयों में होती है। यह मुकदमा उच्च शिक्षा और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच चल रही लड़ाई के एक बड़े विस्तार का संकेत देता है। संयुक्त राज्य अमेरिका के सभी प्रमुख अखबारों में आज इस मुकदमे की चर्चा है। न्यूयॉर्क टाइम्स व अन्य समाचार पत्रों के अलावा हार्वर्ड विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के अखबार द हार्वर्ड क्रिमसन ने इस मुकदमे की विस्तार से जानकारी दी है। द हार्वर्ड क्रिमसन के अनुसार, हार्वर्ड ने 2.2 बिलियन डॉलर के फंडिंग फ्रीज को लेकर ट्रंप प्रशासन पर मुकदमा दायर किया है। साथ ही व्हाइट हाउस पर हार्वर्ड को उसके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने के लिए दंडित करने के लिए मनमाना और असंवैधानिक अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप प्रशासन ने मुकदमा दायर करने से एक दिन पहले हार्वर्ड से संघीय अनुदान और अनुबंधों में एक और एक बिलियन डॉलर की कटौती करने की घोषणा की। यह पिछले सप्ताह घोषित 2.2 बिलियन डॉलर की मौजूदा कटौती के अतिरिक्त है। संयुक्त राज्य अमेरिका की जिला अदालत में दायर की गई 51 पृष्ठ की शिकायत में 2.2 बिलियन डॉलर की रकम को फ्रीज करने से रोकने और फैसले को गैरकानूनी घोषित करने की मांग की गई



है। शिकायत में कहा गया है, %%हम इस सच्चाई के लिए खड़े हैं कि देश भर के कॉलेज और विश्वविद्यालय अपने कानूनी दायित्वों को स्वीकार कर सकते हैं और उनका सम्मान कर सकते हैं और अनुचित सरकारी हस्तक्षेप के बिना समाज में अपनी आवश्यक भूमिका को सर्वोत्तम तरीके से पूरा कर सकते हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के अध्यक्ष एलन एम. गार्बर 76 ने सोमवार दोपहर अपने सहयोगियों को एक संदेश में इस मुकदमे की जानकारी दी। विश्वविद्यालय ने संघीय एजेंसियों पर नागरिक अधिकार अधिनियम के शीर्षक छह के तहत कानूनी रूप से आवश्यक प्रक्रियाओं को दरकिनार करने का भी आरोप लगाया है। गार्बर का आरोप है कि ट्रंप प्रशासन ने कैंपस में यहूदी विरोधी भावना की चिंताओं को बहाने यह सब किया है। किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई करने से पहले कानून का पालन जरूरी है। गार्बर ने अपने संदेश में यहूदी विरोधी भावना और इस्लामोफोबिया से निपटने पर दो राष्ट्रपति कार्य बलों की लंबे समय से प्रतीक्षित अंतिम रिपोर्ट जल्द जारी करने का भी वादा किया है। अदालत में हार्वर्ड का प्रतिनिधित्व रॉबर्ट के. हूर 95 और विलियम ए. बर्क करेंगे। दोनों ही वकील राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से गहरे संबंध रखते हैं। हूर को ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस में नियुक्त किया था। बर्क ने ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के लिए वकील के रूप में काम किया है। मुकदमे के अनुसार, रोप्स एंड ग्रे और लेहटोस्की केलर कोहन लॉ फर्म से जुड़े वकील भी हार्वर्ड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में लोक सेवकों की अहम भूमिका : उपायुक्त मीणा

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश में मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में लोक सेवकों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि सरकार को लोक सेवकों से बहुत अपेक्षाएं और उम्मीदें होती हैं। लोक सेवकों की भागीदारी से ही संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सुशासन संभव है। सिविल सेवकों के माध्यम से सरकार नीतियों और कार्यक्रमों का संचालन सुचारू रूप से कर पाती है। ऐसे में अधिकारी और कर्मचारी जनसेवा के रूप में कार्य करें और सरकार की अपेक्षाओं व उम्मीदों पर खरा उतरें। सिविल सेवा दिवस लोक सेवकों को बदलते समय की चुनौतियों के साथ भविष्य के लिए आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि सिविल सेवक प्रशासन के महत्वपूर्ण अंग होते हैं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं व अन्य जानकारियों को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग एक प्रभावी और सशक्त माध्यम है। जनसंपर्क विभाग प्रशासन को अधिक विश्वसनीय और पारदर्शी बनाता है जिससे सुशासन सशक्त बनता है। यह विभाग आम नागरिकों तक तक सही जानकारी पहुंचाकर और उन्हें भ्रामक और फर्जी खबरों से सावधान कर लोकतंत्र की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क विभाग सरकार, प्रशासन व जनता के बीच कड़ी का काम करना है।

## तावडू में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, मामला दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के गांव धुलावट के समीप एक तेज रफ्तार कंटेनर ने साइड में बाइक के साथ खडे युवक को टक्कर मार दी। इस सड़क दुर्घटना में जहां युवक की मौके पर मौत हो गई, वहीं बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मृतक युवक के चाचा की शिकायत पर कंटेनर के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव धुलावट निवासी तौफीक अहमद ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गत 20 अप्रैल को सायं 4 बजे के लगभग उसका भतीजा तारिफ धुलावट बस स्टैंड की साइड होटल के सामने बाईक के पास कच्चे में अपनी साइड खडा था। उसी समय एक कन्टेनर सोहना साइड से तेज रफ्तार व लापरवाही चलाता हुआ आया और उसके भतीजे व बाइक सहित ऊपर चढ़ा दी। उसका भतीजा व बाइक गाड़ी के टायरों के नीचे आ गए। इस सडक दुर्घटना में उसके भतीजे की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं ड्राईवर गाडी को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने तौफीक अहमद की शिकायत पर गाड़ी के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## डिहाइड्रेशन से बचने के लिए खूब पानी पीएं व धूप में घरों से जरूरत होने पर ही निकलें, डाक्टर चौधरी

**तावडू।** भीषण गर्मी के चलते शरीर में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन बीमारी होने का डर बना रहता है। इसलिए नियमित स्वच्छ पानी का सेवन करना चाहिए। यह जानकारी डॉक्टर आर ए चौधरी ने एक भेंट के दौरान दी। उन्होंने बताया कि हमारा पूरा शरीर सत्तर प्रतिशत पानी से बना हुआ है, अगर शरीर में पानी की कमी हो जाए तो डिहाइड्रेशन हो जायेगा। डिहाइड्रेशन से हमारे शरीर में मिनरल जैसे कि सोडियम और पोटाशियम की कमी हो जाती है। जिससे मांसपेशियों और नसों की कार्य करने की क्षमता कम हो जाती है। उन्होंने बताया कि आजकल धूप बहुत तेज हो रही है, इसलिए अगर आप धूम में अधिक निकलेगें तो शरीर में पानी की कमी होगी। जिससे आपको डिहाइड्रेशन हो सकता है। गर्मीयों में खूब फलों का सेवन करना चाहिए। इस मौसम में हमारे शरीर को भरपूर पोषण देते है।

## अनुसूचित जाति के बेरोजगारों के आर्थिक उत्थान के लिए मत्स्य पालन विभाग द्वारा दिया जा रहा है विशेष अनुदान : डीसी

**गुरुग्राम।** डीसी अजय कुमार ने बताया कि मत्स्य पालन विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों के लिए वेलफेयर ऑफ शेड्यूल कास्ट फैमिली अंडर फिशरीज सेक्टर स्पेशल कॉम्पोनेंट योजना के अंतर्गत अनुदान के रूप मे वित्तीय सहायता दी जा रही है। इसमें अनुसूचित जाति के व्यक्ति को मछली पालन के लिए पंचायती तालाब पट्ट्टे पर लेने के लिये प्रथम वर्ष पट्टा राशि पर पचास हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अथवा पट्टे की वास्तविक राशि का 50 प्रतिशत का अनुदान प्रदान किया जाता है। वहीं द्वितीय एवं आगामी वर्षो की पट्टा राशि पर 40 प्रतिशत या अधिकतम 40,000 /- रूपये प्रति हेक्टेयर अधिसूचित पानियों में से मछली पकड़ने के लिये ठेकेदारों को स्वीकृत बोली का 50 प्रतिशत अथवा 5,00,000/- रूपए अधिकतम सीमा तक रेहड़ी (स्टोव / गैस, चूल्हा, बर्तन आदि सहित) पर 60,000/- रूपये की रेहड़ी खरीद पर 60 प्रतिशत या अधिकतम राशि 36,000/- रुपये प्रति लाभार्थी, खाद-खुराक पर कुल लागत रूपये 1,50,000/- हैक्टेयर का 60 प्रतिशत या धनराशि 90,000/- हैक्टेयर जो भी कम हो, मछली पालन हेतू 40,000/-रू के जाल खरीद पर 60 प्रतिशत या धनराशि 24,000/- रूपये का प्रति लाभार्थी, जो भी कम हो, अनुदान दिया जाएगा।

# भ्रष्टाचार तो अपराध है ही, उससे बड़ा अपराध विकास कार्यों को रोकना: हरविंद्र कल्याण

**● विधानसभा अध्यक्ष ने विकास कार्यों को लेकर की समीक्षा, कार्यों में तेजी लाने के सख्त दिए निर्देश, कहा अधिकारी समस्या का समाधान बताएं**

एजेंसी

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि भ्रष्टाचार तो अपराध है ही उससे बड़ा अपराध विकास कार्यों को रोके रखना है। ऐसे में अधिकारी विकास कार्यों की गंभीरता को समझें और बेवजह विकास कार्यों में कोताही न बरतें। अधिकारी समस्या का समाधान बताएं।

जनता के बीच में जवाबदेही हमारी है और प्रशासनिक अधिकारी निडर होकर काम करें क्योंकि वे सरकार का चेहरा हैं और जनता को उनसे बहुत सी उम्मीदें हैं जिन पर उन्हें खरा उतरना है। श्री कल्याण जिला सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में डीसी उत्तम सिंह व अन्य आला अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व सीएम की घोषणाओं को लेकर आयोजित बैठक में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मेयर रेणु बाला गुप्ता भी विशेष रूप से मौजूद थीं। श्री कल्याण ने अधिकारियों से सख्ती भरे लहजे से कहा कि समय पर विकास कार्य शुरू न करने वाले व अधूरा काम छोड़ने वाले ठेकेदारों पर तुरंत कार्रवाई करें। यदि ऐसा नहीं




किया गया तो यह माना जाएगा कि अधिकारियों की ठेकेदार के साथ मिलीभगत है। उन्होंने कहा कि सरकारी पैसे से कोई खुला खेल खेलता रहे यह कतई मंजूर नहीं। अफसोस है कि शिलान्यास के चार-चार महीने बाद विकास कार्य शुरू नहीं हो पाते। सड़कों पर रोड़े डालकर कार्य को अधूरा छोड़ रखा है। जनप्रतिनिधि होने के कारण लोग उनसे सवाल पूछते हैं कि कार्य पूरे क्यों नही हो रहे? ऐसे में जवाब देना हमारे लिए मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें ताकि कार्यों में पारदर्शिता नजर आए।

उन्होंने कहा कि बरसाती सीजन शुरू होने से पहले सभी सडक़ों की मरम्मत का कार्य जल्द पूरा करवाया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसको लेकर उच्च अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी सडक़ टूटी हुई नजर नहीं आनी चाहिए। ऐसे में जिला स्तर पर अधिकारियों का दायित्व बनता है कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित सडक़ों को चौड़ा करने व गड्ढे भरने के कार्य को तुरंत करवाएं।

विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि बरसात का सीजन शुरू होने से पहले तालाबों से जुड़े कार्यों(खुदाई, सफाई आदि)को समय रहते पूरा करवाएं ताकि ग्रामीणों को बारिश के दिनों में पानी जमा होने के कारण परेशानी न उठानी पड़े। बैठक में श्री कल्याण ने सीएम घोषणाओं के तहत घरौंडा हलके में अभी तक लंबित अथवा चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही पंचायती राज, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के अधूरे विकास कार्यों की जानकारी लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को आ रही अड़चनों को दूर करने के निर्देश दिये।

## कांग्रेस के मुख्य विपक्षी पार्टी होने के बावजूद इनेलो निभा रहा है मुख्य विपक्ष की भूमिका: अर्जुन चौटाला

**37 विधायकों वाली कांग्रेस के मुकाबले इनेलो के केवल 2 विधायक बीजेपी सरकार को मजबूती से घेरते हैं**

एजेंसी

**चंडीगढ़।** इनेलो की छात्र इकाई आइएसओ की एक महत्वपूर्ण बैठक आइएसओ के राष्ट्रीय प्रभारी एवं रानियां के विधायक अर्जुन चौटाला की अध्यक्षता में चंडीगढ़ मुख्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में आइएसओ के प्रदेशाध्यक्ष साहिलदीप कसवां और चंडीगढ़ के अध्यक्ष आर्यन बेनीवाल, पुनीत, राहुल, गुरजीत नैन और मनोज गुज्जर भी मौजूद रहे। बैठक के बाद अर्जुन चौटाला ने बताया कि इनेलो की छात्र इकाई आइएसओ को हरियाणा और चंडीगढ़ की शिक्षण संस्थानों में मजबूत करने पर पदाधिकारियों के साथ चर्चा हुई। इस बैठक में कई निर्णय भी लिए गए जैसे अगले 6 महीने के दौरान छात्र संगठन के सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाएगी, आइएसओ छात्रों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगा। सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में ब्लड डोनेशन कैंप, नशा मुक्ति अभियान और सफाई अभियान चलाएंगे । आइएसओ अभी नया संगठन है और बावजूद इसके पिछली बार के छात्र संघ चुनावों में पंजाब यूनिवर्सिटी में आइएसओ का वोट प्रतिशत दूसरे नंबर पर रहा था। हमारा छात्र संगठन अबकी बार चंडीगढ़ में सभी कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में छात्र संघ चुनाव लड़ेगा और जीतेगा।



सिरसा के विधायक गोकुल सेतिया के बीजेपी तारीफ करने पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए विधायक अर्जुन चौटाला ने कहा कि गोकुल सेतिया का बयान कांग्रेस में कमियों की तरफ इशारा करता है। जिस संगठन में विधायकों और कार्यकर्ताओं की नहीं सुनी जाती हो, वह आगे कैसे बढ़ सकता है। कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल की भूमिका निभाने में पूरी तरह से फेल हुई है जो विधानसभा में भी साफ तौर पर दिखती है।

# हर व्यक्ति का जीवन अनमोल है, सड़क दुर्घटनाओं को रोकना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए : शत्रुजीत कपूर

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा को सुरक्षित, अपराध मुक्त और भयमुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। पुलिस मुख्यालय, पंचकूला से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर प्रदेश के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इसमें भाग लिया। बैठक में हिंसक अपराधों की रोकथाम, आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों पर सतर्क निगरानी, नशा मुक्त भारत अभियान के तहत हरियाणा को नशामुक्त बनाने की रणनीति, अवैध इमिग्रेशन पर कार्रवाई, वाहन चोरी पर नियंत्रण, पुलिस बल का प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण, तथा नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। श्री कपूर ने कहा कि हर व्यक्ति का जीवन अनमोल है, अतः सड़क दुर्घटनाओं को रोकना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दुर्घटना के कारणों की जड़ तक जाएं तथा कारणों की पहचान करते हुए उनके निवारण के लिए ठोस कदम उठाएं। सड़कों पर बने अवैध कट जो अक्सर घातक सड़क दुर्घटना का कारण बनते हैं उन्हें बंद करवाएं। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने व ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। मोटर वाहन चोरी को बड़ी चुनौती बताते हुए उन्होंने कहा कि विशेष टीम गठित कर निगरानी और समीक्षा तंत्र मजबूत किया जाए। अपराधियों की पहचान कर त्वरित



कार्रवाई की जाए ताकि गैंग आधारित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपराधियों का वाहन चोरी का पैटर्न समझे और रिकवरी बढ़ाने की दिशा में प्रयास करें। गंभीर अपराधों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए श्री कपूर ने कहा कि ऐसे मामले को गंभीरता से लिया जाए और ऐसे मामलों की सूचना शीघ्रता से उनके संज्ञान में लाई जाए। राज्य के सीमावर्ती जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए और सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को पूर्ण रूप से क्रियाशील रखा जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण ही प्रभावी कार्यवाही की कुंजी है। सभी जिलों में हथियार संचालन, नियंत्रण तकनीकों और व्यावहारिक परिस्थितियों का प्रशिक्षण लगातार चलते रहना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक जिले में समर्पित स्वॉट टीमें गठित करने पर बल दिया। अवैध इमिग्रेशन मामलों में, उन्होंने आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को अधिकतम धनवापसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को इन मामलों की व्यक्तिगत निगरानी करने के निर्देश दिए और साथ ही वार्षिक कार्य अवलोकन में एवं परफोर्मेंस इंडीकेटर बनाने के निर्देश दिए।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख श्री ओ. पी. सिंह ने युवाओं को नशे से दूर रखने हेतु चलाई जा रही खेल गतिविधियों को तेज करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रत्येक जिले में कम से कम 10,000 युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने और 70 प्रतिशत गांवों व वार्डों को नशा मुक्त घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि नशे के नेटवर्क को तोड़ने के लिए हर स्तर पर एकजुटता से कार्य करना होगा।

राज्य अपराध शाखा की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीमती ममता सिंह ने नेटग्रिड प्रणाली की आवश्यकता पर जोर देते हुए अधिकारियों से आग्रह किया कि वे इस प्रणाली का अनुसंधान में अधिक से अधिक उपयोग करें ताकि जांच शीघ्रता के साथ पूर्ण की जा सके। बैठक में एडीजीपी अमिताभ ढिल्लों, पंचकूला के पुलिस आयुक्त एवं आईजी राकेश आर्य, एआईजी (एडमिन) हिमांशु गर्ग, एआईजी (प्रोविजनिंग) कमलदीप गोयल समेत पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# झज्जर में पब्लिक हैल्थ का जेई 48 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

एजेंसी

**रोहतक ।** एसीबी रोहतक की टीम द्वारा आरोपी अंकित, कनिष्ठ अभियन्ता (जे.ई.), पब्लिक हैल्थ, झज्जर को शिकायतकर्ता से 48,000/- रु. नकद बतौर रिश्वत लेते हुए जलघर गुरूग्राम रोड़, झज्जर से रंगे हाथों गिरफ्तार किया है तथा आरोपी के विरूद्ध अभियोग संख्या 11 दिनांक 21.04.2025 धारा 7/7ए पी.सी. एक्ट थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रोहतक दर्ज किया



गया है। शिकायतकर्ता ने एसीबी रोहतक को दी गई अपनी शिकायत में यह आरोप लगाया है कि वह ठेकेदारी का कार्य करता है।

उसके द्वारा पब्लिक हेल्थ, झज्जर में सफाई के कार्य का ठेका लिया हुआ है। इस कार्य के लगभग 15 लाख रूपये की पेमेंट के भुगतान व उसके द्वारा किये जा रहे LED Light सम्बन्धित कार्य का इन्द्राज रजिस्टर में दर्ज करने की एवज में आरोपी अंकित उपरोक्त द्वारा उससे कुल 88,000/-रू. बतौर रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी अंकित जे.ई. उपरोक्त के हितेन्द्र ठेकेदार के साथ अच्छे सम्बन्ध है। दिनांक 18.04.2025 को आरोपी अंकित उपरोक्त को हितेन्द्र ठेकेदार के माध्यम से 26,000/-रू. नकद पहले भी बतौर रिश्वत दे चुका है। अब उसके द्वारा और 48,000/-रू. नकद बतौर रिश्वत राशि की मांग की जा रही है।

## राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा ने दिया परशुराम जन्मोत्सव का न्योता

एजेंसी

**बहादुरगढ़।** पंचकूला में 27 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसका निमंत्रण देने के लिए राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा बहादुरगढ़ की पंडित ल मीचंद धर्मशाला में पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष प्रवीण कुमार शर्मा ने की। मु य वक्ता संदीप कौशिक, पालेराम शर्मा और पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने भी लोगों से पंचकूला में होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा ने लोगों से अपने विचार सांझा करते हुए उक्त कार्यक्रम का उन्हें न्योता दिया। उन्होंने लोगों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इससे पहले यहां पहुंचने पर जोरदार अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में हरिओम हरितस, मंजीत पाराशन, मामन राम, रमेश दीक्षित, रमेश कौशिक, पार्षद प्रतिनिधि अनिल, पार्षद राजेश मकड़ोली, रमेश, बलराम, बंटी, हरिओम मुदगिल समेत अन्य मौजूद रहे।

## ओमेक्स सिटी द्वारा दो माह में लंबित मूल राशि का किया जाए भुगतान - कृष्ण लाल पंवार

एजेंसी

**रोहतक।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने स्थानीय ओमेक्स सिटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित मूल राशि का दो माह में भुगतान करना सुनिश्चित करें अन्यथा ओमेक्स सिटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि ओमेक्स सिटी पर बेवजह अतिरिक्त चार्ज लगाया गया है, तो उसे वापिस करवाया जाएगा। विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार जिला रोहतक में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस समिति की बैठक में 13 शिकायतें रखी गई थी, जिनमें से सात शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया तथा अन्य 6 शिकायतों के संदर्भ में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने शिकायतकर्ता यशवीर इत्यादि की शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि ओमेक्स सिटी द्वारा लंबित बिजली बिल की राशि, अधिक लंबित बिजली बिल का भुगतान करना है तथा 5 करोड़ रुपए से अधिक की राशि बैंक गारंटी के तौर पर जमा करवानी है। ओमेक्स सिटी द्वारा भूमि का मालिकाना हक ट्रांसफर कर



33 केवी सब स्टेशन पावर हाउस इत्यादि के कार्य के लंबित राशि का दो माह में भुगतान करवाया जाए। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा ओमेक्स में रह रहे नागरिकों को लंबित राशि का भुगतान करने पर व्यक्तिगत बिजली मीटर जारी करने बारे कहा गया है। ओमेक्स द्वारा 72 लाख रुपए से दिया गया है। विकास एवं पंचायत मंत्री ने अवैध रूप से चलाई जा रही फैक्ट्री को बंद करवाने से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि यदि शिकायतकर्ता ने आपसी समझौता कर लिया है तो समिति को गुमराह करने के लिए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

# एडीसी ने जनसंवाद में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**● जन समाधान शिविर हरियाणा सरकार की अनूठी पहल: एडीसी**

एजेंसी

**नारनौल।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार की जन समाधान शिविर लगाने की अनूठी पहल से नागरिकों को अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान कराने का अच्छा मौका मिल रहा है। एडीसी आज लघु सचिवालय में लगे समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुन रहे थे। इस मौके पर कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद थी। एडीसी ने कहा कि यह समाधान शिविर प्रत्येक सोमवार तथा वीरवार को सभी उपमंडल तथा जिला स्तर पर लगाए जा रहे हैं। कोई भी नागरिक इन समाधान शिविरों में अपनी समस्याएं रख सकता है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर नागरिकों तथा प्रशासन के बीच एक पुल का काम कर रहे हैं। लोग लगातार बेझिझक अपनी समस्याओं को इस प्लेटफार्म पर रख रहे हैं। प्रत्येक समस्या का पूरी गंभीरता के साथ जिला के अधिकारी निदान करते हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शुक्रवार को समीक्षा बैठक भी की जाती है



जिसमें हर सप्ताह मिली शिकायतों के निपटान के बारे में जानकारी ली जाती है। इस बैठक में नगराधीश मंजीत कुमार तथा डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव ने सीएम विंडो को लेकर की वीसी

**● तय अवधि में समस्याओं का निराकरण करना प्रशासन का लक्ष्य : एडीसी**

एजेंसी

**नारनौल।** मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डा. साकेत कुमार ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सीएम विंडो तथा एसएमजीटी की समीक्षा बैठक की। जिला महेंद्रगढ़ की ओर से अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने जिला महेंद्रगढ़ की प्रगति रिपोर्ट पेश की। इसके बाद एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम विंडो तथा एसएमजीटी सरकार द्वारा शुरू किया गया ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिस पर कोई भी नागरिक बड़ी आसानी से अपनी समस्या रख सकता है। सरकार व जिला प्रशासन का मकसद है कि नागरिकों की हर समस्या निश्चित अवधि में निपटाई जाए। ऐसे में अधिकारियों का कर्तव्य बनता है कि वे निर्धारित समय पर इन समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खुद इन दोनों प्लेटफार्म पर




नजर रखे हुए हैं। ऐसे में अधिकारी सुनिश्चित करें कि प्रत्येक समस्या को निश्चित अवधि में पूरा किया

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I SANJEEV S/O NARVEER R/O Sagarpur(55), PO: Sagarpur DIST: Faridabad Haryana -121004, declare that name of my father has been wrongly written as NARBEER in my 10th and 12th class education documents The actual name of my father is NARVEER which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I SHABNAM S/O KURSHED AHMAD R/O Badhwana(182), PO: Badhwana, DIST: Charkhi dadri, Haryana -127310 declare that name of my father has been wrongly written as KURSIDALI in my 10th and 12th class education documents The actual name of my father is KURSHED AHMAD which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I BHAVYA SINGH PARMAR S/O PAWAN KUMAR R/O V.P.O. Rewari Khera, Riwari(4), Bhiwani Rewari Khera, Haryana - 127027 declare that name of my father has been wrongly written as PAWAN PARMAR in my 10th class marksheet The actual name of my father is PAWAN KUMAR which may be amended accordingly.

# 36वें अंतर्राष्ट्रीय विधायी ड्राफ्टिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम

एजेंसी

**गुरुग्राम।** हरियाणा विधानसभा द्वारा 16 से 21 अप्रैल, तक आयोजित 36वें अंतर्राष्ट्रीय विधायी ड्राफ्टिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन आज हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा), गुरुग्राम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) के सहयोग से आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण द्वारा आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे, जिनके फलस्वरूप यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। छह दिवसीय इस प्रशिक्षण में 13 देशों से आए 27 प्रतिनिधियों और लोकसभा सचिवालय और हरियाणा विधानसभा की तरफ़ से 10 वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विधायी ड्राफ्टिंग की बारीकियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ साझा करना, भारतीय लोकतंत्र की प्रक्रिया को समझाना और आपसी सहयोग को सुदृढ़ करना रहा। प्रशिक्षण के पहले दो दिन प्रतिभागियों ने हरियाणा विधानसभा और चंडीगढ़ के प्रमुख स्थलों–रॉक गार्डन, जाकिर हुसैन रोज गार्डन, सुखना लेक आदि का दौरा किया। इसके बाद 18 अप्रैल को ऐतिहासिक पिंजौर गार्डन, 19 अप्रैल को हिल स्टेशन कसौली, और 20 अप्रैल को धार्मिक नगरी कुरुक्षेत्र का भ्रमण कराया गया। इन यात्राओं ने प्रतिभागियों को भारत की सांस्कृतिक विविधता, कला और ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराया। हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) में आयोजित समापन सत्र में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यक्रम को 'ज्ञानवर्धक, व्यावहारिक और प्रेरक' बताया। उन्होंने हरियाणा की मेहमाननवाजी, प्रशासनिक दक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों की सराहना करते हुए कहा कि यहां अर्जित ज्ञान उनकी विधायी प्रणालियों को और बेहतर बनाने में सहायक होगा। होंडुरास की प्रतिनिधि जोसेलीन एस्ट्राडा ने कहा कि हरियाणा एक अत्यंत सुंदर और स्वागतकारी राज्य है। रॉक गार्डन और रोज गार्डन की यात्रा हमारे लिए अविस्मरणीय रही। मालदीव से आई शिराज़ा नसीर ने रॉक गार्डन की कलात्मकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह स्थल मेहनत, रचनात्मकता और नवाचार का अद्भुत उदाहरण है। ग्वाटेमाला के प्रतिनिधियों लुइस पेड्रो और मैनुएल वेलिएंते ने भी रॉक गार्डन को ÷भारतीय संस्कृति की गहराई को दर्शाने वाला एक अद्वितीय स्थान बताया।

## अब किसी भी उम्र के नाबालिगों का खुल सकेगा बैंक खाता : आरबीआई

**एजेंसी**

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आज कहा कि अब किसी भी आयु के नाबालिग अपने अभिभावक के माध्यम से बैंक में बचत और सावधि जमा खाता खोल सकते हैं। आरबीआई ने सभी वाणिज्यिक एवं सहकारी बैंकों को जारी अधिसूचना में नाबालिगों के लिए जमा खाता खोलने और संचालन से संबंधित नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जो 01 जुलाई 2025 से प्रभावी होंगे। आरबीआई ने मौजूदा नियमों की समीक्षा कर इन्हें अधिक व्यावहारिक और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। नए दिशा-निर्देशों के तहत अब किसी भी आयु के नाबालिग अपने अभिभावक के माध्यम से बचत और सावधि जमा खाता खोल सकते हैं। साथ ही 10 वर्ष या उससे अधिक उम्र के नाबालिग यदि सक्षम हों तो बैंक की जोखिम प्रबंधन नीति के तहत स्वतंत्र रूप से खाता खोलने और संचालित करने के पात्र होंगे। आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि वयस्क होने पर खाताधारक के नए परिचालन निर्देश और हस्ताक्षर नमूने प्राप्त किए जाएंगे और यदि खाता अभिभावक द्वारा संचालित किया गया हो, तो शेष राशि की पुष्टि की जाएगी। इसके अलावा बैंक अपनी आंतरिक नीतियों के अनुसार, नाबालिग खाताधारकों को एटीएम, डेबिट कार्ड, चेकबुक और इंटरनेट बैंकिंग जैसी सुविधाएं देने के लिए स्वतंत्र होंगे। केंद्रीय बैंक ने यह भी निर्देश दिया है कि नाबालिगों के खाते हमेशा क्रेडिट बैलेंस में रहने चाहिए और उनमें ओवरड्राफ्ट की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## भारतनेट परियोजना में 6.19 लाख गांवों तक पहुंचा 4जी मोबाइल कवरेज

**नई दिल्ली।** संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार भारतनेट के साथ-साथ, मोबाइल सम्पर्क के विस्तार के अन्य कार्यक्रमों के अंतर्गत दिसंबर 2024 तक देश भर में लगभग 6,25,853 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध करा दी गयी थी जिसमें 6,18,968 गांवों में 4जी मोबाइल कवरेज पहुंच गया था। मंत्रालय ने भारत नेट के बारे में प्रश्नोत्तर के रूप में बताया कि इस कार्यक्रम से औसत मोबाइल ब्रॉडबैंड स्पीड में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और ये प्रयास डिजिटल अंतर पूरा करने में भारतनेट के पूरक हैं। डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) और राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने भारतनेट कार्यक्रम के तहत डिजिटल सेवाओं, डिजिटल गवर्नेंस तक पहुंच प्रदान कर हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के माध्यम से डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देकर ग्रामीण विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में संदर्भ डेटा साझा करना, डिजिटल सामग्री साझा करना, डिजिटल सेवाओं का एकीकरण, जागरूकता और क्षमता निर्माण, डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और आईसीटी बुनियादी ढांचे को शामिल करना शामिल है।

## बीएचईएल ने मजबूत राजस्व वृद्धि व रिकॉर्ड ऑर्डर किया हासिल

**हरिद्वार।** ऊर्जा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में भारत की अग्रणी इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्यम, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 27,350 करोड़ रुपये (अनंतिम और अलेखापरीक्षित) का राजस्व प्राप्त किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाता है। कंपनी ने वर्ष के दौरान 92,534 करोड़ रुपये के ऑर्डर प्राप्त किए जो कि कंपनी द्वारा किसी वित्तीय वर्ष में हासिल किया गया अब तक का सर्वाधिक ऑर्डर है। इसके साथ, वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में बीएचईएल की कुल ऑर्डर बुक 1,95,922 करोड़ रुपये हो गई है।विद्युत क्षेत्र में, बीएचईएल ने 81,349 करोड़ रुपये के ऑर्डर प्राप्त कर अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी। औद्योगिक क्षेत्र में कंपनी ने 11,185 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर प्राप्त किए, जो परिवहन, रक्षा, प्रॉसेस इंडस्ट्रीज़ और औद्योगिक उपकरण जैसे विविध क्षेत्रों में कंपनी की उपस्थिति को दर्शाता है। निष्पादन के मोर्चे पर, बीएचईएल ने 8.1 गीगावाट क्षमता के विद्युत संयंत्रों को कमीशन /सिंक्रोनाइज़ किया, जो परियोजना को पूरा करने और परिचालन दक्षता पर कंपनी के निरंतर फोकस को दर्शाता है।

## खादी एवं ग्रामोद्योग का कारोबार एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 के खादी और ग्रामोद्योग आयोग का कारोबार स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये के पार हो गया है। आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने यहां वित्त वर्ष 2024-25 के अनंतिम आंकड़े जारी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने नया कीर्तिमान रचा है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में खादी उत्पादन में 347 प्रतिशत के उछाल के साथ चार गुना और बिक्री में 447 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ पांच गुना की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में कुल रोजगार सृजन के क्षेत्र में 49.23 प्रतिशत की ऐतिहासिक बढ़ोतरी दर्ज की गयी है और 1.94 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने बताया कि खादी-ग्रामोद्योग भवन नयी दिल्ली का कारोबार पहली बार रिकॉर्ड 110.01 करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंचा है। श्री कुमार ने बताया कि वित्त वर्ष 2013-14 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का उत्पादन जहां 26109.07 करोड़ रुपये का था।

# डीबीटी योजना से 3.48 लाख करोड़ रुपये की हुई बचत : वित्त मंत्रालय

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत की प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) प्रणाली ने कल्याण वितरण में लीकेज को रोककर देश को 3.48 लाख करोड़ रुपये की संचयी बचत हासिल करने में मदद की है। एक रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि डीबीटी के कार्यान्वयन के बाद से सब्सिडी आवंटन कुल सरकारी व्यय के 16 फीसदी से घटकर 9 फीसदी रह गया है, जो सार्वजनिक व्यय की दक्षता में एक बड़ा सुधार दर्शाता है। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन के एक नए मात्रात्मक मूल्यांकन के अनुसार यह मूल्यांकन बजटीय दक्षता, सब्सिडी युक्तिकरण और सामाजिक परिणामों पर डीबीटी के प्रभाव की जांच करने के लिए वर्ष 2009 से 2024 तक के आंकड़ों का मूल्यांकन करता है। वर्ष 2013




में शुरू की गई भारत की डीबीटी प्रणाली ने देश की कल्याणकारी योजनाओं को नया स्वरूप दिया है, जिसने दक्षता और समावेशिता के लिए वैश्विक मानक स्थापित किया है। मंत्रालय के मुताबिक यह दर्शाता है कि कागज-आधारित वितरण से सीधे डिजिटल हस्तांतरण में बदलाव ने यह सुनिश्चित किया है कि सार्वजनिक धन उन लोगों तक पहुंचे जिनके लिए वे हैं। डीबीटी की प्रमुख विशेषताओं में से एक जेएएम ट्रिनिटी का उपयोग है, जिसका अर्थ है जन-धन बैंक खाते, आधार विशिष्ट आईडी नंबर और मोबाइल फोन। इस ढांचे ने बड़े पैमाने पर लक्षित और पारदर्शी हस्तांतरण को सक्षम किया है। उल्लेखनीय है कि भारत में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) प्रणाली कल्याणकारी योजनाओं के लिए दक्षता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रणाली लाभार्थियों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए आधार कार्ड और बैंक खातों का उपयोग करती है, जिससे बीच के लोगों को खत्म करके पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ती है।

## भारत को इस साल अमेरिका के साथ व्यापार समझौता पूरा होने की उम्मीद : सीतारमण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस शरद ऋतु तक भारत का अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का पहला भाग सकारात्मक रूप से संपन्न होने की उम्मीद जताई है। वह दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लेने के लिए अमेरिका के दौरे पर हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, अमेरिका के साथ बातचीत का उद्देश्य केवल पारस्परिक टैरिफ संबंधी मामला नहीं है, बल्कि यह हमारे सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के हित में है, जिसके साथ हमें समझौता करने की जरूरत है। सीतारमण ने कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को में इंडिया कम्युनिटी सेंटर में आयोजित एक सामुदायिक सभा में प्रवासी भारतीयों से बातचीत की। सीतारमण ने एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान हमारा राजकोषीय घाटा बढ़ गया, लेकिन 2021 में हमने स्पष्ट संकेत दिया कि हम अपने राजकोषीय घाटे को कैसे प्रबंधित करना चाहते हैं। हमने साल-दर-साल लक्ष्य निर्धारित किए और 2026 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 फीसदी से नीचे लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम हर साल बिना चूके इसी का पालन कर रहे हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पांच दिवसीय अमेरिकी यात्रा पर हैं, जहां वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की वसंतकालीन बैठकों तथा जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक में शामिल होंगी। इसके अलावा उनका अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेन्ट से भी मिलने का कार्यक्रम है तथा संयुक्त राज्य अमेरिका व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों से भी बात करने की उम्मीद है।

## देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मार्च में 3.8 फीसदी पर रही

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मार्च में सुस्त पड़कर 3.8 फीसदी रही है। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.3 फीसदी की दर से बढ़ा था। मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में 3.4 फीसदी के मुकाबले थोड़ी अधिक है। पिछले साल इसी अवधि में इन बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.3 फीसदी की दर से बढ़ा था।वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार यह आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में गिरावट का परिणाम है, जिनमें कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात और बिजली शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार मार्च महीने में कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात और बिजली उत्पादन में क्रमशः 1.6 फीसदी, 0.2 फीसदी, 7.1 फीसदी और 6.2 फीसदी की हल्की वृद्धि हुई। उर्वरक उत्पादन मार्च में 8.8 फीसदी बढ़ा है, जबकि पिछले साल इसी महीने में इसमें 1.3 फीसदी की गिरावट आई थी। सीमेंट उत्पादन बीते महीने 11.6 फीसदी बढ़ा है, जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 10.6 फीसदी की इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में यह दर 7.6 फीसदी थी। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में भार 40.27



वृद्धि हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक बुनियादी उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 में 4.4 फीसदी रही। फीसदी होता है, जो औद्योगिक वृद्धि दर को मापने में महत्वपूर्ण है। इन आठ उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल है।

## सोने की कीमत में तूफानी तेजी, लखटकिया होने के करीब पहुंचा सोना

**एजेंसी**

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में जोरदार तेजी का रुख बना हुआ है। दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना आज मजबूती का नया रिकॉर्ड कायम करते हुए 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। इस तरह सोना अब एक लाख रुपये के स्तर से सिर्फ 200 रुपये ही पीछे है। माना जा रहा है कि ग्लोबल मार्केट में सेफ इनवेस्टमेंट के रूप में सोने की मांग में आई तेजी की वजह से आने वाले दिनों में सोने की कीमत में और भी तेजी आ सकती है।इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार घरेलू बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव आज 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 99,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वोच्च स्तर पर कारोबार करता नजर आया। आईबीजेए के अनुसार साल 2025 में सोने में अभी तक करीब 26.4 प्रतिशत की तेजी आ चुकी है। 1 जनवरी, 2025 से लेकर अभी तक 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 20,850 रुपये अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की मांग में तेजी आ गई है। इसके साथ ही डॉलर के मूल्य में आई कमजोरी की वजह से भी निवेशकों में सोने के



प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के कारण आने वाले दिनों में भी सोने की कीमत में और तेजी आने की उम्मीद की जा रही है। मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहना है कि टैरिफ को लेकर अमेरिका और चीन के बीच जारी तनातनी तथा वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण प्रति आकर्षण बढ़ा है। सबसे बड़ी बात तो ये है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर बनी चिंता की वजह से घरेलू बाजार के साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी निवेशक सेफ इनवेस्टमेंट के रूप में सोने में पहले की तुलना में अधिक निवेश कर रहे हैं, जिसकी वजह से सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ है।

## ईपीएफओ ने फरवरी महीने में 16.10 लाख नए सदस्य जोड़े, युवाओं की संख्या अधिक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी में कुल 16.10 लाख नए सदस्य जोड़े हैं। पिछले साल की इसी महीने की तुलना में 3.99 फीसदी अधिक है। फरवरी, 2025 में जोड़े गए नए सदस्यों में 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व है, जिनमें उनकी हिस्सेदारी 4.27 लाख यानी 57.71 फीसदी है। इससे पता चलता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी में कुल 16.10 लाख नए सदस्य जोड़े हैं। ईपीएफओ ने फरवरी, 2025 में लगभग 7.39 लाख नए सदस्य बनाए हैं, जबकि साल-दर-साल सदस्यों ने अपनी नौकरी बदली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए।




विश्लेषण से पता चलता है कि फरवरी 2024 की तुलना में पेरोल में 3.99 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके अलावा फरवरी, 2025 में 18-25 आयु वर्ग के कुल सदस्यों की संख्या में लगभग 6.78 लाख की वृद्धि हुई है, जो सालाना आधार पर 3.01 फीसदी अधिक है। आंकड़ों से पता चलता है कि लगभग 13.18 लाख

आंकड़े बताते हैं कि फरवरी, 2025 में लगभग 2.08 लाख महिला सदस्य पहली बार ईपीएफओ में शामिल हुईं। इसमें सालाना आधार पर 1.26 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके अलावा फरवरी के दौरान कुल महिला पेरोल वृद्धि करीब 3.37 लाख रही, जो फरवरी 2024 की तुलना में 9.23 फीसदी की साल-दर-साल वृद्धि है। महिला सदस्यों की संख्या बढ़ने से अधिक समावेशी और विविध कार्यबल की ओर व्यापक बदलाव का संकेत है। आंकड़ों का राज्यवार विश्लेषण करने से पता चलता है कि शीर्ष पांच राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने कुल पेरोल में करीब 59.75 फीसदी की वृद्धि की है, जिन्होंने महीने के दौरान कुल लगभग 9.62 लाख शुद्ध पेरोल जोड़े हैं। सभी राज्यों में से महाराष्ट्र फरवरी महीने के दौरान 20.90 प्रतिशत कुल पेरोल जोड़कर सबसे आगे है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात, हरियाणा, दिल्ली, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने फरवरी के दौरान कुल पेरोल में 5 फीसदी से अधिक की वृद्धि की है।

## एलआईसी ने बैंक ऑफ बड़ौदा में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 7.05 फीसदी की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश और सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) में अपनी हिस्सेदारी करीब दो फीसदी बढ़ाकर 7.05 फीसदी कर ली है।

एलआईसी ने नियामकीय फाइलिंग में शेयर बाजार को बताया कि जीवन बीमा कंपनी ने डेढ़ साल की अवधि के दौरान खुले बाजार से 10.45 करोड़ अतिरिक्त शेयर खरीदें हैं, जिससे बैंक ऑफ बड़ौदा में हिस्सेदारी 5.03 फीसदी से बढ़ाकर 7.05 फीसदी हो गई है। इस तरह कंपनी ने बैंक ऑफ बड़ौदा में अपनी हिस्सेदारी करीब दो फीसदी बढ़ाई है। बीमा कंपनी ने जारी बयान में बताया कि 20 नवंबर, 2023 और 16 अप्रैल, 2025 के बीच किए गए अधिग्रहण के साथ मुंबई स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में एलआईसी की हिस्सेदारी 5.03 फीसदी से बढ़कर 7.05 फीसदी पर पहुंच गई है।




हिस्सेदारी अधिग्रहण खुले बाजार में खरीद के जरिए किया गया। बॉम्?बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर बैंक ऑफ बड़ौदा के शेयर 3.09 फीसदी की बढ़त के साथ 250.20 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे।

# आजादी के बाद पहली बार खादी एवं ग्रामोद्योग का कारोबार एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये के पार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में आत्मनिर्भरता की भावना को सशक्त करने वाले खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया कीर्तिमान रचा है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार खादी और ग्रामोद्योग का कारोबार 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। पिछले 11 वर्षों में उत्पादन में 347 फीसदी के उछाल के साथ चार गुना और बिक्री में 447 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ पांच गुना की वृद्धि हुई है। केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने राजधानी नई दिल्ली के राजघाट स्थित कार्यालय में खादी और ग्रामोद्योग के वित्त वर्ष 2024-25 के अनंतिम आंकड़े जारी किये



हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़ों में बताया गया है कि 11 वर्षों में कुल रोजगार सृजन के क्षेत्र में 49.23 फीसदी की ऐतिहासिक बढ़ोतरी हुई है, जबकि 1.94 करोड़ लोगों को केवीआईसी रोजगार दे रहा है। उन्होंने बताया कि खादी-ग्रामोद्योग भवन नई दिल्ली का कारोबार पहली बार रिकॉर्ड 110.01 करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि केवीआईसी ने वित्त वर्ष 2024-25 में उत्पादन, बिक्री और नए रोजगार सृजन का नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि केवीआईसी के इस शानदार प्रदर्शन ने वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने और भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में बड़ा योगदान दिया है। मनोज कुमार ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और एमएसएमई मंत्रालय के मार्गदर्शन में केवीआईसी की योजनाएं और उपलब्धियां 'विकसित भारत' की सशक्त आधारशिला बन गई हैं।

## हमारा प्रयास भारत की समृद्ध विरासत से आज की पीढ़ी को जोड़ना है : डालमिया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** डालमिया भारत लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पुनीत डालमिया ने आज कहा कि लालकिले के मॉन्युमेंट मित्र के तौर पर उनका प्रयास भारत की समृद्ध विरासत से आज की पीढ़ी को जोड़ने और उन कहानियों को नए अंदाज में पेश करना है। विश्व धरोहर दिवस पर मॉन्यूमेंट मित्र डालमिया भारत ने दिल्ली के ऐतिहासिक लालकिले में एक विशेष आयोजन किया। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसमें शामिल हुए लोगों को लालकिले के गौरवशाली इतिहास और खूबसूरत स्थापत्य कला से जुड़ी रोचक कहानियों के ज़रिए भारत की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का एक शानदार अनुभव मिला।इस मौके पर श्री डालमिया ने कहा हम चाहते हैं कि आज के युवा भी अपने इतिहास



और उन किस्सों से जुड़ सकें, जो हमारे वजूद की जड़ हैं और हमें वह पहचान देते हैं, जिस पर हमें गर्व है। आज के वैश्विक दौर में भारत की अपनी एक विशेष पहचान है, जो हमारे मूल्यों, हमारी सफलता और हमारी जड़ों से जुड़ाव को दर्शाती है। हम चाहते हैं कि इन स्मारकों को सिर्फ इतिहास की निशानी न मानकर एक जीवंत सांस्कृतिक अनुभव का केंद्र के रूप में स्थापित किया जाए। और यह तभी मुमकिन है, जब सभी एक साथ मिलकर इस दिशा में कदम बढ़ाएँ। उन्होंने कहा कि मॉन्युमेंट मित्र डालमिया भारत, लाल किले को विश्वस्तरीय विरासत स्थल के तौर पर पहचान दिलाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। रेड फोर्ट विज़िटर सेंटर और 'जय हिंद' साउंड एंड लाइट शो इसी पहल का हिस्सा है। डालमिया भारत द्वारा किए जा रहे ये प्रयास बीते कल और आज को एक कड़ी से जोड़ते हैं, ताकि लोग हमारी ऐतिहासिक धरोहर से जुड़ सकें, उसे महसूस कर सकें और गर्व के साथ आगे बढ़ा सकें।

## इंडिया स्टील सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 24- 26 अप्रैल तक मुंबई में

**मुंबई।** इस्पात क्षेत्र की प्रमुख द्विवार्षिक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन 'इंडिया स्टील' का छठा संस्करण 24-26 अप्रैल तक मुंबई के 'बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र' में आयोजित किया जा रहा है। इस्पात मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अप्रैल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे और इसमें कई केंद्रीय मंत्री और महाराष्ट्र सहित कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री भी जुड़ेंगे।विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस्पात मंत्रालय द्वारा आयोजित, इंडिया स्टील 2025 वैश्विक हितधारकों को विकास रणनीतियों, इस्पात उत्पादन में स्थिरता, बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच मजबूती और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में नवाचार और डिजिटल प्रौद्योगिकियों की भूमिका जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी, केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी और इस्पात एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा भी शामिल होंगे। इस आयोजन में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी शामिल होंगे।

## लगातार 5वें कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार पांचवें कारोबारी दिन सोमवार को भी जारी रहा। आज के कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण शेयर बाजार की चाल में कुछ देर के लिए मामूली गिरावट का रुख भी बना। इस गिरावट के थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी का रुख बन गया। इस लिवाली के कारण सेंसेक्स आज 79 हजार अंक के स्तर को और निफ्टी 24 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.09 प्रतिशत और निफ्टी 1.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, बैंकिंग और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में जमकर खरीदारी होती रही। इसके साथ ही ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, हेल्थकेयर, मेटल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एफएमसीजी सेक्टर में आज लगातार बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.67 प्रतिशत उछल कर आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 6 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 425.83 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 419.60 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 6.23 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,247 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,917 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,169 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 161 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,615 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,079 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 536 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर बढ़त के साथ और 7 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 39 शेयर हरे निशान में और 11 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 349.89 अंक की मजबूती के साथ 78,903.09 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही मुनाफा वसूली के चक्कर में शुरू हुई बिकवाली के कारण थोड़ी ही देर में यह सूचकांक गिर कर 78,776.06 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद बाजार में खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से दोपहर 1 बजे के करीब यह सूचकांक 1,081.85 अंक की तेजी के साथ 79,635.05 अंक के स्तर तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे खिसक कर 855.30 अंक की बढ़त के साथ 79,408.50 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# गर्मी के मौसम में बच्चों के टिफिन में दें ये सिंपल और टेस्टी डिशेज, पूरा दिन बनी रहेगी एनर्जी



**गर्मियों बच्चों की सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी हो जाता है. ऐसे में अक्सर मम्मियां सोचती हैं कि बच्चों को गर्मी के मौसम में टिफिन में क्या दें जो उनकी सेहत के लिए अच्छा है. अगर आप भी इस उलझन में रहती हैं तो हम आपको 5 ऐसी हेल्दी और टेस्टी डिशेज बता रहे हैं जो आप अपने बच्चों को स्कूल में ले जाने के लिए दे सकती हैं.**

तेज धूप, पसीना, थकावट और बार-बार प्यास लगना, ये सब परेशानियां बच्चों की एनर्जी पर असर डालती हैं. ऐसे में अगर स्कूल टिफिन में कुछ ऐसा मिल जाए जो स्वादिष्ट होने के साथ-साथ हल्का, ताजा और एनर्जेटिक भी हो, तो बच्चों का दिन और भी बेहतर बन सकता है. अक्सर माएं सोचती हैं कि ऐसा क्या बनाएं जो न सिर्फ जल्दी बन जाए, बल्कि बच्चों को भी पसंद आए और गर्मी में उन्हें थकान से बचाए. क्योंकि अगर टिफिन में दिया गया खाना पसंद नहीं आया, तो बच्चा या तो अधूरा खाएगा या फिर बिल्कुल नहीं और इससे उसकी सेहत पर असर पड़ सकता है.

इस आर्टिकल में हम लेकर आए हैं कुछ ऐसी सिंपल लेकिन बेहद टेस्टी डिशेज, जो गर्मी के दिनों में बच्चों के टिफिन को बना देंगी एनर्जी से भरपूर और स्वाद से लाजवाब. तो चलिए जानते हैं कुछ आसान और हेल्दी टिफिन आइडियाज जो बच्चों को भी पसंद आएंगे और उनकी एनर्जी भी देंगे.

1. वेजिटेबल सत्तू पराठा

सत्तू गर्मियों में शरीर को ठंडक देता है और प्रोटीन से भरपूर होता है. जब इसमें बारीक कटी सब्ज़ियां मिलाकर पराठा बनाया जाए, तो ये स्वाद और सेहत दोनों का परफेक्ट कॉम्बिनेशन बन जाता है. आप भी अपने बच्चों के टिफिन में इसे बनाकर दे सकती हैं. इसके लिए सत्तू में प्याज़, टमाटर, धनिया, नमक, नींबू और हरी मिर्च (बच्चों के लिए कम) मिलाएं. इसे गेहूं के आटे से बेलकर तवे पर सेंक लें. आप इसे थोड़ा घी लगाकर रोल की तरह भी पैक कर सकती हैं.

2. कर्ड राइस विद फ्रूट्स

दही पेट को ठंडक देता है और गर्मियों में पाचन को दुरुस्त रखता है. साथ ही चावल से एनर्जी मिलती है और फल इसे टेस्टी बना देते हैं. आप भी अपने बच्चें के टिफिन में इसे बनाकर देंगी तो उन्हें बहुत पसंद आएगा. इसे बनाना भी बहुत आसान है. पके हुए चावल में ठंडी दही मिलाएं. ऊपर से थोड़ा नमक, राई, करी पत्ता, हरा धनिया और कुछ मीठे फल जैसे सेब या अनार के दाने डाल दें.

3. मखाना-नट्स मिक्स

मखाना कैल्शियम और आयरन से भरपूर होता है. इसे ड्राई फ्रूट्स के साथ मिलाकर बच्चों को एक हेल्दी स्नैक के तौर पर दिया जा सकता है. आप घी में हल्का भूनकर मखाने, काजू, बादाम और किशमिश मिलाएं. थोड़ा सेंधा नमक डालें और डब्बे में भर दें. ये दिनभर बच्चों को चबाने लायक हेल्दी ऑप्शन है.

4. बेसन चिल्ला रोल्स

बेसन प्रोटीन से भरपूर होता है और बच्चों को देर तक भरा हुआ महसूस कराता है. इसमें सब्ज़ियां डालकर इसे और न्यूट्रीशियस बनाया जा सकता है. इसके लिए आप बच्चों के बेसन का चिल्ला बना कर दे सकते हैं और उसे ट्विस्ट देने के लिए इसे रोल कर दें.इसे बनाने के लिए बेसन में टमाटर, प्याज, शिमला मिर्च, धनिया और थोड़ा नमक डालकर पतला घोल बनाएं. तवे पर छोटा-छोटा चिल्ला बनाकर इनका रोल तैयार करें.

# चीन के बाद अब बांग्लादेश का रूख रूस, अमेरिका और पाकिस्तान की ओर







अमेरिका का दक्षिण एशिया विभाग बांग्लादेश पर अपनी भावी नीति के बारे में अपने राजनीतिक और आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए अपना आकलन कर रहा है और ट्रंप के प्रिय मित्र नरेंद्र मोदी के विचारों को ज्यादा महत्व नहीं दे रहा है। अमेरिका भी बांग्लादेश में अपने अनुकूल चुनाव के बाद नयी सरकार बनाने में उतना ही इच्छुक है, जितना चीन कोशिश कर रहा है।बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस इस समय दो महाशक्तियों समेत दुनिया के प्रमुख देशों से सफलतापूर्वक संपर्क साधकर अपनी कूटनीतिक जीत के बीच हैं। इस साल मार्च के आखिरी हफ्ते में बीजिंग की अपनी यात्रा के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से पूरा समर्थन हासिल करने में बड़ी सफलता मिलने के बाद डॉ. यूनुस ने गुरुवार 17 अप्रैल को दो महत्वपूर्ण विदेशी प्रतिनिधि मंडलों का स्वागत किया- एक पाकिस्तान से और दूसरा अमेरिकी सरकार से। रूसी नौसेना का तीसरा सैन्य प्रतिनिधि मंडल चार दिवसीय यात्रा पर चटगांव में है। हाल के दिनों में ढाका में कूटनीतिक गतिविधियों की ऐसी हलचल कभी नहीं देखी गयी।

सबसे महत्वपूर्ण यात्रा अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल की है, जिसका नेतृत्व विदेश विभाग में दक्षिण एशिया मामलों की उप सचिव निकोलचुलिक कर रही हैं। इस वर्ष 20 जनवरी को राष्ट्रपति के पदभार संभालने के बाद ट्रंप-2 शासन से यह पहला उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल था। इससे पहले ट्रंप ने इस वर्ष फरवरी में यह आभास दिया था कि वह बांग्लादेश के मामले में अपने %मित्र% नरेंद्र मोदी के विचारों को मानेंगे, लेकिन इंटेल प्रमुख तुलसी गबार्ड की रिपोर्ट और पिछले महीने डॉ. यूनुस की बीजिंग यात्रा के बाद हुई चीन-बांग्लादेश की दोस्ती से स्थिति बदल गयी है।

अमेरिका का दक्षिण एशिया विभाग बांग्लादेश पर अपनी भावी नीति के बारे में अपने राजनीतिक और आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए अपना आकलन कर रहा है और ट्रंप के प्रिय मित्र नरेंद्र मोदी के विचारों को ज्यादा महत्व नहीं दे रहा है। अमेरिका भी बांग्लादेश में अपने अनुकूल चुनाव के बाद नयी सरकार बनाने में उतना ही इच्छुक है, जितना चीन कोशिश कर रहा है। अमेरिका जानता है कि चीन ढाका में राजनीतिक खेल में बहुत आगे है और सभी प्रमुख राजनीतिक दलों में उसके समर्थक हैं।

डॉ. यूनुस से बातचीत के अलावा प्रतिनिधि मंडल ने सभी प्रमुख पार्टियों, बीएनपी, जमात और छात्र संगठन नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) की नयी गठित पार्टी से बातचीत की। बीएनपी ने इस साल दिसंबर से पहले चुनाव कराने की मांग की, जबकि जमात अगले साल की शुरुआत में चुनाव चाहती थी। केवल एनसीपी ने कहा कि चुनाव उनके प्रस्तावित सुधार उपायों जैसे चुनावी कानूनों और संविधान में बदलाव के लागू होने के बाद कराये जाने चाहिए।

अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है कि अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल अवामी लीग के किसी समूह से मुलाकात करेगा। लेकिन ढाका में अमेरिकी दूतावास के अधिकारी अवामी लीग के कुछ नेताओं के संपर्क में हैं। यह आश्चर्य की बात नहीं होगी कि अमेरिकी दल के ढाका से रवाना होने से पहले एएल नेताओं के साथ एक मुलाकात यात्रा आयोजित की जाये।जहां तक पाकिस्तान का सवाल है, विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) में भाग लेने के लिए पाकिस्तान की विदेश सचिव अमीना बलूच की यात्रा द्विपक्षीय संबंधों की स्थापना की तेज गति को जारी रखने का ही एक तरीका है, जो पिछले साल 5 अगस्त को हसीना सरकार के गिरने और 8 अगस्त को डॉ. यूनुस के अंतरिम प्रमुख बनने के तुरंत बाद शुरू हुआ था। एफओसी15 साल बाद होने वाली कूटनीतिक बातचीत है। इसका मतलब यह है कि हसीना के पिछले 15 साल के शासन के दौरान पाकिस्तान के साथ ऐसी कोई बैठक नहीं हुई थी।

स्टेट गेस्ट हाउस पद्मा में आयोजित एफओसी में विदेश सचिव मोहम्मद जशीमुद्दीन ने बांग्लादेश की ओर से नेतृत्व किया, जबकि अमीना बलूच ने पाकिस्तानी प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व किया। सभी द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की गयी और दोनों पक्षों ने संबंधों को उच्च स्तर पर ले जाने का फैसला किया। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाकडार जो विदेश मंत्री भी हैं, 27-28 अप्रैल को डॉ. यूनुस के साथ चर्चा करने के लिए ढाका का दौरा करने वाले हैं।

पिछले आठ महीनों में डॉ. यूनुस ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ दो बार द्विपक्षीय वार्ता की है- पहली बार पिछले साल सितंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में और फिर दिसंबर में काहिरा में डी-8 बैठक में। बांग्लादेश के लिए, चटगांव बंदरगाह पर रूसी नौसेना के प्रतिनिधि मंडल की वर्तमान यात्रा कूटनीतिक रूप से भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। रूस बांग्लादेश के राजनीतिक परिदृश्य में कोई महत्वपूर्ण खिलाड़ी नहीं रहा है, जहां लड़ाई मुख्य रूप से चीन और अमेरिका के बीच है, जहां भारत, जो पहले बड़ा भाई था, पीछे से लड़ाई को देख रहा था, अमेरिका की चालों पर कम उम्मीदें लगा रहा था। डॉ. यूनुस ने रूसियों को आमंत्रित करके उन्हें बहुत महत्व दिया है। रूसी जहाज चार दिवसीय सद्भावना यात्रा पर हैं। उनके आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। तीन रूसी युद्धपोतों की यात्र सहित रूसी नौसेना प्रतिनिधि मंडल की इस यात्रा से पहले बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वाकरउजज़मान ने मास्को का दौरा किया और रूसी रक्षा मंत्रालय के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ उनकी बातचीत हुई।वर्तमान में, बांग्लादेश 80 प्रतिशत से अधिक रक्षा उपकरण चीन से आयात करता है।यह रक्षा आपूर्ति हसीना सरकार के दिनों से जारी है क्योंकि चीन ने तब उत्पादों के लिए सस्ती कीमतों की पेशकश की थी। रूस बांग्लादेश को अनुकूल कीमतों पर आपूर्ति करने में रुचि रखता है बांग्लादेश अपनी सैन्य आपूर्ति में विविधता लाना चाहता है ताकि पाकिस्तान और रूस दोनों को कुछ छोटा हिस्सा मिल सके।रूस को लुभाने का एक और पहलू भी है। वर्तमान में भारत, जो पहले रूस से हथियारों के आयात पर बड़े पैमाने पर निर्भर था, अब अपनी खरीदारी की टोकरी को अमेरिका की ओर मोड़ दिया है। रूस परेशान है, हालांकि कूटनीतिक रूप से वह भारत के प्रति दोस्ताना भाव दिखा रहा है। रूस से रक्षा उपकरणों की खरीद शुरू करके ढाका को उम्मीद है कि वह नयी दिल्ली के साथ मौजूदा मुद्दों के संबंध में मास्को को अपने पक्ष में प्रभावित कर सकेगा।

संपादकीय

# न्यायपालिका, मुख्य न्यायाधीश, संविधान और लोकतंत्र की अवमानना

भारत के लोकतंत्र और संविधान पर सत्तारुढ़ भाजपा की तरफ से लगातार प्रहार हो रहे हैं। कभी विपक्ष तो कभी न्यायपालिका इन प्रहारों के सामने ढाल बनकर खड़े हो रहे हैं, ताकि भारत की इस अनमोल धरोहर को बचाकर रखा जाए। लेकिन अब भाजपा ने विपक्ष के साथ-साथ न्यायपालिका को भी अपनी नफरती सोच और जुबान का निशाना बनाया है। बीते गुरुवार भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शीर्ष अदालत पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि %%हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें।...समय आ गया है जब हमारी तीन संस्थाएं - विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका फूलें-फलें... किसी एक की ओर से दूसरे के क्षेत्र में हस्तक्षेप चुनौती पैदा करता है, जो अच्छी बात नहीं है।%% श्री धनखड़ ने यह टिप्पणी सर्वोच्च न्यायालय के %तमिलनाडु राज्य बनाम राज्यपाल% फ़ैसले की आलोचना करते हुए की थी। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद-142 का इस्तेमाल करके वर्षों से लंबित 10 विधेयकों को राष्ट्रपति की %अनुमति प्रदान की गई% मानकर पारित कर दिया। हालांकि श्री धनखड़ की इस टिप्पणी का एक कारण वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट के सरकार से सवाल भी हो सकते हैं। क्योंकि इस अधिनियम के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने केंद्र सरकार से ऐसे सवाल किए जो भाजपा को नागवार गुजर रहे हैं।

जगदीप धनखड़ की टिप्पणी के बाद झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शीर्ष अदालत और मुख्य न्यायाधीश पर बेहद गंभीर आरोप लगाए, उन्होंने कहा कि, च्देश में धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट ज़िम्मेदार है। सुप्रीम कोर्ट अपनी सीमा से बाहर जा रहा है। अगर हर बात के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना है, तो संसद और विधानसभा का कोई मतलब नहीं है, इसे बंद कर देना चाहिए।ज्ज् इसके साथ ही उन्होंने कहा, च्इस देश में जितने गृह युद्ध हो रहे हैं उसके ज़िम्मेदार केवल चीफ़ जस्टिस ऑफ़ इंडिया संजीव खन्ना साहब हैं।ज्ज् इसके बाद भाजपा के राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार, कोई भी लोकसभा और राज्या को निर्देशित नहीं कर सकता है।

भाजपा के दो-दो सांसदों ने सीधे सर्वोच्च न्यायालय की ईमानदारी, लोकतंत्र और संविधान के लिए प्रतिबद्धता और एकनिष्ठता पर सवाल उठाए, लेकिन भाजपा ने इन पंक्तियों के लिखे जाने तक इन दोनों पर कोई कार्रवाई नहीं की है, न ही प्रधानमंत्री या गृहमंत्री की तरफ से कोई खेद का वक्तव्य आया है। क्योंकि निशिकांत दुबे ने अगर सीजेआई संजीव खन्ना पर गृहयुद्ध भड़काने का आरोप लगाया है, तो उन्हें इसके सबूत देने चाहिए कि देश के कौन से हिस्से में उन्होंने गृहयुद्ध देखा है और गृहमंत्री, प्रधानमंत्री को यह गृहयुद्ध क्यों नहीं दिखा, अगर दिखा तो इसे रोकने के लिए उन्होंने क्या किया।जाहिर है निशिकांत दुबे ने भाजपा आलाकमान के संरक्षण में ही ऐसे गंभीर आरोप लगाए हैं, हालांकि इस पर विपक्ष ने जब जवाबी हमले शुरु किए तो भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की सफाई आ गई कि पार्टी का इस बयान से कोई लेना देना नहीं है। जेपी न... ने एक्स पर इसको लेकर लिखा, च्बीजेपी सांस... निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा का न्यायपालिका ए... देश के चीफ़ जस्टिस पर दिए गए बयान से भारती... जनता पार्टी का कोई लेनाङ्कदेना नहीं है. यह इनक... व्यक्तिगत बयान है, लेकिन बीजेपी ऐसे बयानों से न ... कोई इत्तेफाक रखती है और न ही कभी भी ऐसे बया... का समर्थन करती है. बीजेपी इन बयान को सिरे ... खारिज करती है.

उन्होंने लिखा, भारतीय जनता पार्टी ने सदैव ... न्यायपालिका का सम्मान किया है, उनके आदेशों औ... सुझावों को सहर्ष स्वीकार किया है क्योंकि, एक पार्टी ... नाते हमारा मानना है कि सर्वोच्च न्यायालय सहित दे... की सभी अदालतें हमारे लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं त... संविधान के संरक्षण का मजबूत आधार स्तंभ हैं. मैंने इ... दोनों को और सभी को ऐसे बयान ना देने के लि... निर्देशित किया है।

# न्यायपालिका को भी मीडिया की तरह गोदी में चाहते हैं!



फिलहाल तो अमेरिका से भारतीय स्टूडेंट निकाले जा रहे हैं। उनके वीजा रद्द किए जा रहे हैं। अमेरिका ने जिन विभिन्न देशों के स्टूडेंट के वीजा रद्द किए हैं उन कुल 327 में से आधे भारतीय हैं। बाकी आधे में बहुत सारे देशों के स्टूडेंट हैं। शायद इसमें भी गर्व कर लें कि पचास प्रतिशत की हिस्सेदारी अकेले हमारी है। बाकी पचास में पूरी दुनिया है।

प्रतिक्रियावाद का यह पुराना तरीका है। करो खुद आरोप दूसरे पर लगा दो। प्रतिक्रियावाद दक्षिणपंथ पाखंड पर ही चलता है। मूल उद्देश्य होता है लोगों को बेवकूफ बनाकर अपना काम निकालना। इसके लिए वे कुछ भी कह सकते हैं। किसी पर भी कोई भी आरोप लगा सकते हैं।

ताजा उदाहरण है निशिकांत दुबे का। न्यायपालिका पिछले कुछ समय से काफी दब कर काम कर रही है। लेकिन शिकायत यह है कि वैसी जी हुजुरी में नहीं आ रही जैसी मीडिया आ गई है। बीच-बीच में कुछ फैसले अपनी साख बचाने के लिए दे देती है। हालांकि इससे सरकार पर कोई फर्क नहीं पड़ता मगर इतना सिर उठाना भी वह बर्दाश्त नहीं करती। फासिज्म तानाशाही यही है। लोकतंत्र से चुनकर आकर लोकतंत्र को सीमित करने की कोशिश। नाम संविधान का लेना, सिर पर लगाना। लेकिन काम उसके ठीक विपरीत करना और आरोप दूसरों पर लगा देना।

हिंसा, क्रूरता, असत्य बोलना और पाखंड यह कि प्रचार करना कि वह करता है। इसे कई बार हम सास दृष्टि या बाराती मानसिकता भी कहते हैं। सास से मतलब महिला नहीं पूरी ससुराल जिसमें पुरुष भी आते हैं जो उस सोच के हों। वे हर आरोप बहू पर मढ़ते रहते हैं। उद्देश्य वही होता है और दबो! ऐसे ही दूसरी हमारे यहां सबसे खराब मानसिकता होती है बारात की। अच्छा भला आदमी भी बारात में बाराती बन जाता है। उसके अंदर का दुष्ट भाव पूरी तरह निकल कर सामने आ जाता है कि यह है तो क्यों है? और यह नहीं है तो क्यों नहीं है? और झुको!

निशिकांत दुबे के जरिए भाजपा यही करवा रही है। सुप्रीम कोर्ट पर हमला और व्यक्तिगत रूप से चीफ जस्टिस संजीव खन्ना पर जब लगा कि मैसेज गलत चला गया तो भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी को इससे दूर कर लिया। और निशिकांत दुबे जिनका उपयोग इन दिनों भाजपा सर्वाधिक कर रही है तत्काल दूसरे और असली मुद्दे पर आ गए।

इस बार उन्होंने वही खेल खेला है जो मोदी जी 11 सालों से खेल रहे हैं। मुस्लिम को निशाना बनाना। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी को मुस्लिम आयुक्त बोला। मुस्लिम को निशाने पर रखना। हमेशा संदेह के घेरे में। कोशिश वही कि दूसरे समाज में नफरत बढ़े। कितने आश्चर्य की बात है कि इतने सारे विशेषणों से युक्त मोदी जी जिनमें विश्व गुरु का तमगा भी है 11 साल में भी जीत का कोई सभ्य, सुन्दर दुनिया में प्रचारित करने वाला मॉडल नहीं ढूंढ पाए। वही नफरत भरा विभाजन का तरीका इस्तेमाल किए जा रहे हैं। बांटो और राज करो। हिन्दू-मुसलमान, हिन्दू-मुसलमान !एसवाई कुरैशी हों या परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद या कोई भी उर्दू नाम वाला या खुद उर्दू ही इनके लिए सब सिर्फ मुस्लिम हैं और मुस्लिम मतलब शक के दायरे में। उर्दू पर याद आया उर्दू शब्द के इस्तेमाल तक पर सवाल उठाने लगे हैं। एक बड़ी खूबसूरत नज्म में कहा गया है कि %मैंने तो कभी खुद को मुसलमां नहीं माना!' उर्दू पर लिखी इकबाल अशहर की इस नज्म में कहा गया है कि %क्यों मुझ को बनाते हो तअस्सुब का निशाना, मैंने तो कभी खुद को मुसलमां नहीं माना!' तअस्सुब मतलब भेदभाव।खैर इनकी जो सियासत है, नफरत फैलाने की लोगों को बांटने की वह कब तक चलेगी और देश को कितना फायदा पहुंचाएगी यह देखने की बात है। भाजपा या मोदी तो यह समझते हैं कि उन्हें सत्ता में बने रहने का अचूक फार्मूला मिल गया है और वे स्थायी रूप से इस पर काबिज रहेंगे।शुभकामनाएं! और क्या कह सकते हैं। उन्हें आता ही वह है। बस देखना यह है कि देश कितनी तरक्की करता है। खुद ही खुद को विश्वगुरू कहने से विदेशों में मान कितना बढ़ता है। फिलहाल तो अमेरिका से भारतीय स्टूडेंट निकाले जा रहे हैं। उनके वीजा रद्द किए जा रहे हैं। अमेरिका ने जिन विभिन्न देशों के स्टूडेंट के वीजा रद्द किए हैं उन कुल 327 में से आधे भारतीय हैं। बाकी आधे में बहुत सारे देशों के स्टूडेंट हैं। शायद इसमें भी गर्व कर लें कि पचास प्रतिशत की हिस्सेदारी अकेले हमारी है। बाकी पचास में पूरी दुनिया है। लोगों का जहन इतना छोटा समझ लिया है कि उन्हें किसी भी बात पर गर्व करने को कह दो समझते हैं वह कर लेंगे। गोबर पर भी! हथकड़ी बेड़ी लगाकर भारत भेजने पर भी। सामने प्रधानमंत्री को बिठाकर भारत का अपमान करने पर भी। किसी पर भी गर्वित हुआ जा सकता है। इस हीनता बोध ( इनफियरटी काम्प्लेक्स) का कोई इलाज नहीं है। इसी के कारण रोज नेहरू का कद छोटा करने की कोशिश होती है। इन्दिरा गांधी और अब राहुल की भी।मगर राहुल इन सब दौर से निकल चुके हैं। अब उन पर इन तानों, उपहासों, कद कम करने की कोशिश का कोई असर नहीं होता। इसलिए अब उनकी गिरफ्तारी का जाल फैलाया गया है। नेशनल हेराल्ड मामले जिस में एक पैसे का भी यहां से वहां लेन-देन नहीं हुआ उसमें ईडी काला धन ढूंढ रही है। मनी लांड्रिंग। खुद अपनी कही बात भूल जाते हैं। कहा तो यह था कि टेम्पों में भर-भर कर नोट कांग्रेस कार्यालय पहुंच रहे हैं। कार्रवाई उस पर करना थी। मगर आजादी का नाम भी मिटाना है। इसलिए उसकी लड़ाई लड़ने वाले नेशनल हेराल्ड को बदनाम किया जा रहा है।

नेहरू का वह अख़बार जिसने पूरी दुनिया के सामने आजादी के आन्दोलन की सही तस्वीर रखी। जैसा आज गोदी मीडिया है उस समय भी था।अंग्रेजों के सारे काले कारनामों को गोरा बनाता था। ठीक आज की तरह। उस समय नेहरू ने वह अख़बार निकाला जो आजादी के आन्दोलन का परचम बन गया। आज तो वह उसकी छाया भी नहीं है। क्या लिखता है क्या नहीं खुद राहुल, सोनिया को भी पता नहीं है। अभी जब अहमदाबाद में राहुल संघ के अख़बार आर्गनाइजर का ज़िक्र कर रहे थे। तो हमने लिखा था कि राहुल को आर्गनाइजर के बारे में तो मालूम है क्या लिखता है मगर क्या अपने अख़बार नेशनल हेराल्ड के बारे में भी कुछ पता है?खैर वह समस्या कांग्रेस में हर स्तर पर है। राहुल मेहनत बहुत करते हैं। सबसे बड़ा गुण। डरते नहीं हैं। इस बुरे समय में जब खुलकर कहा जाता है कि डरना तो चाहिए! हरेन पंड्या से लेकर जज लोया तक के उदाहरण दिए जाते हैं तब कोई एक आदमी हिम्मत से खड़ा ऱहता है तो यह बड़ी बात है। अंग्रेजों के टाइम में बहुत अत्याचार होते थे। मगर टारगेट किलिंग नहीं होती थीं।एनकाउंटर, बुलडोजर की धमकियां नहीं होती थीं। अभी खुलेआम समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को जान से मारने की धमकियां दी जा रही है। ऐसे में राहुल, अखिलेश, तेजस्वी यादव का डटे रहना निश्चित ही रूप से बड़ी बात है। लोकतंत्र के लिए बड़ी उम्मीद है और यह उम्मीद टूटे जनता उसी निराशा में रहे। पांच किलो मुफ्त अनाज ही उसके जीवन का उद्देश्य बन जाए इसलिए उसे हिन्दू-मुसलमान से बाहर सोचने नहीं देते हैं। जो इसके खिलाफ बोलता है उसके खिलाफ ही एक झूठी कहानी शुरू कर देते हैं।अदालतों ने तो अभी बलात्कार की दोषी खुद लड़की, नाड़ा तोड़ना, कपड़े उतारने की कोशिश यहां तक कि प्राइवेट पार्ट छूने की कोशिश को भी बलात्कार का प्रयास नहीं माना। ऐसे जाने कितने फैसले हैं जो 11 साल पहले नहीं आ सकते थे। खुद चीफ जस्टिस आफ इन्डिया चन्द्रचूड़ ने कहा कि हम विपक्ष नहीं हैं। किसने पूछा था? खुद ही सफाई। क्या मतलब? सत्ता पक्ष हैं और इसीलिए अपने फैसलों के लिए कहते हैं कि वह भगवान ने लिखवाया। सुप्रीम कोर्ट के जज अपना डर लेकर मीडिया के सामने आए। कहा सुप्रीम कोर्ट खतरे में है। लोकतंत्र कैसे बचेगा? बड़ी लड़ाई है। लोकतंत्र बचाने की। संविधान बचाने की। उनके हमले भी तेज हैं। रोज नया तरीका लाते हैं। विभाजन की शक की खाई को बढ़ाने का। खाइयों से देश कैसे बनता है पता नहीं! डूबने का गिरने का खतरा होता है यह सबको पता है। इतिहास यही कहता है! बाकी तो वे जानें जिनके हाथ में सत्ता है। और वे समझते हैं कि हमेशा रहेगी अनादि काल तक!

# रूखे बालों में चमक लाने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे




जब हम अपने बालों को खोल कर ज्यादा धुल-मिटटी में जाते है तो ऐसे मे हमारे बाल रूखे और बेजान हो जाते है। ऐसे मे उनकी केयर करनी बहुत ही जरूरी होती है नही तो हमारे बोल टूट कर झड़ जाते है। कभी-कभी तो ज्यादा हेयर ड्रायर करने से, क्लोरीनेटर पानी से और स्टाइलिंग प्रोडक्ट भी हमारे बालों को बेजन बना देते हैं। ऐसे में रूखे बालों को कंघी करना बेहद मुश्किल काम हो जाता है। कंघी बालों में फंसती है और बाल टूट जाते हैं। आज हम आपके सामने रूखे और बेजान बालों की देखभाल करने के लिए ऐसे ही कुछ घरेलू उपाय लेकर आए हैं जिनहे अपनाकर आप अपने बालों में चमक ला सकती है।

1. दूध रूखे बालों को मुलायम करने के लिए एक कटोरी में कच्चा दूध लेकर रुई के फाहे से बालों की जड़ों और बालों में लगाएं और एक घंटे बाद सिर धो दें। 2. सीसम ऑइल

आप घर में सीसम ऑइल में नींबू का रस मिलाकर बालों और स्कैल्प पर आधा घंटा लगा कर रखें। बाद में गर्म पानी में एक टॉवेल को भिगो कर इसमें अपने बालो को लपेट लें और आधे घंटे बाद बालों को धो लें।

3. कद्दू बालों में चमच पाना चाहते है तो कद्दू के टुकड़ों को बॉयल कने के बाद ठंड़ा होने पर दही में मिलाकर 20 मिनट के लिए लगाएं।

4. कोका पाउडर दही में शहद, विनेगर, कोका पाउडर को मिला कर स्कैल्प और बालों में लगाएं



और कैप पहन लें। कुछ समय बाद में इनहे धो लें।

5. शुगर वाटर अगर आपके बाल झड रहें है तो पानी में एक चम्मच चीनी मिला कर बालों पर स्प्रे की तरह लगाएं। बाद में सूख जाने पर पनी से धो लें।

6. घी अगर आपके बालों में चमक नहीं है और रूखापन ज्यादा है तो देसी घी लगाएं। घी लगाने के कुछ समय बाद ही बालों को सैपू से धो लें।

7. ब्लैक टी ब्लैक टी बनाकर हफते में एक बार आधा घंटा लगा कर रखने से बालों में चमक आती है।

8.टी ट्री ऑयल टी ट्री ऑयल में शैंपू मिलाकर लगाने से बालों में चमक आती है क्योंकि इसमें एंटी फंगल और एंटी बेक्टेरिअल गुण होते है जो बालो को मजबार बनाए रखता है।

# 1 मिनट में चमकेगा चेहरा, बस अपनाएं ये बेस्ट तरीका!



लड़का हो या लड़की आजकल हर कोई गोरा और चमकदार चेहरा पाना चाहता है, जिस पर न तो पिंपल के दाग-धब्बे हो न ही झुर्रियां। वैसे तो जैसा हमारा खाना-पीना होगा, वैसे ही हमारे फेस और बालों की ग्रोथ होगी। अगर हमारा आहार पौष्टिक तत्वों से भरपूर नहीं है तो उसका असर हमारे चेहरे और बालों पर पड़ता है लेकिन खाने के साथ-साथ चेहरे और बालों की अलग से केयर करने की भी जरूरत होती है। इसके लिए आज के यंगस्टर्स महंगे से महंगे ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं लेकिन अगर कास्मेटिक की बजाए अगर घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल किया जाए तो बेहतर है क्योंकि इनका न तो कोई साइड इफैक्ट होता है और न ही पैसे की बर्बादी होती है। उबले हुए चावल का पानी जिसे हम मांड कहते हैं, सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है लेकिन शायद आप यह नहीं जानते होंगे कि यह पानी सेहत के साथ साथ स्किन के लिए बहुत ज्यादा फायदेमंद है। इससे आपकी खूबसूरती में चार चांद लग जाएंगे। हफ्ते में एक बार इस घरेलू तरीके को अपना कर आप सौंदर्य सबंधी कई समस्याओं से निजात पा सकते हैं।

**स्किन के लिए चावल का पानी**

चावल का पानी क्लींजर का काम करता है। चावल के पानी में प्रोटीन, विटामिन और एंटी-ऑक्सीडेंट की पर्याप्त मात्रा के कारण त्वचा में नमी बनी रहती है। साथ ही त्वचा की रंगत में निखार आता है और दाग धब्बे, झुर्रिया दूर होती है। अगर आपके चेहरे की स्किन ढीली ढाली हो गई है तो चावल के पानी से कसावट और पोर्स टाइट होंगे।

**कैसे करें इस्तेमाल**

एक कप चावल को पानी में अच्छी तरह से भिगो लें। आधे घंटे के बाद उसे गैस पर पकने दें। चावल पकने के बाद उसका माड़ निकाल लें और इसे ठंडा होने के लिए छोड़ दें। फिर उस पानी से अपने चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करें। मसाज करने के 10 मिनट बाद चावल के पानी से ही चेहरा धोएं और सूखे कपड़े से पोंछे। आपको तुरंत ही अपनी त्वचा में बदलाव नजर आने लगेगा। बालों के लिए

**फायदेमंद**

त्वचा के साथ-साथ बालों के लिए भी चावल का पानी बहुत फायदेमंद होता है। अगर आपके बाल पतले या बेजान हैं तो चावलों के पानी से बालों को धोएं फिर शैम्पू और कंडीशनर करें लेकिन इन तरीकों को अपनाने से पहले डाक्टरी सलाह जरूर लें।

# फटी एड़ियों से हैं परेशान तो इस तरह घर पर करें इलाज





ज्यादातर महिलाएं अपने पैरों की फटी एड़ियों से बहुत परेशान होती है। ऐसे में जब पैरों में हलकी सी भी दरार आ जाती है तो चलते समय पैरों में दर्द होता रहता है। यह सब आपकी लापरवाही के कारण होता है। फटी एड़ियों से इंफेक्शन भी हो जाती हैं। आज हम आपको इनकी दर्द से छुटकारा पाने के घरेलू उपायों के बारें में बताएगें। जिनसे आपके पैरों का दर्द गायब हो जाएगी और पैर कोमल और खूहसूरत दिखाई देगे। - बेकिंग सोडा और दूध का घोल अगर आप अपने पैरों की तकलीफ को कम करना चाहते है तो बेकिंग सोडा और दूध का घोल घर पर तैयार करके अपनाना चाहिए। दूध एक प्राकृतिक मॉइस्चारइज़र है जिसमें लैक?टिक एसिड होता है जो कि आपकी त्वचा को मुलायम और कामल बनाता है।

- इस तरह से तैयार करें घोल

1. सबसे पहले एक टब लें और उसमें 1 कप दूध और थोड़ा सा बेकिंग पावडर मिक्स कर लें।



2. अब इस घोल में अपने पौरों को डुबोएं। 3. अगर दूध न हो तो आप टब में 2 कप मिल्क पावडर भी डाल सकते हैं।

4. असके बाद में अपने पैरों की फटी एड़ियों को अच्छे से रगंड़े।

5. बाद में पैरों को इसमें से निकाल कर तौलिए से साफ कर लें।

6. इस विधि को रोज़ाना करने पर ही आपको दर्द से फायदा मिलेगा।

# बढ़ती उम्र को थामनें में मददगार साबित होते है ये 5 एंटी एजिंग तेल

आजकल हर कोई चाहता है कि उनका चेहरा खिला और चमकता रहें, फिर चाहे वह महिला हो या पुरुष। ऐसे में आपकी बढ़ती उम्र आपके चाहरे पर झुर्रियां, त्वचा में रुखापन अदि छोड़ जाती है जिससे आपकी उम्र ज्यादा लगने लगती है। पर यह सब आपके खानपान से भी हो सकता है। आजकल बाजार में बहुत से ऐसे प्रोडक्ट्स आ रहे है जिनहें अपनाकर आप इन सब प्रोब्लेम्स को दूर कर सकते है और बढ़ती उम्र को भी रोकते है। पर जरूरी नहीं है कि यह उत्पाद हमारी त्वचा को ठीक हो। कभी-कभी इनसे नुकसान भी पहुंच सकता है।

आज हम आपको कुछ ऐसे एंटी-एजिंग तेलों के बारे में बताएगें जिनहे आप मार्केट में आसानी से खरीद सकती है। यह तेल आपकी बढ़ती उम्र को थामने में आपकी मदद करेगे। इनहे अपनाने से अपको बहुत से सौंदर्य लाभ हो सकते है। तो आइए जानते यह कौन से तेल है।

1. खुबानी की गिरी खुबानी की गिरी से बने हुए तेल में भरपूर मात्रा में लिनोलेनिक एसिड होता है जिसें लगाने से आपकी त्वचा अंदर कोमल, कोशिकाएं और कोलेजन उत्पादन अच्छा होता है। इसे लगाने से झुर्रियां भी ठीक हो जाती है।

2. बादाम तेल बादाम के तेल में विटामिन ई और विटामिन के पाया जाता है जिससे लगाने से त्वचा को चमकदार बनाई रखता है।

3. गरी का तेल गरी के तेल से चाहरे की मालिश करने से रूखापन दूर हो जाता है और पोषक तत्व भी मिल जाते है क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ई होता है

4. एवोकैडो तेल इस तेल में विटामिन ई और ए पाए जाते है। इसे लगाने से बढ़ती उम्र को रोका जा सकता है क्योंकि यह सबसे अच्छा स्वास्थ्यवर्धक तेल है।

5. आर्गन तेल अगर आपके चेहरे पर झुर्रियां पड़ गई है तो इसे लगाने से वह दूर हो जाती है और त्वचा को नमी व चमक आती है।



## राज्य सरकार देगी चूरू को दो बड़ी सौगातें: अम्बेडकर ऑडिटोरियम का निर्माण और एलिवेटेड रोड का कार्य जल्द शुरू : भजनलाल शर्मा

एजेंसी

**चूरू।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चूरू के विकास को लेकर ब?ी घोषणाएं करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान को विकसित राज्य बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसान, युवा, महिला और मजदूरों के कल्याण के साथ संकल्प पत्र के वादों को पूर्ण रूप से निभाया जाएगा। मुख्यमंत्रीचूरू के पुलिस लाइन मैदान में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिवस पर आयोजित संकल्प दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने चूरू में 'डॉ. अंबेडकर ऑडिटोरियम' के निर्माण की घोषणा की। साथ ही उन्होंने बताया कि चूरू में एलिवेटेड रोड का कार्य भी जल्द शुरू कराया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना जल समझौते के माध्यम से शेखावाटी क्षेत्र में यमुना का पानी लाने का सपना अब साकार होने की दिशा में है। इस समझौते की त्वरित क्रियान्विति के लिए राजस्थान व हरियाणा सरकारों की संयुक्त टास्क फोर्स बनाई गई है।उन्होंने बताया कि चूरू जिले के समग्र विकास के लिए पिछले दो बजटों में करीब 1000 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार सबका साथ लेकर एक विकसित भारत और विकसित राजस्थान की दिशा में निरंतर काम कर रही हैं।

## पोप फ्रांसिस के निधन पर भारत में तीन दिन का राजकीय शोक

**नई दिल्ली।** पोप फ्रांसिस के निधन पर भारत सरकार ने देशभर में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। गृह मंत्रालय ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि महामहिम पोप फ्रांसिस, सर्वोच्च धर्मगुरु का सोमवार, 21 अप्रैल 2025 को निधन हो गया। उनके सम्मान में भारत में तीन दिन का राजकीय शोक मनाया जाएगा। गृह मंत्रालय के अनुसार, राजकीय शोक का पहला चरण दो दिनों का होगा, जो मंगलवार, 22 अप्रैल और बुधवार, 23 अप्रैल को लागू रहेगा। तीसरा दिन पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के दिन मनाया जाएगा। इस दौरान पूरे भारत में उन सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, जहां इसे नियमित रूप से फहराया जाता है। साथ ही, इस अवधि में कोई भी आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित नहीं होगा। पोप फ्रांसिस, जिनका असली नाम जॉर्ज मारियो बर्गोलियो था, मार्च 2013 में पोप चुने गए थे। वह अपने सादगी भरे जीवन, सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर मुखर रुख के लिए विश्व भर में जाने जाते थे। उनके निधन से न केवल कैथोलिक समुदाय, बल्कि पूरी दुनिया में शोक की लहर है। भारत में भी उनके निधन पर कई नेताओं और संगठनों ने शोक व्यक्त किया है। देश में कई चर्चों के पादरियों ने भी उनके निधन पर शोक जताया है।

## टोंक में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का भव्य स्वागत, पूर्व विधायक अजीत मेहता ने भेंट की तलवार

**टोंक।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का कोटा प्रवास के दौरान टोंक में ऐतिहासिक और पारंपरिक अंदाज़ में स्वागत किया गया। टोंक हाईवे स्थित होटल 'आस्था' पर आयोजित इस स्वागत समारोह का नेतृत्व पूर्व विधायक अजीत मेहता ने किया, जिन्होंने उपमुख्यमंत्री को राजस्थानी तलवार भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

**पारंपरिक अंदाज़ में हुआ स्वागत**

कार्यक्रम की शुरुआत में भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र सिंह चौधरी ने दिया कुमारी का पारंपरिक राजस्थानी चुनरी ओढ़ाकर सम्मान किया। इसके बाद भाजपा के विभिन्न मंडल अध्यक्षों–पं. दीनदयाल मंडल अध्यक्ष विष्णु चावला, मेहंदवास मंडल अध्यक्ष धर्मराज जाट और बड़वास मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुर्जर ने गुलदस्ते भेंट कर उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया।

**कार्यकर्ताओं को मिला भरोसा**

अपने स्वागत से अभिभूत दिया कुमारी ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि भाजपा सरकार में प्रत्येक कार्यकर्ता का कार्य प्राथमिकता और तीव्रता से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार संगठन के हर कार्यकर्ता को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बांस कपड़ा उत्पादन के लिए एक आदर्श संसाधन : गिरिराज सिंह

**देहरादून।** केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई ) में वस्त्र उद्योग के लिए बांस की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि कि बांस की तीव्र वृद्धि और संवहनीय गुण इसे कपड़ा उत्पादन के लिए एक आदर्श संसाधन के रूप में स्थापित करती है। यह आत्मनिर्भर, हरित अर्थव्यवस्था के सरकार के दृष्टिकोण को साकार करती है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने वन अनुसंधान संस्थान केंद्र का दौरा किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने वन अनुसंधान संस्थान के बोर्डरूम में एक बैठक की अध्यक्षता की। इस मौके पर राज्य के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री गणेश जोशी भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री ने बांस उत्पादन के लिए सभी प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह नौकरियों के सृजन, संवहनीयता और भारत को वैश्विक कपड़ा मानचित्र पर लाने में मद्दगार साबित होगा।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस परिवार सहित आमेर महल पहुंचे, जोरदार पारंपरिक स्वागत

एजेंसी

**जयपुर।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड (जेडी) वेंस अपने चार दिवसीय भारत दौरे के तहत अपने परिवार के साथ जयपुर के प्रसिद्ध आमेर महल पहुंचे। हाथी स्टैंड से खुली जिप्सी के माध्यम से उन्हें महल तक ले जाया गया। रास्ते में उन्होंने मावठा सरोवर और केसर क्यारी बाग की झलक भी जिप्सी से देखी।

महल के जलेब चौक में वेंस परिवार का पारंपरिक रूप से जोरदार स्वागत किया गया। दो सजावटी हथिनियां- पुष्पा और चंदा स्वागत के लिए विशेष रूप से सजी थीं। पुष्पा ने उन्हें प्रतीकात्मक आशीर्वाद दिया, जबकि चंदा ने फूलों की माला पहनाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी पत्नी, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भी वेंस और उनके परिवार का स्वागत किया। महावत बल्लू खान ने बताया कि दोनों हथिनियों को 350 वर्ष पुराने पारंपरिक गहनों से सजाया गया था, जिनमें कंठा और



पायजेब प्रमुख हैं। राजस्थानी लोक कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य और संगीत प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोहा। वेंस अपने परिवार के साथ आमेर महल की विस्तृत सैर कर रहे हैं। इसके बाद वे पन्ना मीना कुंड और अनोखी म्यूजियम भी देखेंगे। सुबह 11:30 बजे तक आमेर दौरा सम्पन्न होगा। दौरे के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बड़ी चौपड़ और चौड़ा रास्ता सहित कई प्रमुख बाजार अस्थायी रूप से बंद रहे। करीब ढाई हजार पुलिसकर्मी, आईपीएस और आरपीएस अधिकारी सुरक्षा में तैनात रहे। अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों की टीमें भी सक्रिय हैं। दोपहर में वेंस रामबाग पैलेस लौटेंगे, जहाँ अपने परिवार के साथ राजस्थानी व्यंजनों का लंच करेंगे। इसके बाद वे दोपहर 2¬45 बजे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित अमेरिकी बिजनेस समिट में शामिल होंगे, जहां वे उद्बोधन भी देंगे। बाद में वेंस की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर से मुलाकात प्रस्तावित है। शाम को वे अपने परिवार के साथ समय बिताएंगे।

गौरतलब है कि जेडी वेंस करीब 10 बजे जयपुर पहुंचे। उनके साथ उनकी भारतीय मूल की पत्नी उषा वेंस, और बच्चे इवान, विवेक तथा मीराबेल भी हैं। इससे पहले वे दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर चुके हैं।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर-केरपे व तोड़समपारा में हुई मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

एजेंसी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें एक नक्सली मारा गया और कई अन्य के मारे जाने या घायल होने की आशंका है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ में शामिल सभी सुरक्षा बल के जवान सुरक्षित हैं। मुठभेड़ में मारे गये नक्सली के शव की शिनाख्तगी की कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बीजापुर जिले के थाना बेदरे क्षेत्रान्तर्गत थाना बेदरे एवं सशस्त्र बल की 7/ई कंपनी कैंप नुगुर की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान एवं एरिया डॉमिनेशन पर केरपे की ओर निकली थी। अभियान के दौरान आज सोमवार शाम 5¬45 बजे के आस-पास केरपे एवं तोड़समपारा के मध्य पहले से घात लगाये बैठे नक्सलियों के द्वारा सुरक्षाबलों पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। सुरक्षा बलों के द्वारा जवाबी कार्रवाई की गई। मुठभेड़ समाप्त होने पर मुठभेड़ स्थल से एक नक्सली के शव के साथ 315 बोर राइफल,



टिफिन बम, पोच, पटाखे एवं नक्सली सामग्री बरामद किया गया है। मुठभेड़ स्थल पर खून के धब्बे एवं घसीटने के निशान मिले है, जिससे कई नक्सलियों के मारे जाने एवं घायल होने की प्रबल संभावना व्यक्त की गई है।

## गंगालूर कैम्प में करंट लगने से सीआरपीएफ जवान की मौत



एजेंसी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में स्थित सुरक्षा कैम्प में करंट लगने से सीआरपीएफ 195वीं बटालियन में पदस्थ जवान सुजाय पाल की मौत हो गई। घटना की पुष्टि बीजापुर एसपी जितेन्द्र यादव ने की है। रात्रि 9 बजे यह हादसा गंगालूर स्थित सीआरपीएफ कैंप में हुआ। मृतक जवान सीआरपीएफ195वीं बटालियन में पदस्थ सुजाय पाल को करंट लगने के तुरंत बाद प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मुर्शिदाबाद डायरी 4-दंगाई मुस्लिम भीड़ से छुपकर सात दिन के नवजात के साथ जान हथेली पर रख सप्तमी पार कर गई नदी

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में दंगाई मुस्लिम भीड़ ने रूह कंपा देना वाला खूनी खेल खेला। यहां 20 फीसदी हिंदुओं के खिलाफ करीब 70 फीसदी पड़ोसी मुसलमानों के एकजुट हमले, लूटपाट और आगजनी की घटनाओं ने न केवल कई घरों को खाक कर दिया, बल्कि कई मासूम जिंदगियों को भी जिंदगी भर के लिए गुस्से और बदले की आग में झोंक दिया। सबसे रूह कंपाने वाली कहानी सप्तमी मंडल की है। वह प्रसव पीड़ा से उबर भी नहीं पाई थी कि उसे अपने नवजात शिशु को लेकर जान बचाने के लिए नदी पार करनी पड़ी। सात दिन पहले मां बनी सप्तमी को इतना भी वक्त नहीं मिला कि वो अपने नवजात की देखभाल ठीक से कर पाती। सप्तमी को बच्चे को दुनिया में आए महज सात दिन हुए थे। उसके घर में इसके आने की खुशी मनाई जा रही थी। इसकी किलकारी से इसके घर का कोना-कोना गूंज रहा था। अचानक शोर-गुल, तोड़-फोड़, लूट-पाट की आवाज में इसकी किलकारी दब गई। जब हिंसा का नंगा नाच शुरू हुआ और दंगाई मुस्लिम भीड़ ने घरों पर हमला बोला, तो उसकी मां ने अपने कंधे पर नवजात को रखा और भगवान के हवाले दोनों जिंदगियों को करके रात के अंधेरे में नदी के रास्ते



अनजाने सफर पर निकल पड़ी। बाद में यह मासूम भी अपनी मां के साथ अपने ही देश में शरणार्थी बना रहा। जब यह बड़ा होगा तो वह किन यादों को लेकर जीएगा जरा सोचिए। अगर बीएसएफ पांच मिनट और ले लेती, तो मैं और मेरा बच्चा नहीं बचतेसप्तमी की आंखों में आज भी उस रात का खौफ ताजा है। हिन्दुस्थान समाचार को वो बताती है, ÷शनिवार (12 अप्रैल) को हमारे पड़ोसी के घर को आग के हवाले कर दिया गया। हमारे घर पर पत्थर फेंके गए। मेरे माता-पिता और मैं घर के भीतर छुप गए। नवजात की तबीयत बिगड़ने लगी। पड़ोस के बाद हमारे घरों पर हमले शुरू हुए थे। तभी बीएसएफ आ गई और हम भाग निकले। अगर पांच मिनट देरी से बीएसएफ आई होती तो हमारी जान नहीं बचती। हमारी आबरू भी लूटने वाली थी।

धुलियान की रहने वाली सप्तमी ने बताया कि प्रसव पीड़ा से उबर भी नहीं पाई थी कि भागना पड़ा। उसने कहा, बीएसएफ को आने में पांच मिनट की और देर होती, तो हमारे गांव की कई जिंदगियां खत्म हो जाने वाली थी। दंगाई पूरी तरह से हमारे घर को घेर चुके थे। मैंने अपने बच्चे को कंधे पर रखा और जैसे-तैसे नदी पार करके मालदा पहुंची। वहीं एक गांव ने हमें शरण दी।

# मप्र के शहडोल में बारातियों से भरा पिकअप वाहन पलटा, छह लोगों की मौत और 24 घायल

एजेंसी

**शहडोल।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में देवलौंद थाना क्षेत्र अंतर्गत करौंदिया गड़ा रोड पर सोमवार शाम को बारातियों से भरा पिकअप वाहन एक बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में वाहन के नीचे दबने से छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 24 लोग घायल हो गए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को एंबुलेंस की मदद से बाणसागर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं छह गंभीर घायलों को रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है। देवलौंद थाना प्रभारी डीके दहिया ने बताया कि बैगा परिवार की बारात ग्राम बहेरा डोल के मझौली से देवलौंद के करौंदिया गांव आई थी। बारात विदा होकर वापस लौट रही थी। इसी दौरान



सोमवार शाम करीब चार बजे करौंदिया गड़ा रोड पर सामने से आ रही बाइक से पिकअप वाहन की टक्कर हो गई। हादसे के बाद वहां चीख-पुकार मच गई। कई लोग पिकअप के नीचे दब गए थे। सूचना पर मौके पर पुलिस बल पहुंच गया। एम्बुलेंस और आसपास के थानों की पुलिस भी राहत कार्य में जुटी रही। थाना प्रभारी दहिया ने बताया कि अभी तक चार मृतकों के नाम सामने आए हैं। इनमें रामभान बैगा, गोरेलाल बैगा, शिवपूजन बैगा और रामलाल बैगा है। दो अन्य मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। घायलों का इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में ले जाकर भर्ती करवाया जा रहा है। घायल बाराती अमृता मेहरा ने बताया कि हम तो गाड़ी में बैठे थे। पिकअप में करीब 20 से 30 लोग बैठे थे। गाड़ी अचानक बाइक से भिड़ गई। इससे पिकअप पलट गई। पुलिस के अनुसार दूल्हा-दुल्हन अन्य वाहन में सवार थे। पिकअप में सिर्फ बाराती बैठे थे। हादसे के बाद शहडोल कलेक्टर डॉ केदार सिंह और एसपी रामजी श्रीवास्तव घटनास्थल पर पहुंचे। उनके साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी थे। गंभीर घायलों को रीवा मेडिकल अस्पताल रेफर किया है। बाइक सवार श्यामवती बाई ने बताया कि मैं अपने पति जगजीत के साथ बाइक से बाजार जा रही थी।

## रामबन बाढ़: जम्मू-श्रीनगर हाईवे लगातार तीसरे दिन भी बंद रहा

एजेंसी

**जम्मू ।** जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे लगातार तीसरे दिन भी बंद रहा। अधिकारियों ने कहा कि हाईवे को बहाल करने में पांच दिन और लगेंगे। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के इंजीनियरों ने बताया कि हाईवे 22 स्थानों पर क्षतिग्रस्त है और मरम्मत का काम तेजी से किया जा रहा है। रामबन जिले में अचानक आई बाढ़ के कारण हुए भूस्खलन में तीन लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 से अधिक लोगों को बचाया गया था। जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे का लगभग 4 से 5 किलोमीटर हिस्सा पूरी तरह बह गया और मलबे के नीचे कई वाहन दब गए। कई सौ यात्री हाईवे पर फंसे हुए हैं। अधिकारी फंसे हुए यात्रियों को आश्रय और भोजन उपलब्ध कराने के लिए आगे आए हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला राहत अभियान का व्यक्तिगत निरीक्षण करने और नुकसान का आकलन करने के लिए सोमवार को हाईवे पर काली मोड़ पहुंचे थे। सीएम ने कहा था कि नुकसान बहुत बड़ा है, लेकिन आपदा स्थानीय स्तर पर हुई है। इसलिए इसे 'राष्ट्रीय आपदा' घोषित नहीं किया जा सकता। हालांकि, मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने आश्वासन दिया कि प्रभावित परिवारों को हर संभव राहत और सहायता प्रदान की जाएगी। वहीं, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार से प्रभावित परिवारों के लिए राहत राशि देने का अनुरोध किया है। इस बीच, कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर वीके बिधूड़ी ने घाटी के लोगों से फिर अपील की है कि वे घबराहट में खरीदारी न करें, क्योंकि यहां दो हफ्तों तक चलने के लिए खाद्यान्न और पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार है।

# सेवा एवं त्याग भारत की पहचान है: दत्तात्रेय होसबले

एजेंसी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि सेवा एवं त्याग भारत की पहचान है। भारत आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक के साथ-साथ सेवा एवं त्याग की भूमि है। उन्होंने कहा कि भारत में यात्राओं के माध्यम से सेवा की एक सुदीर्घ परम्परा रही है। एनएमओ के ध्येय मंत्र 'न त्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम्। कामये दुःखतातानां प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्' के भाव से सुदूर क्षेत्रों में जाकर जिन चिकित्सकों सेवा कार्य किया है, उनके प्रति समाज को कृतज्ञ रहना चाहिए। सरकार्यवाह दत्तात्रेय सोमवार को गोमतीनगर विस्तार स्थित सीएमएस के सभागार में आयोजित गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के कार्यकर्ता सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यातिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के साथ सीएम योगी ने भगवान श्री धन्वंतरी, भारत माता, गुरु गोरखनाथ और स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि केवल पैसे कमाने वाले चिकित्सक न बनें सेवा करने वाले बनें। सेवा के लिए हृदय में तड़पन चाहिए। भारत की सभ्यता व संस्कृति में दैवीय भाव है। इसलिए सेवा में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। हम प्राणिमात्र के कल्याण की बात करते हैं। तो एनएमओ और उससे जुड़े



चिकित्सकों की साधना अत्यंत प्रशंसनीय है। यह यात्रा मेडिकल के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। सरकार्यवाह ने कहा कि जनता,सामाजिक संगठन और सरकार जब मिलकर सेवा कार्य करते हैं तो उसके अदभुत परिणाम आते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में यात्राओं की एक लंबी श्रृंखला रही है। आदि शंकराचार्य ने भी शंकर दिग्विजय यात्रा के माध्यम से भारत को सांस्कृतिक रूप से जोड़ा था। ऐसी धार्मिक यात्राएं केवल आस्था नहीं, बल्कि समाज को एकसूत्र में बांधने का माध्यम होती हैं। उन्होंने कहा, उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक भारत आदिकाल से एक सांस्कृतिक इकाई रहा है और धार्मिक यात्राओं पर कोई प्रतिबंध नहीं लगा सका। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में भी ऐसी ही एकता को पुनः स्थापित करने का कार्य पांच साल पहले प्रारंभ हुआ। कैंसर संस्थान के निदेशक डा.एमएलबी भट्ट ने कहा कि लखनऊ में टेली मेडिसिन सेंटर की स्थापना गुरू गोरखनाथ सेवा न्यास की ओर से की जायेगी। इसके अलावा अयोध्या में प्रतिवर्ष स्वास्थ्य मेला लगाया जायेगा। उल्लेखनीय है कि नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन अवध एवं गोरक्ष प्रांत तथा श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के संयुक्त तत्वावधान में भारत नेपाल सीमा के वनवासी क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। पांचवी स्वास्थ्य सेवा यात्रा के दौरान 253 चिकित्सा शिविरों में 2,18,750 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गयी।

# चार अलग-अलग सड़क हादसों में 20 लोगों की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया दुख

एजेंसी

**भोपाल।**देर रात से लेकर सोमवार शाम तक हुए चार अलग-अलग सड़क हादसों में मध्य प्रदेश के 20 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश के रायसेन, टीकमगढ़, शहडोल और चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) में हुई इस सड़क दुर्घटनाओं में प्रदेश के नागरिकों के असामयिक निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से सभी मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये एवं गंभीर घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि वे दुख की इस घड़ी में शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि इन सड़क दुर्घटनाओं में दिवंगत नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए बाबा




महाकाल से प्रार्थना है। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना है। संबंधित जिलों के प्रशासनिक अमले को प्रभावित परिवारों की सहायता के निर्देश दिए गए हैं उल्लेखनीय है कि चित्तौड़गढ़ के निंबाहेड़ा क्षेत्र में रात एक कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई, जिससे कार में सवार सात में से चार नागरिकों का निधन हो गया, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दुर्घटना में मृत सभी लोग उज्जैन के निवासी थे, जो धार्मिकि यात्रा के लिए सांवलिया सेठ मंदिर जा रहे थे। इसी तरह टीकमगढ़ जिले में रविवार को एक एसयूवी और दो मोटरसाइकिल की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक ही परिवार के तीन सदस्य भी शामिल हैं। इस दुर्घटना में बाइक सवार एक अन्य युवक की भी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। तीसरी दुर्घटना रायसेन जिले में भोपाल-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह हुई, जिसमें छह लोगों की जान चली गई। यहां एक टेम्पो ट्रैक्स (तूफान) पहले पुलिया से टकराई, इसके बाद 10 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में दूल्हा-दुल्हन समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। ये सभी शादी समारोह से इंदौर लौट रहे थे। चौथी घटना शहडोल जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र अंतर्गत करौंदिया गड़ा रोड पर सोमवार शाम को करीब चार बजे हुई। यहां एक बाइक को टक्कर मारने के बाद बारातियों से भरा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में वाहन के नीचे दबने से छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 24 लोग घायल हो गए हैं।

## सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, देश में अर्धसत्य और पूरा झूठ बोलने का ट्रेंड चल रहा, भाजपा पर साधा निशाना

एजेंसी

**रायपुर ।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगी। इससे पहले उन्होंने मीडिया से बात करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। रायपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि इस देश में अर्धसत्य और पूरा झूठ बोलने का ट्रेंड चल रहा है। झूठ को जोर से बोला जाता है, लेकिन सत्य को भी उतनी ही हुंकार भरकर बोलना चाहिए। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि वे रायपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने के लिए आई हैं। हम कुछ बातों को मीडिया के माध्यम से जनता के सामने लाएंगे। विदेश में राहुल गांधी द्वारा चुनावी प्रणाली पर उठाए गए सवाल पर उन्होंने कहा कि क्या लगता है इस देश में निष्पक्ष चुनाव हो रहे हैं? इसके लिए उन्होंने महाराष्ट्र का उदाहरण दिया। उन्होंने सवाल किया कि महाराष्ट्र में 9 करोड़ 54 लाख व्यस्क आबादी है, वहीं पर 9 करोड़ 70 लाख मतदाता कैसे बन सकते हैं। बहुत सारी ऐसी चीजें हैं, जो इस देश की इस चुनाव प्रणाली पर सवाल उठाती हैं। राहुल गांधी ने विदेश में जो कहा है, वो नेता प्रतिपक्ष होने के नाते उनका कर्तव्य है। भाजपा का कहना है कि राहुल गांधी विदेश में जाकर भारत का अपमान कर रहे हैं के सवाल पर सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि भाजपा इससे बेहतर और क्या कह सकती है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, जर्मनी, कनाडा और अमेरिका जाकर कहते हैं कि 2014 से पहले जो हिंदुस्तान में पैदा हुआ वो खुद को कोसता था।

## पिता को जैसे खत्म किया, वैसे ही तुझे...,' बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान को मिली 'जान से मारने की धमकी

एजेंसी

**मुंबई ।** मुंबई पुलिस ने दिवंगत बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी देने के मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना सोमवार को सामने आई, जब जीशान को एक धमकी भरा ईमेल मिला। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जीशान सिद्दीकी को भेजे गए ईमेल में धमकी दी गई कि उनकी हत्या उनके पिता बाबा सिद्दीकी की तरह कर दी जाएगी। ईमेल में 10 करोड़ रुपए की मांग की गई और धमकाने वाले ने कहा कि वह हर छह घंटे में ऐसे



धमकी भरे ईमेल भेजेगा। इस धमकी से परेशान जीशान ने तुरंत मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, यह धमकी बाबा सिद्दीकी की हत्या से जोड़कर देखी जा रही है। बाबा सिद्दीकी एक प्रमुख एनसीपी नेता और व्यवसायी थे। उनकी पिछले साल गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड ने मुंबई में सनसनी फैला दी थी और अब उनके बेटे को मिली धमकी ने सुरक्षा चिंताओं को फिर से बढ़ा दिया है। जीशान खुद एक राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मुंबई पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है। जांच के तहत पुलिस उस ईमेल के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है। साइबर क्राइम सेल की मदद से ईमेल के आईपी एड्रेस और अन्य डिजिटल सुरागों की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या यह धमकी किसी संगठित आपराधिक गिरोह या व्यक्तिगत दुश्मनी से जुड़ी है। साथ ही जीशान और उनके परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



# उम्रदराज लोगों को होता है ऑस्टियोपोरोसिस

अक्सर उम्रदराज लोगों को आपने जोड़ों के दर्द की शिकायत करते सुना होगा, हड्डियों में तकलीफ की समस्या भी आम होती है। वृद्धों की इस आम समस्या को ऑस्टियोपोरोसिस कहा जाता है। इस बीमारी के रोगियों में रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) प्राप्त महिलाओं और उम्रदराज लोगों की संख्या ही ज्यादा होती है। एक अनुमान के मुताबिक दुनिया में लगभग दस करोड़ लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। केवल भारत में इसके रोगियों की संख्या लगभग छह करोड़ दस लाख है, जिसमें 60-70 प्रतिशत महिलाएं हैं। पुरुषों को इस रोग का खतरा चालीस वर्ष की उम्र से तो महिलाओं को लगभग पैंतीस वर्ष की उम्र से होता है।

इस बीमारी में हड्डियां भुरभरी हो जाती हैं। साथ ही हड्डियों के ऊतकों का घनत्व कम हो जाता है, इस कारण किसी भी झटके से उनके टूटने की आशंका बढ़ जाती है।

उम्र का बढ़ना और कैल्शियम की कमी ऑस्टियोपोरोसिस को आमंत्रित करने वाले मुख्य कारण हैं। कैल्शियम हमारी हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, इसकी कमी से हड्डियां कमजोर पड़ जाती हैं और उनके टूटने की दर बढ़ जाती है। रजोनिवृति के बाद महिलाओं में एस्ट्रोजन हारमोन की कमी के कारण इस रोग की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

नीचे झुकने या सामान्य अवस्था में कमर दर्द होना और झुकने से कद कम होना इस बीमारी के सामान्य लक्षण हैं। इस बीमारी से अक्सर रीढ़ की हड्डी में भी विकृति आ जाती है, अतः रीढ़ की हड्डी में थोड़े से भी परिवर्तन को हल्के तौर पर ना लें। रोजमर्रा के काम जैसे कुछ चीज उठाने के लिए नीचे झुकने, बिस्तर बिछाने के लिए नीचे झुकने या किसी हल्के झटके जैसे बस या आटो रिक्शा की पिछली सीट पर लगे झटके से हड्डियों में बार-बार होने वाला फ्रैक्चर भी ऑस्टियोपोरोसिस की निशानी है।


यों तो सम्पूर्ण शरीर की हड्डियां इससे प्रभावित होती हैं। परन्तु सामान्य रूप से कूल्हे, कलाई और रीढ़ की हड्डियां ही इस रोग की मुख्य शिकार होती हैं। इसके परिणाम इस कदर भयंकर हो सकते हैं कि रीढ़ की हड्डी टूटने से कंधे झुक सकते हैं और कद छह इंच तक कम हो सकता है। कूल्हे का फ्रैक्चर होने की स्थित मिं अक्सर शल्य चिकित्सा के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है। ऐसे रोगियों के अध्ययनों से यह निष्कर्ष सामने आया है कि कूल्हे के फ्रैक्चर वाले लगभग पचास प्रतिशत रोगी पूर्णतया ठीक नहीं हो पाते, वे सदा के लिए ही बिस्तर से बंध जाते हैं।

इस बीमारी का पता लगाना ज्यादा मुश्किल नहीं है विशेषकर महिलाओं में आसानी से इसका पता लग सकता है। वैसे तो बोन डेनसिटीमीटर से कुछ ही पलों में इस रोग का पता लगाया जा सकता है, पर एक साधारण से रिस्ट टेस्ट के द्वारा इस रोग का घर बैठे ही पता लगाया जा सकता है। इसके लिए कुछ साधारण प्रश्न आप खुद से पूछ सकती हैं, जिससे पता चला सकता है कि आपको यह बीमारी होने की आशंका है कि नहीं।

- क्या आप एक रजोनिवृत्त महिला हैं और क्या आपको पैंतालीस वर्ष की आयु से पहले ही रजोनिवृत्ति हो गई थी?
- क्या आप शारीरिक तौर पर सक्रिय नहीं हैं?
- क्या आप अपने आहार में कैल्शियमयुक्त खाद्य पदार्थ जैसे दूध और दूध से बनी चीजें कम लेती हैं?
- क्या आपकी या परिवार के किसी नजदीकी सदस्य की हड्डी किसी हल्के से झटके से टूटी है?
- क्या आप दमा या आर्थराइटिस के लिए कोर्टिकोस्टिरॉटड दवा छह महीने से ले रही हैं?

ऊपर लिखे प्रश्नों में से यदि एक प्रश्न का भी उत्तर हां है तो आपको ऑस्टियोपोरोसिस की आशंका हो सकती है, ऐसे में तुरंत डॉक्टरी सलाह लेना उचित रहेगा।

ऑस्टियोपोरोसिस का पता लगाने के लिए डॉक्टर अल्ट्रासाउंड बोन डेन्सिटोमीटर टेस्ट का सहारा लेते हैं। इससे अस्थियों में नुकसान की दर, फ्रैक्चर होने की संभावनाओं, इलाज के प्रभावों आदि की जानकारी मिल जाती है। इसमें एल्कोहल में भीगी रूई से टखनों के किनारों को साफ करके पैर को एक रेडिएशन फ्री मशीन के भीतर रखना होता है। मशीन में पैर फिट होने के बाद रीडिंग ली जाती है और दो मिनट में ही परीक्षण की रिपोर्ट सामने आ जाती है। जांच से पहले सामान्य खाना ही खाएं, इस बात का ध्यान रखें कि इस परीक्षण के चौबीस घंटे पहले कैल्शियम की खुराक न लें। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि परीक्षण से सात दिन पहले तक कोई बेरियम-स्टडी रेडियो आइसोटोप इंजेक्शन अथवा सीटी अथवा एम.आर.आई परीक्षण के लिए ओरल या आई.वी कान्ट्रास्ट न लिया गया हो।



**कुछ आसान से छोटे-छोटे व्यायाम भी आपको इस बीमारी से बचा सकते हैं। इनमें से कुछ इस प्रकार हैं-**

- फर्श पर लेट जाएं। दोनों हाथों को पेट पर रखकर घुटनों को 90 डिग्री के कोण में मोड़ें। अब कंधों को जमीन से सटाकर रखें और सिर को ऊंचा उठाएं, फिर धीरे-धीरे नीचे ले जाएं। इसे दस-पन्द्रह बार दोहराना चाहिए।
- पेट के नीचे तकिया रखकर फर्श पर पेट के बल लेट जाएं। दोनों हाथ नितम्बों पर रखें। अब सिर को फर्श तक झुकाएं और फिर जितना उठा सकें उठाएं। इस प्रक्रिया की पुनरावृत्ति दस से पन्द्रह बार करें।
- कुर्सी पर कुछ इस प्रकार बैठें कि आपकी पीठ कुर्सी से सटी हो। सिर के पीछे दोनों हाथों को क्रास करें। कोहनियों को पीछे की ओर खींचते हुए लंबी सांस लें और सांस छोड़ते हुए वापस पूर्व स्थिति में आ जाएं। ऐसा दस-पन्द्रह बार करें।
- हाथों और घुटनों के बल झुकें। एक घुटने को कमर की ऊंचाई तक ले जाएं फिर वापस पूर्व स्थिति में ले आंए। दूसरे पैर से यही व्यायाम करें। इस क्रिया को भी दस से पन्द्रह बार दोहराना उचित रहेगा।
- फर्श पर सीधे लेटें और दोनों हाथ पेट पर रखें। अब पैरों को फर्श से लगभग एक इंच ऊपर उठाएं इसमें ध्यान रखें कि घुटने आपस में जुड़े हों। इस स्थित मिं कुछ सेकेण्ड रुकने के बाद पैरों को नीचे ले आएं। ऐसे पांच से दस बार करें।
- कुर्सी पर पीठ लगाकर सीधे बैठें। बाहों को किनारे पर टिकाएं और पैरों को फर्श पर सीधे रखे। फिर अपने कंधों को पीछे की ओर धकेलने का प्रयास करे और फिर पहली वाली अवस्था में वापस आ जाएं। इसे भी दस या पन्द्रह बार दोहराएं।

एक अहम बात यह है कि इन व्यायामों को करने से पूर्व किसी विशेषज्ञ से परामर्श जरूर लें।

जहां तक खान-पान का प्रश्न है, सदैव ऐसा संतुलित आहार जिसमें पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम हो, इसके साथ ही फल जैसे नाशपाती, केला, अमरूद और अंजीर आदि भी लें। दालें, बादाम, अखरोट, टमाटर, मूंगफली, सोयाबीन, राजमा, पत्तागोभी, मेथी, मछली और ऑयस्टर मांस की पर्याप्त मात्रा भी भोजन में शामिल की जानी चाहिए।

कैफीन और एल्कोहल से बचना फायदेमंद होता है। सिगरेट से बचना भी जरूरी है क्योंकि यह एक्ट्रोजन के स्तर को कम करती है और महिलाओं में रजोनिवृति के समय हड्डियों के घनत्व पर बुरा असर डालती है। कार्बोनेटिक पेय और सोड़ा आदि भी न लें क्योंकि इसमें उपस्थित फास्फोरस आपके शरीर में उपस्थित कैल्शियम की अतिरिक्त मात्रा में कमी कर सकता है।

ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए संतुलित आहार और नियमित व्यायाम जरूरी है हर सांतवे से दसवें वर्ष में पुरानी हड्डियों का स्थान नई हड्डियां ले लेती हैं। बड़े होने पर मजबूत हड्डियां हों इसलिए बचपन से भी हड्डियों की मजबूती का ध्यान रखना जरूरी होता है।

# एक अनानास करे कई बीमारियों का नाश



अनानास का नाम सुनते ही बच्चे हों या बड़े इसे खाने से कतराते हैं। देखने में खूबसूरत लगने वाला यह फल खाने में उतना ही खट्टा और एसिडिक होता है। मगर अनानास जूस से भरा बेहतरीन फल है। इसका ट्रापिकल फ्लेवर मीठे और खट्टे दोनों को सही बैलेंस करता है। गर्मी हो या सर्दी यह कभी भी खाया जा सकता है। मगर ज्यादातर लोग इसे गर्मी में खाना पसंद करते हैं। इसे नमक और चाट मसाले के साथ खाएं, तो यह स्वादिष्ट लगता है।

अनानास में विटामिन्स और मिनरल्स की भरपूर मात्रा होती है। जैसे विटामिन ए और सी। कैल्शियम, पोटाशियम और फास्फोरस भी इसमे मौजूद होता हैं। फाइबर से युक्त और फैट व कोलेस्ट्राल बहुत कम होने के कारण सेहत के लिए इसे फायदेमंद माना जाता है। गर्मियों के लिए एक बेहतरीन फल है।

कफ और कोल्ड के वायरस से लड़ने के लिए इसमें विटामिन सी की सही मात्रा होती है। इसमें ब्रोमेलेन नामक पदार्थ होता है जो खांसी रोकने में मददगार है।

इसमें पाया जाने वाला मैग्नीज हड्डियों और उत्तकों को मजबूत बनाएं रखने में मददगार होता है। अनानास के लगातार सेवन से आपके मसूढ़े स्वस्थ और मजबूत रहते हैं।

अनानास मैकुलर डिजेनेरेशन से भी बचाता है। मैकुलर डिजेनेरेशन के कारण ही विजन लॉस होता है और रेटिना डैमेज होता है। इससे व्यक्ति अंधा हो सकता है। मगर अनानास में मौजूद बीटा कैरोटीन इस खतरे को तीस प्रतिशत तक कम करने में मददगार होता है।

पाचन संबंधी समस्याओं के लिए अनानास का सेवन सबसे फायदेमंद है। यह पाचन क्रिया को दुरूस्त बनाने में मदद करता है। अनानास में मौजूद ब्रोमेलेन इसके रस को न्यूट्रल करता है जिस कारण यह ज्यादा एसिडिक नहीं हो पाता।

यह पैनक्रियाज से बनाने वाले रस को भी नियंत्रित करता हैं जो पाचन क्रिया में आगे मददगार होते हैं। पैनक्रियाज में नियंत्रण के कारण हम डायबिटीज जैसी बीमारी से भी सुरक्षित रह सकते हैं।

# प्रेग्नेंसी में च्यूइंग गम! खतरनाक



प्रेग्नेंसी के दौरान च्यूइंग गम ज्यादा खाने से बच्चा सील सिंड्रोम का शिकार हो सकता है। इस बीमारी में उसकी बॉडी तो नॉर्मल होगी लेकिन उसके हाथ-पैर छोटे बच्चे की तरह ही छोटे रहते हैं। कई बार पेशंट के पैरों में इतनी भी जान नहीं होती कि वह अपने पैरों पर खड़ा रह सके। इस बीमारी को भुगत रहे इराक के 46 साल के हुसैन अली राधी को जब हार्ट की बीमारी हुई तो उनके देश के डॉक्टर उनका इलाज करने के लिए तैयार नहीं हुए। लेकिन दिल्ली के डॉक्टरों ने विश्व में पहली बार ऐसे पेशंट की एंजियोप्लास्टी करके तीन स्टेंट लगाने में कामयाबी हासिल की। इलाज के बाद हुसैन अब अपने देश जाने की तैयारी में हैं।

**हाथ-पैर छोटे**

मैक्स के कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर विवेका कुमार ने बताया कि हुसैन एक जनेटिक बीमारी के शिकार हैं, जिस वजह से उनके हाथ और पैर छोटे बच्चे की ही तरह हैं यानी हाथ और पैरों की ग्रोथ नहीं हो पाई है, जबकि बाकी पार्ट्स सामान्य इंसान की तरह हैं। इस बीमारी को सील सिंड्रोम कहा जाता है। अमूमन हर 25 हजार बच्चों में से एक को यह बीमारी होती है। आमतौर पर इस बीमारी में बच्चे का कद छोटा हो जाता है, लेकिन कई बार हाथ पैर में इतनी भी जान नहीं होती वह कुछ उठा सके या चल सके। ऐसे लोग पूरी जिंदगी वील चेयर पर ही होते हैं। हुसैन भी इसी तरह अपनी जिंदगी जी रहे हैं।

**हार्ट में 3 ब्लॉकेज**

डॉक्टर कुमार ने बताया कि हुसैन के हार्ट में तीन ब्लॉकेज पाए गए थे। वह इराक के कई अस्पताल गए लेकिन कोई भी डॉक्टर इलाज करने को तैयार नहीं हुआ क्योंकि हाथ-पैर छोटे होने की वजह से एंजियोप्लास्टी के लिए नस का साइज छोटा पड़ रहा था। आखिरकार वह दिल्ली पहुंचे। डॉक्टर ने बताया, पहले हमने बाइपास सर्जरी का प्लान किया था लेकिन उनके साइज को देखकर टाल दिया गया। पैर की नस से हार्ट तक पहुंचना भी मुश्किल था, इसलिए हाथ के जरिए उनके हार्ट में पहुंचा गया। यह मुश्किल प्रॉसिजर था, लेकिन सफल रहा।

**बचें च्यूइंग गम से**

डॉक्टर विवेका कुमार का कहना है कि जो महिलाएं गर्भ के दौरान च्यूइंग गम या पेन किलर ज्यादा खाती हैं, उनके बच्चे में ऐसी बीमारी होने की संभावना ज्यादा रहती है। डॉक्टर कुमार के मुताबिक, ऐसे पदार्थ में टेराटोजेनिक होता है, जो एंब्रियो को नुकसान पहुंचाता है। कुछ ऐसा ही पदार्थ पेन किलर थैलीडोमाइड में भी पाया जाता है, जिसे अब बैन कर दिया गया है। इसकी वजह से जैनेटिक डिसऑर्डर होता है और बच्चा सील सिंड्रोम का शिकार हो जाता है। महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान च्यूइंग गम से बचना चाहिए।



# स्वास्थ्य पर 'हार्ड' होते 'सॉफ्ट' ड्रिंक्स के खतरे

**सॉफ्ट** ड्रिंक्स की आदत बच्चों से लेकर बूढ़ों तक को है। मौसम चाहे जो हो, इनके दीवाने इन्हें पीकर ही अपनी तलब मिटाते हैं। इससे क्षणिक तौर पर भले ही उन्हें अच्छा महसूस होता हो, पर दीर्घकालिक दृष्टि से ये सेहत के दुश्मन साबित होते हैं। एक दैनिक में छपी रिपोर्ट के अनुसार, सॉफ्ट ड्रिंक्स पीते ही तत्काल उसका प्रभाव शुरू हो जाता है। 20 मिनट में ही ब्लड शुगर का स्तर बहुत हाई हो जाता है। 40 मिनट बाद सॉफ्ट ड्रिंक्स में मौजूद कैफीन शरीर में समा जाती है जो ब्लड प्रैशर को बढ़ा देती है।

इसके कुछ ही समय बाद शरीर में डोपमाइन नामक कैमिकल बनता है जो एक तरह का नशा पैदा करता है। धीरे-धीरे सॉफ्ट ड्रिंक्स एडिक्शन हो जाती है। इसके 15 मिनट बाद शरीर के लिए महत्वपूर्ण कैल्शियम, मैग्नीशियम और जिंक पेशाब के जरिए शरीर से बाहर निकल जाते हैं। डीहाइड्रेशन की वजह से थकान महसूस होने लगती है। यदि कोई व्यक्ति 350 मिलीलीटर सॉफ्ट ड्रिंक्स की बोतल का सेवन करता है तो उसमें इतनी अधिक शक्कर होती है जो एक वयस्क आदमी की दिन भर की जरूरत से अधिक होती है।

फोर्टिस हॉस्पिटल की डा. नीलू तलवार के अनुसार सॉफ्ट ड्रिंक्स में मौजूद कैरेमल शरीर को इंसुलिन विरोधी बना देता है।

इम्पीरियल कालेज लंदन की शोध के अनुसार, सॉफ्ट ड्रिंक्स की हर 350 मिलीलीटर की बोतल के सेवन के साथ टाइप-2 डायबिटीज होने का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ जाता है।

अमेरिकी हार्ट एसोसिएशन की शोध के अनुसार दुनिया में हर साल 1 लाख 80 हजार लोग सॉफ्ट ड्रिंक्स की वजह से मरते हैं।



कोलंबिया यूनिवर्सिटी के मेलमैन स्कूल आफ पब्लिक हैल्थ ने अपने अध्ययन में पाया कि शीतल पेयों में पाया जाने वाला सोडा बच्चों में आक्रामकता, विरक्ति और ध्यान केंद्रित करने में परेशानी जैसी समस्याएं पैदा करता है। नियमित रूप से शीतल पेय पीने वाले बच्चे ज्यादा लड़ाई-झगड़ा करते हैं और जल्दी असंयमित हो जाते हैं। सॉफ्ट ड्रिंक्स में पोषक तत्वों का नितांत अभाव रहता है। इसमें विटामिन तथा खनिज लवण आदि नहीं होते।

सॉफ्ट ड्रिंक्स की अम्लीयता अधिक होती है जो हमारे दांतों और हड्डियों को गलाने में सक्षम है। हड्डियां गलने लगती हैं और इनका कैल्शियम धमनियों, शिराओं या अंगों में जमा होने लगता है। गुर्दे में जमा होकर यह पथरी का कारण बनता है। आम तौर पर लोग भोजन करने के बाद सॉफ्ट ड्रिंक्स का सेवन करते हैं। पेट में उपस्थित पाचक एंजाइमों की कार्यक्षमता 37 डिग्री सैल्सियस तापमान पर सर्वाधिक होती है जबकि सॉफ्ट ड्रिंक्स का तापमान इससे बहुत कम, जीरो डिग्री तक होता है। इस वजह से पाचक रस काम नहीं कर पाते और भोजन अपचा रह जाता है।

ऐसी स्थिति में उसका फर्मेंटेशन शुरू हो जाता है जिससे गैसें एवं विषैले पदार्थ बनने लगते हैं। आंतें इन्हें सोखकर रक्त में पहुंचा देती हैं और रक्त के साथ शरीर के विभिन्न अंगों में पहुंचकर ये कई प्रकार के रोग पैदा करते हैं। कार्बनडाइआक्साइड शरीर को काफी नुक्सान पहुंचाती है। कुछ वर्ष पूर्व दिल्ली यूनिवर्सिटी का एक छात्र एक प्रतियोगिता में सॉफ्ट ड्रिंक्स की आठ बोतलें एक साथ पी गया था जिससे उसकी मृत्यु हो गई। डाक्टरों ने मृत्यु का कारण उसके रक्त में कार्बनडाइआक्साइड की अत्यधिक मात्रा होना बताया था।

कुछ लोगों को कैमिकल, रंग और सुगंध आदि से एलर्जी होती है। ऐसे में सॉफ्ट ड्रिंक्स में मौजूद रसायन, रंग सुगंध उनके लिए जानलेवा हो सकती है। इसी प्रकार सॉफ्ट ड्रिंक्स को लम्बे समय तक टिकाऊ या सुरक्षित बनाए रखने के लिए उसमें प्रिजर्वेटिव मिलाए जाते हैं जो निरापद नहीं होते।

कुछ लोग नकली सॉफ्ट ड्रिंक्स बनाने और बेचने का धंधा करते हैं। वे प्रसिद्ध कम्पनियों की खाली बोतलों में नकली या घटिया माल भरकर उपभोक्ता की सेहत और जेब दोनों पर डाका डाल रहे हैं।

# गर्मियों में ये 5 तरीके फैट कम करेंगे

फिटनेस के लिए जरूरी नहीं कि हमेशा जबरदस्त ट्रेनिंग और कार्डियो की ही जरूरत हो। रेग्युलर आउटडोर ऐक्टिविटीज भी एक्स्ट्रा कैलरी कम कर सकती हैं। गर्मियों में आप कुछ ऐसी मजेदार ऐक्टिविटीज अपना सकते हैं जिनके जरिए कैलरी कम की जा सके। जानिए ऐसी पांच गतिविधियां-

स्विमिंग- स्विमिंग पूल में हल्का फुल्का स्विम करना भी आपके स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छा है। अगर आप ठीक-ठाक समय तक स्विमिंग करते हैं तो कैलरी बर्न होती ही है लेकिन यदि हल्की-फुल्की करें तो भी एक हद तक कैलरी बर्न की जा सकती हैं। बस ये ध्यान रखें कि स्लो पेज पर स्विम करें।

साइकलिंग- साइकलिंग के नाम से बचपन याद आ जाता है। कितना अच्छा हो यदि आप इन गर्मियों में अपने बचपन को याद करते हुए थोड़ी बहुत साइकलिंग भी कर लें। इससे एक पंथ दो काज हो जाएंगे. बचपन की मौज की याद ताजा और अच्छी एक्सरसाइज भी।

वाटर स्पोर्ट्स- गर्मियों में पानी में डुबकी लगाने वाले गेम्स न सिर्फ मजा देते हैं बल्कि आपको कैलरी बर्न करने मे भी मदद करते हैं। वाटर स्कीइंग, वाटर राफ्टिंग जैसे स्पोर्ट्स के जरिए एक्स्ट्रा कैलरीज बर्न करिए।

बैडमिंटन- क्या आपको पता है कि आउटडोर जैसे बैडमिंटन जैसे गेम्स आपको 10 मिनट में 50 कैलरीज से निजात दिला सकते हैं। यह खेल मजेदार तो है ही और इसके लिए आपको कुछ खास तैयारी भी नहीं करनी है। केवल दो रैकेट्स और शटलकॉक्स.. और आप हो गए तैयार।

गार्डनिंग- क्या आप गार्डिनिंग का शौक रखते हैं? गर्मी के इस मौसम में अपने गार्डन में कुछ वक्त बिताइए या गार्डन बनाइए। नए प्लांट्स लगाना, उनकी देखभाल करना और मिट्टी आदि से संबंधित जो काम आप करेंगे वह न सिर्फ आपकी कैलरी बर्न करेगा, आपको फ्रेश सब्जियां-फल भी कुछ समय बाद मिलने लगेंगे।

## शुभमन-अभिषेक जब बल्लेबाजी करते हैं तो मैं घबरा जाता हूं : युवराज सिंह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने पंजाब के युवा बल्लेबाजों शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा के प्रति अपनी खास भावनाएं जाहिर कीं। पंजाब से ताल्लुक रखने वाले ये दोनों खिलाड़ी युवराज के करीबी हैं, जिन्हें उन्होंने अपने मार्गदर्शन में तैयार किया है। दोनों खिलाड़ी अक्सर अपने करियर में युवराज के योगदान की सराहना करते हैं। हाल ही में अपनी मां शबनम सिंह के साथ एक साक्षात्कार में युवराज ने खुलासा किया कि जब शुभमन और अभिषेक बल्लेबाजी करते हैं, तो वह घबरा जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब अभिषेक और शुभमन बल्लेबाजी करते हैं, तो मैं नर्वस हो जाता हूं। युवराज की मां शबनम सिंह ने बताया कि 43 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर एक मेंटर के रूप में काफी सख्त हैं, जिसके चलते कई क्रिकेटर उनसे डरते हैं। उन्होंने कहा कि शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ी युवी से डरते हैं। मैच के बाद जब युवी उन्हें फोन करके पूछते हैं, %तुमने वो कौन सा शॉट खेला? तो वे घबरा जाते हैं।÷ शबनम ने यह भी बताया कि युवराज हमेशा खिलाड़ियों की तकनीकी खामियों को सुधारने के लिए उनकी मदद करते हैं और उनकी प्रगति की प्रशंसा भी करते हैं। युवराज ने हमेशा युवा क्रिकेटरों का समर्थन किया है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके प्रदर्शन की तारीफ की है। वह शुभमन और अभिषेक जैसे खिलाड़ियों को तकनीकी सलाह देकर उनकी मदद करते रहते हैं।

## डॉ. फारूक का युवाओं से खेल और शिक्षा को अपनाने तथा नशीली दवाओं के बढ़ते खतरे से दूर रहने का आग्रह

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने आज जम्मू के एमएएम स्टेडियम में शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। यह टूर्नामेंट 'नशे को नकारें' थीम के तहत आयोजित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक और स्वस्थ गतिविधियों की ओर मोड़ना है। जम्मू-कश्मीर यूथ नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रांतीय अध्यक्ष तेजिंदर पाल सिंह द्वारा आयोजित यह क्रिकेट टूर्नामेंट क्षेत्र के युवाओं में नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने के व्यापक अभियान का हिस्सा है। आज के उद्घाटन मैच में माजिद 313 ने त्रिकुटा क्रिकेट क्लब के साथ 20 ओवरों का रोमांचक मुकाबला खेला जो एक सप्ताह तक चलने वाले टूर्नामेंट की शुरुआत थी जिसका समापन 26 अप्रैल को होगा। टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने खिलाड़ियों से बातचीत की और खेल के प्रति उनके उत्साह और भावना की सराहना की। उन्होंने युवा प्रतिभागियों को खेल और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने और युवा पीढ़ी को तेजी से प्रभावित करने वाले नशे की लत से बचने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. अब्दुल्ला ने नशा विरोधी अभियान के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए तेजिंदर पाल सिंह अमन के प्रयासों की भी सराहना की।

## उन्हें खुद को आईने में देखना होगा: रोहित पर स्टीव वॉ की तीखी टिप्पणी

**मैड्रिड ।** ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ का मानना है कि आलोचनाओं का सामना कर रहे रोहित शर्मा अगर भारतीय क्रिकेट की सेवा करना जारी रखना चाहते हैं तो उन्हें आत्ममुग्ध नहीं होना चाहिए और आराम नहीं करना चाहिए। इसमें इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला से पहले कप्तानी पर फैसला लेना भी शामिल है। रोहित के भविष्य को लेकर उठ रहे सवालों के बीच वॉ ने कहा कि भारत की कप्तानी का फैसला रोहित को खुद करना चाहिए। भारत जून में इंग्लैंड के साथ श्रृंखला की शुरुआत के साथ 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरुआत करेगा। वॉ ने कहा कि यह पूरी तरह से उन पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि वह अकेले ही इस समस्या का समाधान कर सकते हैं। उन्हें खुद को आईने में देखना होगा और कहना होगा कि क्या मैं अब भी कप्तान बनना चाहता हूं या भारत के लिए खेलना चाहता हूं? क्या मैं प्रतिबद्ध हूं? क्या मैं इसके लिए पर्याप्त समय और प्रयास कर रहा हूं? अपने देश के लिए खेलना एक सौभाग्य और सम्मान की बात है।

## दो जीत हासिल कर हुआ शुभमन का दिल गार्डन-गार्डन, बोले- आज बहुत खुश हूं

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स को इंडियन प्रीमियर लीग में एकतरफा मुकाबले में 39 रन से हराने के बाद गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि आज मैं बहुत खुश हूं। हमने इन दो मैचों के बारे में बात की थी। हमने तय करना था कि हम तालिका में कहां खड़े हैं। लगातार दो जीत हासिल करके बहुत खुश हूं। हम जब भी मैदान पर उतरते हैं तो अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलना चाहते हैं। जीत के मंत्र पर बात करते हुए शुभमन ने कहा कि हम कभी इस बारे में बात नहीं करते कि हममें से किसी एक को अंत तक टिके रहना है। हम सिर्फ इस बारे में बात करते हैं कि हम इन परिस्थितियों में कैसे रन बना सकते हैं और खेल को कैसे आगे ले जा सकते हैं। हम खेल में आगे थे, लेकिन आगे रहना एक बात है और खेल को खत्म करना दूसरी बात है। वहीं, वेंकी अय्यर के विकेट के बाद उत्साहित जश्न पर बोलते हुए शुभमन ने कहा कि ये मेरी कुछ भावनाएं थीं जो बाहर आ रही थीं। इस प्रारूप में एक आदर्श खेल होना मुश्किल है। हमेशा कुछ क्षेत्र होंगे। अगर मैं वहां रहता तो हम 10 रन और बना सकते थे।

# लॉरियस अवॉर्ड्स 2025 : वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए डुप्लांटिस और सिमोन बाइल्स

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मैड्रिड में आयोजित हुए 2025 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स में खेल जगत की कई बड़ी हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में स्वीडन के पोल वॉल्ट खिलाड़ी आर्मंड डुप्लांटिस और अमेरिका की दिग्गज जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स ने क्रमशः वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरूष और महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। डबल ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्डधारी आर्मंड डुप्लांटिस को साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया। 25 वर्षीय डुप्लांटिस ने टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच, फॉर्मूला वन विश्व चैंपियन मैक्स वेरस्टापेन और फ्रांस के तैराक लियोन मार्चांद को पीछे छोड़ते हुए यह सम्मान हासिल किया। एथलेटिक्स में यह पुरस्कार पाने वाले वह यूसेन बोल्ट के बाद दूसरे खिलाड़ी बने। अमेरिका की प्रसिद्ध




जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। बाइल्स ने पेरिस ओलंपिक में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर यह उपलब्धि प्राप्त की। बाइल्स ने यह पुरस्कार चौथी बार जीतकर सेरेना विलियम्स के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। उन्होंने कहा, 2017 में मैंने यह पुरस्कार पहली बार जीता था और तब से लॉरियस मेरी कहानी का हिस्सा रहा है। हो सकता है, कोई छोटी बच्ची मुझे टीवी पर देखकर यह सोच ले कि वह भी यह कर सकती है।

**राफेल नडाल को मिला खेल आइकन सम्मान**

टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी राफेल नडाल को उनके शानदार करियर के लिए खेल आइकन सम्मान से नवाजा गया। नडाल ने पिछले वर्ष नवंबर में 38 वर्ष की उम्र में टेनिस से संन्यास लिया था। मैड्रिड में हुए इस भव्य समारोह ने लॉरियस अवॉर्ड्स की 25वीं वर्षगांठ को बेहद खास बना दिया। दुनिया के दिग्गज खिलाड़ियों को एक मंच पर देखना खेल प्रेमियों के लिए भी अविस्मरणीय अनुभव रहा।

**अन्य पुरस्कार विजेता**

साल की सर्वश्रेष्ठ टीम : रियल मैड्रिड (15वीं बार चैंपियंस लीग और ला लीगा खिताब जीतने पर)

साल का सर्वश्रेष्ठ उभरता खिलाड़ी : लामिन यमाल (17 वर्ष की उम्र में स्पेन को यूरो 2024 जिताने वाले खिलाड़ी)

साल की शानदार वापसी : रेबेका आंद्राडे (पेरिस ओलंपिक में फ्लोर इवेंट में स्वर्ण पदक जीतने पर)

विकलांग वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी : जियांग युयेन

सर्वश्रेष्ठ एक्शन खेल खिलाड़ी : टॉम पिडकॉक

खेल के माध्यम से समाज सेवा सम्मान : किक फॉर लाइफ

लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड : केली स्लेटर (सर्फिंग में शानदार करियर के लिए)

## आईपीएल 2025 : संजू सैमसन आरसीबी के खिलाफ मैच से बाहर, रियान पराग संभालेंगे कमान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में राजस्थान रॉयल्स को बड़ा झटका लगा है। टीम के कप्तान संजू सैमसन चोट के चलते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले में हिस्सा नहीं लेंगे।

राजस्थान फ्रेंचाइज़ी ने इसकी आधिकारिक पुष्टि की। राजस्थान रॉयल्स ने बयान जारी कर बताया, संजू सैमसन फिलहाल रिकवरी प्रोसेस से गुजर रहे हैं और टीम के मेडिकल स्टाफ के साथ होम बेस पर ही रहेंगे। वह बैंगलोर नहीं जाएंगे। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान संजू को पेट के हिस्से में हल्का दर्द महसूस हुआ था, जिसके बाद उनका स्कैन कराया गया। इसके चलते वह लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछला मुकाबला भी नहीं खेल पाए थे। संजू सैमसन की गैरमौजूदगी में रियान पराग एक बार फिर टीम की कमान संभालेंगे।

सीजन के शुरुआती तीन मुकाबलों में भी जब संजू सैमसन विकेटकीपिंग नहीं कर पाए थे (दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली में फ्रैक्चर और सर्जरी के चलते), तब रियान ने ही कप्तानी की जिम्मेदारी निभाई थी। आईपीएल 2025 में संजू सैमसन ने अब तक 7 मुकाबलों में 224 रन बनाए हैं। उनका औसत 37.33 का रहा है और स्ट्राइक रेट 140 से ज्यादा का है। इस दौरान वह एक अर्धशतक भी लगा चुके हैं। उनकी फॉर्म टीम के लिए अहम रही है, लेकिन अब चोट के चलते उनके बाहर होने से टीम को बड़ा नुकसान हो सकता है।

## केकेआर की बल्लेबाज़ी पर अजिंक्य रहाणे बरसे, ब्रावो बोले- 'खिलाड़ियों ने खो दिया है आत्मविश्वास'

**एजेंसी**

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रहीं। गुजरात टाइटंस (जीटी) के हाथों मिली हार के बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टीम की बल्लेबाज़ी पर सवाल उठाए। रहाणे ने कहा कि गेंदबाज़ अच्छा कर रहे हैं, लेकिन लगातार नाकाम हो रही बल्लेबाज़ी हार की वजह है। वहीं टीम के मेंटर ड्वेन ब्रावो ने भी माना कि खिलाड़ी आत्मविश्वास खो चुके हैं।

**रहाणे ने बल्लेबाज़ों को ठहराया हार का ज़िम्मेदार**

मैच के बाद रहाणे ने कहा, 'मुझे गेंदबाज़ों से कोई शिकायत नहीं है। उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन हमारी बल्लेबाज़ी इस पूरे टूर्नामेंट में जूझती नज़र आई है। 199 रन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था, लेकिन एक अच्छी शुरुआत की ज़रूरत थी, जो हम नहीं दे सके।

उन्होंने आगे कहा, जब आप बड़ा स्कोर का पीछा कर रहे होते हैं, तो सलामी बल्लेबाज़ों की साझेदारी अहम होती है। यही वह क्षेत्र है, जिसमें हम पिछड़ रहे हैं। हमारी शुरुआत लगातार खराब रही है और इसका असर नतीजों पर पड़ा है।

**ब्रावो ने कहा- बल्लेबाज़**



**खो चुके हैं आत्मविश्वास**

टीम के मेंटर ड्वेन ब्रावो ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, सच्चाई यही है कि हमारी टीम ठीक से बल्लेबाज़ी नहीं कर रही है। सिर्फ आंद्रे रसेल ही नहीं, कई खिलाड़ी खराब फॉर्म में हैं। आईपीएल ऐसा टूर्नामेंट है, जहां अगर शुरुआत खराब हो जाए, तो खिलाड़ी आत्मविश्वास खो देते हैं। यही इस समय हमारे साथ हो रहा है। ब्रावो ने ये भी कहा कि रसेल को हर बार 14-15 रन प्रति ओवर की दर से बल्लेबाज़ी करनी पड़ रही है। ÷काम सलामी बल्लेबाज़ों और ऊपरी क्रम के बल्लेबाज़ों को करना है ताकि रसेल मैच समाप्त कर सकें। हम दाएं-बाएं हाथ के बल्लेबाज़ों का संयोजन बनाकर खेलना चाहते थे, इसी वजह से अंगकृष रघुवंशी को नीचे भेजा गया। लेकिन जब खिलाड़ी लय में ना हों, तो योजनाएं भी बेअसर हो जाती हैं। केकेआर के लिए सलामी जोड़ी सबसे बड़ी परेशानी रही है। इस सत्र में टीम की सलामी साझेदारी का औसत महज़ 19.00 रहा है।

## राजौरी में अंतर क्षेत्रीय एवं अंतरराज्यीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित

**एजेंसी**

**राजौरी।** पहाड़ी क्षेत्र के लोगों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों की श्रृंखला में राजौरी के बागनसाल में अंतर क्षेत्रीय एवं अंतरराज्यीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य पहलवानों को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करना था।

इस आयोजन में 69 पहलवानों ने भाग लिया। सैन्य कर्मियों के अलावा पूर्व सरपंच और स्थानीय लोगों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस दौरान मौजूद थे। दर्शकों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके उत्साह, समर्थन और खेल भावना ने प्रतियोगिता के उत्साह और ऊर्जा को और बढ़ा दिया। समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कार और पदक वितरित किए गए। मुख्य अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों ने विजेताओं को बधाई दी और प्रतिभागियों की उनके कौशल और खेल भावना के प्रदर्शन की प्रशंसा की। यह उन पहलों की



**सैन्य कर्मियों के अलावा पूर्व सरपंच और स्थानीय लोगों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस दौरान मौजूद थे। दर्शकों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।**


श्रृंखला का हिस्सा है जिसके माध्यम से भारतीय सेना युवाओं को सकारात्मक रूप से जोड़ने के लिए आगे आ रही है और युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपनी ऊर्जा को रचनात्मक तरीके से लगाने के लिए प्रोत्साहित करके एक सकारात्मक दृष्टिकोण बना रही है।

## ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग: तेलुगु पैंथर्स, मराठी वल्चर्स और भोजपुरी लेपर्ड्स ने दर्ज की शानदार जीत

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) में खेले गए महिलाओं के मुकाबलों में भोजपुरी लेपर्डेस और तमिल लायनेस ने दमदार जीत दर्ज की। वहीं तेलुगु चीता और पंजाबी टाइग्रेस के बीच का मैच बेहद रोमांचक रहा और 38-38 की बराबरी पर खत्म हुआ।

ये मुकाबले गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के मल्टीपर्पज हॉल में खेले गए। जीआई-पीकेएल की शुरुआत शुक्रवार को हुई थी और यह लीग 13 दिनों तक चलेगी, जिसका फाइनल 30 अप्रैल को खेला जाएगा। पहले मुकाबले में भोजपुरी लेपर्डेस ने हरियाणवी ईगल्स को 37-26 से हराया। लेपर्डेस ने शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी। टीम ने 19 रेड




प्वाइंट्स, 13 टैकल प्वाइंट्स और 4 ऑल-आउट के साथ 11 अंकों की शानदार जीत दर्ज की। हरियाणवी ईगल्स 17 रेड और 6 टैकल प्वाइंट्स ही जुटा सकी। भोजपुरी टीम की ओर से सिंधुजा ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने 8 में से 6 रेड सफलतापूर्वक कीं और कुल 7 रेड प्वाइंट्स (4 टच + 3 बोनस) हासिल किए। दूसरे मुकाबले में तमिल लायनेस ने मराठी फाल्कन्स को एकतरफा अंदाज़ में 44-23 से पराजित किया। तमिल टीम ने 24 रेड प्वाइंट्स जुटाए और तीन बार ऑल-आउट कर बढ़त को और मजबूत किया।

मराठी फाल्कन्स का डिफेंस कमजोर साबित हुआ, और वे वापसी नहीं कर सकीं। तमिल लायनेस की कप्तान रचना विलास ने मैच का रुख तय कर दिया। उन्होंने 12 में से 11 रेड में सफलता पाई और कुल 15 रेड प्वाइंट्स (जिसमें एक सुपर रेड भी शामिल है) और 1 टैकल प्वाइंट के साथ 16 अंकों का शानदार योगदान दिया।

## 'वह स्पिन के बेहतरीन खिलाड़ी हैं : साई किशोर केकेआर पर जीत के बाद शुभमन गिल की तारीफ की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 1 अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2025 तक के लिए अपने वार्षिक खिलाड़ी अनुबंध की घोषणा कर दी है। शीर्ष श्रेणी ए-प्लस (A+) में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जबकि कुछ नए चेहरों को भी इस सूची में शामिल किया गया है। अनुभवी ऑफ स्पिन गेंदबाज़ रविचंद्रन अश्विन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के कारण बाहर कर दिया गया है।

**ए-प्लस ग्रेड में वही चार दिग्गज**

बीसीसीआई ने ए-प्लस (+) श्रेणी में एक बार फिर कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा को बरकरार रखा है। इस श्रेणी में खिलाड़ियों को सालाना 7 करोड़ रुपये का मानदेय मिलेगा।

**श्रेयस अय्यर की वापसी, ईशान किशन सी ग्रेड में**

पिछले साल घरेलू क्रिकेट न खेलने के कारण अनुबंध सूची से बाहर हुए श्रेयस अय्यर की इस बार बी (B) श्रेणी में वापसी हुई है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विराम लेकर रणजी ट्रॉफी में नहीं खेलने वाले ईशान किशन को सी (C) श्रेणी में रखा गया है। चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले स्पिन गेंदबाज़ वरुण चक्रवर्ती को पहली बार बीसीसीआई के अनुबंध में जगह मिली है। वहीं, हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले रविचंद्रन अश्विन का नाम इस सूची में नहीं है।

## आईएसएसएफ विश्व कप में सिमरनप्रीत कौर ने जीता रजत पदक

**एजेंसी**

**लीमा।** सिमरनप्रीत कौर बरार ने इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप के अंतिम दिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर अपने सीनियर अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला पदक अपने नाम किया। यह मुकाबला पेरू की राजधानी लीमा के लास पाल्मस शूटिंग रेंज में हुआ। भारतीय निशानेबाज़ सिमरनप्रीत ने फाइनल के 10 रैपिड-फायर शॉट्स की श्रृंखला में कुल 33 सटीक निशाने लगाए। वह चीन की सन यूजिए से सिर्फ एक अंक पीछे रहीं, जिन्होंने लगातार दूसरी बार इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। सन की हमवतन याओ कियानशुन ने 29 अंक लेकर कांस्य पदक पर कब्ज़ा किया।

इससे पहले दिन में, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, मिश्रित टीम पिस्टल विश्व विजेता एशा सिंह और सिमरनप्रीत – तीनों भारतीय निशानेबाज़ों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। क्वालिफाइंग में मनु भाकर ने 585 अंकों के साथ दूसरा,



सिमरनप्रीत ने 580 अंकों के साथ पांचवां और एशा सिंह ने 575 अंकों के साथ आठवां स्थान हासिल किया। एशा इससे पहले अर्जेंटीना विश्व कप में इस स्पर्धा में रजत पदक जीत चुकी हैं। तीन चीनी निशानेबाज़ों ने भी फाइनल में जगह बनाई, इसके अलावा जर्मनी की डोरीन वेनकैंप और कई बार की महाद्वीपीय चैम्पियन एंड्रिया पेरेज पेना भी अंतिम दौर में पहुँचीं। फाइनल मुकाबले की पहली श्रृंखला में चीनी खिलाड़ियों ने 1-2-3 पोजिशन पर कब्ज़ा कर लिया, जबकि भारतीय निशानेबाज़ दूसरी श्रृंखला से लय में आती नज़र आईं। सिमरनप्रीत ने दूसरी श्रृंखला में 4 अंक, एशा ने तीसरी श्रृंखला में 5 अंक बनाए।

छठी श्रृंखला के बाद मनु और सिमरनप्रीत ने 5-5 अंक अर्जित किए, जबकि एशा ने 4 अंक बनाए। इसके बाद मनु, एशा और डोरीन के बीच पहला शूट-ऑफ हुआ, जिसमें एशा बाहर हो गईं। अगले शूट-ऑफ में मनु ने डोरीन को हराकर उन्हें पांचवें स्थान पर धकेल दिया। इस समय तक सिमरनप्रीत 23 अंकों के साथ सन (25 अंक) और याओ (22 अंक) के बीच आ चुकी थीं।

अगली श्रृंखला में मनु की किस्मत ने उनका साथ छोड़ दिया और मुकाबले के अंत तक शीर्ष तीन खिलाड़ियों के बीच एक-एक अंक का फासला कायम रहा। यह भारत का इस प्रतियोगिता में चौथा रजत पदक था। इसके अलावा भारत को अब तक दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक भी मिल चुका है।

## पोप फ्रांसिस के निधन के बाद सीरी ए के मुकाबले स्थगित


**नई दिल्ली।** कैथोलिक चर्च के सर्वोच्च धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के बाद इटली की शीर्ष फुटबॉल लीग सीरी ए ने होने वाले सभी मुकाबलों को स्थगित कर दिया है। वेटिकन ने वीडियो बयान जारी कर उनके निधन की पुष्टि की। 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस लंबे समय से बीमार चल रहे थे और हाल ही में उन्हें डबल न्यूमोनिया की गंभीर समस्या भी हुई थी। पोप फ्रांसिस न सिर्फ दुनिया भर के कैथोलिक समुदाय के आध्यात्मिक प्रमुख थे, बल्कि फुटबॉल के भी बड़े प्रशंसक माने जाते थे। अर्जेंटीना में जन्मे पोप फ्रांसिस जीवनभर फुटबॉल से जुड़े रहे।लीग ने बयान जारी कर कहा, पोप फ्रांसिस के निधन के बाद आज (सोमवार) होने वाले सभी सीरी ए और प्राइमा वेरा 1 के मैच स्थगित किए जाते हैं। स्थगित मैचों की नई तारीखों का ऐलान जल्द किया जाएगा।

## राजौरी में स्थानीय युवाओं के लिए वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**एजेंसी**

**राजौरी।** युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने और स्वस्थ, सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयास में भारतीय सेना ने समोटे में केसरी हिल पर स्थानीय युवाओं के लिए चार दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र के युवा लड़कों को खेलों में भाग लेने और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक गतिविधियों में लगाने के लिए प्रेरित करना था। टूर्नामेंट में आस-पास के गांवों के युवाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों ने हाई वोल्टेज मैचों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन को स्थानीय समुदाय से भरपूर समर्थन मिला।

सभी प्रतिभागी टीमों को उनके उत्साही प्रदर्शन के लिए सराहा गया और खिलाड़ियों को इस आयोजन को सफल बनाने में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में कुल 127 स्थानीय निवासियों ने भाग लिया जिससे यह एक यादगार और सफल आयोजन बन गया। इस तरह की सकारात्मक भागीदारी युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में ले जाती है, प्रतिस्पर्धी कौशल को बढ़ावा देती है और उन्हें राष्ट्र-विरोधी और असामाजिक तत्वों के जाल में फंसने से रोकती है। क्षेत्र के युवाओं और



स्थानीय लोगों ने केसरी हिल पर युवाओं के लिए वॉलीबॉल मैच आयोजित करने और प्रभावी युवा सहभागिता की दिशा में इस नेक पहल के लिए भारतीय सेना के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

## विस्डन वार्षिक स्मारिका में भारत का जलवा,जसप्रीत बुमराह बने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह को प्रतिष्ठित विस्डन क्रिकेटर्स अल्मनैक 2025 में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर घोषित किया गया है। वहीं महिला क्रिकेट में स्मृति मंधाना ने भी इतिहास रचते हुए वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का सम्मान हासिल किया। इस बार इन सम्मानों में भारतीय क्रिकेट का शानदार दबदबा रहा।

**बुमराह ने रचा अनोखा कीर्तिमान, बने 'वर्ष के सितारे'**

साल 2024 में जसप्रीत बुमराह ने अपनी धारदार गेंदबाज़ी से क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 200 विकेट 20 से कम की औसत से लेने वाले पहले गेंदबाज़ बनकर नया इतिहास रच दिया। विस्डन के संपादक लॉरेंस बूथ ने उन्हें वर्ष का सबसे बड़ा सितारा बताते हुए कहा कि बुमराह इतने खतरनाक और अनूठे गेंदबाज़ रहे कि उनके खिलाफ बनाए गए रन दोगुने माने जाने चाहिए थे। बुमराह ने इस दौरान 71 टेस्ट विकेट 15 की औसत से चटकाए और टी20 विश्व कप 2024 में भारत को चैंपियन भी बनाया।

**स्मृति मंधाना का ऐतिहासिक प्रदर्शन**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज़ स्मृति मंधाना ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज़्यादा 1659 रन बनाए। इस




दौरान उन्होंने 4 एकदिवसीय शतक जड़े, जो किसी भी महिला क्रिकेटर के लिए एक वर्ष में नया कीर्तिमान है। इसके अलावा उन्होंने दक्षिण अफ़्रीका के खिलाफ टेस्ट में 149 रनों की शानदार पारी खेलते हुए भारत को 10 विकेट से जीत दिलाई।

**निकोलस पूरन बने विश्व के सर्वश्रेष्ठ टी20 खिलाड़ी**

वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज़ निकोलस पूरन को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर घोषित किया गया।

**'पांच क्रिकेटर ऑफ द ईयर' में सर्रे का दबदबा**

इस बार विस्डन के 'वर्ष के पाँच क्रिकेटर' में सर्रे काउंटी के तीन खिलाड़ियों – गस एटकिन्सन, जेमी स्मिथ और डैन वॉरल – को शामिल किया गया। इनके अलावा हैम्पशायर के लियाम डॉसन और इंग्लैंड महिला टीम की सोफी एक्लेस्टोन को भी इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाज़ा गया।


**न्यूज़ीलैंड के मिचेल सैंटनर को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सम्मान**

भारत के खिलाफ पुणे टेस्ट में मिचेल सैंटनर की 13 विकेट की धमाकेदार गेंदबाज़ी ने न्यूज़ीलैंड को 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई और भारत की 2012 के बाद पहली घरेलू टेस्ट श्रृंखला हार का कारण बनी। इसके लिए सैंटनर को विस्डन ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

## छोड़कर मत जाओ हमें...खंडहर में पड़ी बच्ची को बचाया, अब

# दिशा पाटनी

## की बहन हो गईं इमोशनल





इन दिनों दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी की हर तरफ काफी तारीफ हो रही है. उन्हें बरेली में अपने घर के पास एक लावारिस बच्ची मिली थी. खुशबू ने उस बच्ची की जान बचाई. उसे अपने घर ले गई और अब उसे उसके घरवालों से मिलवा दिया है. खुशबू ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए बच्ची के मिलने के बारे में जानकारी दी थी. वहीं अब उन्होंने एक दूसरा वीडियो शेयर किया है और बताया है कि उस बच्ची को उसके मां-बाप को सौंप दिया गया है.जब वो बच्ची अपने मां-बाप के साथ जाने लगी तो खुशबू इमोशल हो गईं. दरअसल, बच्ची को अपने घर लाने के बाद खुशबू ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया था, ताकि पुलिस उसके पैरेंट्स को ढूंढ सके और बच्ची की पहचान हो सके. खुशबू ने जो नया वीडियो शेयर किया है, उसे शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, इंसान का दिल भी क्या ही है. मैं उसे मिस करूंगी. पुलिस ने उसके पैरेंट्स को ढूंढ लिया है. मेडिकल सपोर्ट के लिए और तुरंत मदद करने के लिए पुलिस का शुक्रिया.



**बच्ची से क्या बोलीं खुशबू पाटनी ?**

वीडियो में खुशबू उस बच्ची के साथ अस्पताल में नजर आ रही हैं. बच्ची बेड पर लेटी हुई है. जब वो रोने लगती है तो खुशबू उसे गोद में ले लेती है. उस बच्ची से खुशबू कहती हैं कि आप काफी स्पेशल हैं, आपको काफी परेशान किया गया, लेकिन आपको कुछ हुआ नहीं. उस बच्ची से वो ये भी कहती हैं, तुम छोड़कर जा रही हो मुझे, झोड़कर मत जाओ हमें.

**बच्ची का ताल्लुक बिहार से**

इस मामले में पुलिस की तरफ से बताया गया कि बच्ची का ताल्लुक बिहार से है. उसकी मां अपनी बच्ची के साथ बरेली से बिहार जा रही थीं. उसी समय बरेली जंक्शन से एक युवक बच्ची को लेकर फरार हो गया था. फिर वो बच्ची खुशबू पाटनी को मिली. खुशबू इन दिनों चर्चा में बनी हुई हैं. लोग उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं. दिशा पाटनी ने भी इस वीडियो पर कमेंट किया है. दिशा ने लिखा, आप सच में रियल हीरो हो. आप दोनों का भला हो.

## ब्राह्मणों को टॉयलेट समझ रखा है... अनुराग कश्यप पर भड़कीं ये एक्ट्रेस, FIR दर्ज कराने पहुंची पुलिस स्टेशन



बॉलीवुड फिल्ममेकर अनुराग कश्यप एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं. ब्राह्मण समाज के खिलाफ उनकी आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद ही सोशल मीडिया पर हंगामा मचा है. लोग लगातार उनकी ऐसी टिप्पणी करने के लिए आलोचना कर रहे हैं. जहां बीते दिनों लिरिसिस्ट मनोज मुंतशिर शुक्ला ने उन्हें हद में रहने की नसीहत दी थी. अब एक्ट्रेस गहना वशिष्ठ उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाने ओशिवारा पुलिस स्टेशन पहुंची हैं.'गंदी बात' फेम गहना वशिष्ठ ने लिखित शिकायत देकर अनुराग कश्यप के खिलाफ FIR दर्ज करने की मांग की है. फिल्ममेकर के बयान के बाद से लोग काफी नाराज हैं. खासकर ब्राह्मण समाज के लोगों में काफी गुस्सा देखा जा रहा है. एक्ट्रेस ने भी इस बयान को बेकार बताया है.

**एक्ट्रेस ने की FIR दर्ज करने की मांग**

मॉडल और एक्ट्रेस गहना वशिष्ठ 21 अप्रैल यानी आज मुंबई के ओशिवारा पुलिस स्टेशन पहुंचीं. जहां उन्होंने फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप के खिलाफ लिखित शिकायत दी है. साथ ही स्नइक्र दर्ज करवाने की मांग की है. उन्होंने कहा कि, अनुराग कश्यप ने जो बयान दिया है, वो बहुत बेकार है. ब्राह्मणों को क्या टॉयलेट समझ रखा है? फिल्मों के लिए आप कुछ भी बयान देंगे? नशे में थे क्या आप, जो इस तरह से बयान दे रहे हैं?

इस दौरान एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि 5 साल आप बिजी हो किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता. लेकिन इस तरह का बयान अगर किसी और धर्म के लिए दिया होता, तो अब तक फतवे जारी हो गए होते.

**अनुराग कश्यप ने क्या कहा था ?**

अनुराग कश्यप ने हाल ही में ब्राह्मणों पर निशाना साधा था. दरअसल उन्होंने एक शख्स को जवाब देते हुए ब्राह्मणों पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी. जिसके बाद से ही हर तरफ बवाल हो रहा है. कई जगहों पर फिल्ममेकर के खिलाफ मामला दर्ज हो चुका है. जिसके बाद उन्होंने माफी मांगी. उन्होंने दावा किया है कि इस स्टेटमेंट के बाद से ही उनकी फैमिली और खासकर बेटी को धमकियां मिल रही हैं. उन्होंने माफी मांगते हुए कहा कि, यह इसलिए है क्योंकि उनके पोस्ट को गलत तरह से समझा गया है. साथ ही अपील की है कि जो कहना है मुझे कहो, लेकिन मेरे परिवार को इसमें मत लाओ.

## शाहरुख के साथ ये फिल्म करके आज भी पछताती होंगी अनुष्का शर्मा, 178 करोड़ कमाकर भी हो गई डिजास्टर



बॉलीवुड अदाकारा अनुष्का शर्मा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2008 में फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' से की थी. पहली ही फिल्म में उन्हें शाहरुख खान के साथ काम करने का मौका मिला था. दोनों की जोड़ी को बड़े पर्दे पर फैंस का काफी प्यार मिला. अनुष्का का डेब्यू सफल रहा और वो छा गईं. अनुष्का ने आगे जाकर सलमान खान, अक्षय कुमार और आमिर खान जैसे सुपरस्टार्स के अलावा और भी कई नामचीन सितारों के साथ स्क्रीन शेयर की और कई बेहतरीन फिल्में उनके खाते में आईं.

लेकिन अनुष्का के पास फ्लॉप फिल्मों की लाइन भी लगी हुई है.कई हिट फिल्में देने वाली अनुष्का शर्मा फ्लॉप फिल्में देने में भी पीछे नहीं रहीं. रब ने बना दी जोड़ी के बाद उन्होंने 'बैंड बाजा' बारात', 'जब तक है जान', 'पीके', 'सुल्तान', 'ए दिल है मुश्किल' जैसी फिल्मों से फैंस का दिल जीता. जबकि 'जब हैरी मेट सेजल', 'फिल्लौरी', 'बॉम्बे वेलवेट', 'मटरू की बिजली का मंडोला' और 'पटियाला हाउस' जैसी फ्लॉप भी दीं. लेकिन उनकी एक फिल्म तो ऐसी भी रही जो 178 करोड़ रुपये कमाने के बावजूद डिजास्टर हो गई. इसमें उनके साथ शाहरुख खान लीड रोल में थे. वहीं कटरीना कैफ भी इसका हिस्सा थीं.

**डिजस्टर हुई थी शाहरुख-अनुष्का की 'जीरो'**

यहां बात हो रही है अनुष्का शर्मा और शाहरुख खान की फिल्म 'जीरो' की. इसका डायरेक्शन आनंद एल राय ने किया था और वो ही इसके प्रोड्यूसर भी थे. साल 2018 में रिलीज हुई इस फिल्म में कटरीना कैफ भी दिखाई दी थीं. तीन-तीन बड़े स्टार होने के बावजूद इसका हाल बॉक्स ऑफिस पर बहुत बुरा हुआ था.

पिक्चर का जैसा नाम था उसका काम भी वैसा ही रहा. दर्शकों की नजरों में फिल्म जीरो साबित हुई और अपना बजट तक नहीं निकाल पाई. 'जीरो वर्ल्डवाइड 178 करोड़ रुपये कमाने के बाद भी डिजास्टर साबित हो गई थी.

**मेकर्स को लगी करोड़ों की चपत**

अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर 178 करोड़ रुपये की तगड़ी कमाई करने के बावजूद जीरो कैसे टिकट खिड़की पर पिट गई. दरअसल बात ये है कि इसका बजट 200 करोड़ रुपये था. इस हिसाब से देखा जाए तो फिल्म बजट से 22 करोड़ रुपये पीछे रहे गई थी.

## इस एक्ट्रेस की वजह से अलग हुए शुभमन गिल और

# सारा तेंदुलकर



क्रिकेट और बॉलीवुड का पुराना रिश्ता है. ऐसे कई क्रिकेटर्स हैं, जिन्होंने फिल्मी सितारों को अपना हमसफर चुना है. यही वजह है कि आए दिन किसी न किसी क्रिकेटर का नाम टीवी या फिल्मी स्टार से जुड़ जाता है. भारतीय ओपनर शुभमन गिल भी इसी वजह से चर्चा में हैं. ऐसी खबरें हैं कि वो सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा को डेट कर रहे हैं. हालांकि, एक शो पर उन्होंने खुद सारा का नाम लिया था. साथ ही उनके दोस्त ने भी कुछ खुलासे किए थे. खैर, अब दोनों इंस्टाग्राम पर एक दूसरे को अनफॉलो कर चुके हैं. लेकिन दोनों के अलग होने की वजह एक एक्ट्रेस को बताया जा रहा है.




ऐसी अफवाहें उड़ रही हैं कि सारा तेंदुलकर और शुभमन गिल अलग हो चुके हैं. दरअसल यह टीवी एक्ट्रेस लंबे वक्त से शुभमन गिल को लेकर चर्चा में हैं. वो दुबई में मैच भी देखने पहुंची थी, जिसके बाद से ही उनका क्रिकेटर संग नाम जुड़ रहा है. यह कोई और नहीं, टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर हैं.

**इस एक्ट्रेस की वजह से अलग हुए सारा-शुभमन ?**

दरअसल अवनीत कौर ने शुभमन गिल को पिछले बर्थडे पर विश किया था. उससे पहले वो दोनों एक साथ भी दिखे थे. हालांकि, तब दूसरे दोस्त भी उनके साथ थे. लंदन में भी एक ग्रुप के साथ शुभमन गिल और अवनीत कौर को स्पॉट किया गया था. लेकिन कभी भी दोनों को अकेले साथ में नहीं देखा गया. यहां तक कि दोनों एक दूसरे को इंस्टाग्राम पर फॉलो भी नहीं करते. लेकिन एक्ट्रेस कई बार भारतीय टीम को सपोर्ट करने स्टेडियम पहुंचती हैं. दुबई में भी वो दिखी थीं, लेकिन अब उन्हें ट्रोल किया जा रहा है.

X पर लोग अवनीत कौर को दोनों के अलग होने की वजह बता रहे हैं. लेकिन हिंदुस्तान टाइम्स के मुताबिक, अवनीत कौर और राघव शर्मा पिछले तीन-चार साल से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं. वहीं राघव शर्मा जो एक प्रोड्यूसर हैं, उनकी शुभमन गिल से अच्छी दोस्ती है. अवनीत कौर भी राघव के जरिए ही शुभमन से मिली थी. हालांकि, राघव शर्मा और अवनीत कौर ने अपने रिश्ते को अबतक ऑफिशियल नहीं किया है. वहीं, अवनीत और शुभमन सिर्फ दोस्त हैं, लेकिन लोग उनकी तस्वीरों पर शुभमन गिल का कमेंट करते हैं. गौरतलब है कि अवनीत टीवी का जाना पहचाना चेहरा हैं. वो फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं.